सुप्रभात
रांची, शनिवार
18.02.2023
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
महाशिवरात्रि आज
* नगर संस्करण । पेज : 12 epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 216 06

महाशिवरात्रि महाधिदेव की विशेष कृपा की रात

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रांची पहुंचे, आज लेंगे शपथ

➲ एयरपोर्ट पर सीएम ने किया स्वागत, रमेश बैस को दी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार शाम को रांची पहुंच गये। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद नये राज्यपाल का स्वागत किया। रांची पहुंचे नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को सीएम हेमंत सोरेन ने पुष्पगुच्छ भेंट किया। एयरपोर्ट में ही नये राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नये राज्यपाल शनिवार सुबह 11:30 बजे राजभवन के बिरसा मुंडा मंडप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी कर ली गयी है। रांची पहुंचते ही नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 11.30 बजे कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश दिलायेंगे शपथ



शुक्रवार को वह स्टेट गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। राधाकृष्णन शनिवार को दिन के 11:30 बजे राजभवन स्थित बिरसा मंडप में नये राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह उन्हें राज्यपाल पद की शपथ दिलायेंगे।

### रमेश बैस महाराष्ट्र रवाना, सीएम ने किया विदा



शुक्रवार की दोपहर निवर्तमान राज्यपाल रमेश बैस महाराष्ट्र रवाना हो गये। सीएम श्री सोरेन ने एयरपोर्ट पर झारखंड के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस को विदाई दी। श्री बैस को एयरपोर्ट पर विदाई देने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई आला अधिकारी पहुंचे थे। इसमें मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव नीतिन मदन कुलकुर्णी, डीआईजी अनीश गुप्ता, डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी कौशल किशोर शामिल थे।

केंद्रीय कोयला मंत्री और मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुए दो करार

## आरयू में 5000 विद्यार्थियों की क्षमता का पुस्तकालय बनेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन और केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी की उपस्थिति में शुक्रवार को रांची में झारखंड सरकार और सीसीएल व ईसीएल के साथ एमओयू हुआ। केंद्रीय मंत्री श्री जोशी शुक्रवार को रांची दौरे पर थे। एमओयू के तहत आरयू स्थित मोरहाबादी कैंपस में पांच हजार विद्यार्थियों की क्षमता का राज्य स्तरीय पुस्तकालय बनाया जायेगा। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड्स कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी मद से इस पुस्तकालय का निर्माण होगा। वहीं, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गोड्डा स्थित महगामा में 300 बेड का आधुनिक सुविधायुक्त अस्पताल निर्माण करायेगा।

### महगामा में बनेगा 300 बेड का आधुनिक अस्पताल



ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) गोड्डा जिले के महगामा में 300 बेड का आधुनिक अस्पताल खोलेगी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं केंद्रीय कोयला तथा खान मंत्री प्रह्लाद जोशी की उपस्थिति में झारखंड मंत्रालय में कोल इंडिया भारत सरकार की अनुषंगी कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के साथ इससे संबंधित एमओयू पर समझौता हुआ।

श्री जोशी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस करार से आम जनता को सुविधाएं मिलेगी। सीएम ने भी हर्ष व्यक्त किया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खान सचिव अबू बकर सिद्दीकी, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी पीएम प्रसाद, डायरेक्टर पर्सनल हर्ष नाथ मिश्रा, जीएम सीएसआर एल बालाकृष्णा, नोडल अधिकारी शंकर झा, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के वेलफेयर, सीएसआर जीएम बीके झा, सीएमडी एपी पंडा, कार्मिक निदेशक आहूति स्वाईं सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

(शेष पेज 11 पर)

## गोड्डा थर्मल पावर प्लांट से अडाणी को होगा फायदा, झारखंड को मिलेगा सिर्फ पॉल्यूशन

➲ अडाणी हैं कौन, कांग्रेस ने शुरू किया देशव्यापी पोल खोल अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, उच्चतम बेरोजगारी और कुशासन की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित विभाजनकारी एजेंडे का दंश झेल रहे देशवासियों के साथ कांग्रेस पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। एक जिम्मेदार विपक्षी दल होने के नाते हम भाजपाई सत्ता के मित्र पूंजीपतियों को सरकारी खजाने लूटने की छूट नहीं दे सकते। कांग्रेस पीएम से संबंधित अडानी महाघोटाले से चिंतित है। पार्टी सरकार को उसकी जिम्मेदारी से भागने नहीं देगी। अतुल लोढे पाटिल शुक्रवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो उपस्थित थे। (शेष पेज 11 पर)




प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व अन्य।

**...और क्या बोले पाटिल :** श्री पाटिल ने कहा कि झारखंड के गोड्डा में बने थर्मल पावर प्लांट से अडानी को अगले 25 सालों में 7410 करोड़ रुपये का फायदा पहुंचेगा। बिजली की आपूर्ति तो बांग्लादेश को होगी, लेकिन झारखंड की जनता को पॉल्यूशन झेलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यूपीए शासनकाल में वर्ष 2010 में एनटीपीसी द्वारा बांग्लादेश के बगेरहाट में 1,320 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिए एक समझौता ज्ञापन हुआ था। पीएम बनने के बाद मोदी ने अपने मित्र अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए जून, 2015 को घोषणा की कि बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति के लिए गोड्डा में अडानी पावर एक थर्मल पावर प्लांट बनायेंगे। अडानी के कुकृत्य को किसी भी हाल में झारखंड में लागू नहीं होने देंगे।

## जस्टिस संजय कुमार मिश्रा बने झारखंड के नये मुख्य न्यायाधीश

➲ अधिसूचना जारी, डॉ रवि रंजन के रिटायर होने के बाद से यह पद खाली था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार मिश्रा झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त किये गये हैं। इस संबंध में भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी राजिंदर कश्यप के हस्ताक्षर से अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी गयी। अभी झारखंड हाईकोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में अपरेश कुमार सिंह कार्य कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर 2022 को जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के नाम की अनुशंसा झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के लिए केंद्र सरकार से की थी।



### ओड़िशा के निवासी हैं नये चीफ जस्टिस

न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा उड़ीसा के रहने वाले हैं। उनके पिता मारकंडा मिश्रा और माता ज्योतिर्मयी मिश्रा हैं। इन्होंने स्कूली शिक्षा टिकरा अपर प्राइमरी स्कूल में की है। 1977 में पृथ्वीराज हाई स्कूल, बोलांगीर से हायर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण की। 1982 में बोलांगीर के राजेंद्र कॉलेज से अपना बीकॉम (ऑनर्स) पूरा किया। इससे आगे एमकॉम 1984 में दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की। फिर एलएलबी की पढ़ाई 1987 में विधि संकाय दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरा किया।

**1999 में बने थे अपर जिला जज :** जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की नियुक्ति 1999 में जयपुर में अपर जिला जज के रूप में हुई थी। सात अक्टूबर 2009 को उड़ीसा हाई कोर्ट के जज नियुक्त हुए। उन्होंने अपने पिता के मार्गदर्शन में बोलांगीर जिले की अदालत में प्रैक्टिस की। जस्टिस मिश्रा ने पीसीएस जे की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया और 1999 में अपर जिला जज जयपुर नियुक्त हुए। वे भुवनेश्वर में सीबीआई के स्पेशल जज के साथ सुंदरगढ़, ढेंकनाल में जिला और सत्र न्यायाधीश, ओडिशा हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार जनरल भी रह चुके हैं। 2009 में ओडिशा हाईकोर्ट के बाद उत्तराखंड हाईकोर्ट के जस्टिस बने।

## अडाणी केस में सुप्रीम कोर्ट खुद बनायेगा जांच कमेटी

➲ केंद्र के सीलबंद वाले लिफाफे को नकारा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अडानी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने केंद्र के सीलबंद वाले लिफाफे के सुझाव को न कह दिया है। कहा कि वह जांच के लिए खुद कमेटी बनायेगा। सुप्रीम कोर्ट इस पूरे में मामले में पारदर्शिता चाहता है। वह किसी तरह की कोताही बरतने के मूड में नहीं है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट आयी थी।

निवेशकों के हित सुरक्षित रखने के लिए केंद्र सरकार ने पैनल गठित करने पर सीलबंद लफिाफे में सुझाव देने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'न' कह दिया है। उसने कहा है कि वह मामले में पूरी पारदर्शिता चाहता है। अडानी ग्रुप कंपनियों के शेयरों में गिरावट में हस्तक्षेप की मांग करने वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने मामले की जांच के लिए समिति के गठन पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।



## पांकी में नहीं निकलेगी शिव बारात

### बैठक में फैसला

■ इंटरनेट बंद, तीसरे दिन भी धारा 144, ड्रोन से रखी जा रही नजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी में महाशिवरात्रि पर तोरणद्वार बनाने को लेकर बुधवार को हुए विवाद के बाद शिव बारात नहीं निकली जायेगी। शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भी धारा 144 सख्ती से लागू है। इस बीच अधिकारियों ने शिव बारात नहीं निकालने का निर्णय लिया है।

वहीं शांति बहाली के लिए दोनों समुदायों के लोगों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें दोनों समुदायों के पांच-पांच लोग शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि मस्जिद में सिर्फ चार लोग ही जुमे का नमाज अदा करेंगे जबकि महाशिवरात्रि के दिन सिर्फ पांच लोग ही मंदिर में पूजा करेंगे।

### पलामू डीसी और एसपी ने की शांति की अपील

पलामू के डीसी ए दोड्डे, एसपी चंदन सिन्हा, रांची से आए आईपीएस अधिकारी, रैप के अधिकारी समेत कई अधिकारियों ने शुक्रवार को पांकी के मस्जिद चौक का जायजा लिया और स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान भारी संख्या में जवान मौजूद थे। पूरे इलाके का जायजा व स्थानीय लोगों से बैठक के बाद अधिकारियों ने बैठक की। इसके बाद अधिकारियों ने पांकी में शिव बारात नहीं निकालने का निर्णय लिया है। शिवरात्रि को लेकर लोगों को भावुक न होने की सलाह दी गयी है। पांकी में महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। विभिन्न थानों की पुलिस के अलावा सुरक्षाबलों की 10 कंपनियों को तैनात किया गया है। इसमें महिला जवानों को भी शामिल किया गया है। पांकी में संवेदनशील इलाके में नजर रखने के लिए कई ड्रोन का सहारा लिया जा रहा है। पलामू के उपायुक्त खुद इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है।

**दोनों पक्ष शांति बनाये रखने को प्रतिबद्ध :** स्थिति पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। पलामू जिले के तमाम वरीय अधिकारी पांकी में कैंप कर रहे हैं। कई दफा बैठक कर ड्यूटी में तैनात अन्य अधिकारी एवं जवानों को दिशा-निर्देश दिया गया है। पांकी थाने में दोनों समुदायों के प्रबुद्ध जनों से बैठक की गयी है। दोनों ओर से शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। 19 फरवरी तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

## बीबीसी के टैक्स दस्तावेजों में पायी गयी कई खामियां

➲ सर्वे के बाद बोला आयकर विभाग ने किया खुलासा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** आईटी डिपार्टमेंट का कहना है कि बीबीसी की टैक्स अदायगी में गड़बड़ी पायी गयी है। विभाग के मुताबिक यह गड़बड़ियां ट्रांसफर प्राइसिंग के दस्तावेजों में पायी गयी हैं। बीबीसी के दफ्तरों में लंबी जांच चली थी। बीबीसी के दफ्तरों पर हाल ही में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीमें पहुंची थी। करीब 60 घंटों तक आयकर विभाग की टीमों ने सर्वे किया था और कई दस्तावेजों को खंगाला था। अब आईटी डिपार्टमेंट का कहना है कि बीबीसी की टैक्स अदायगी में खामी पायी गयी है।

विभाग के मुताबिक यह गड़बड़ियां ट्रांसफर प्राइसिंग के दस्तावेजों में पायी गयी हैं। आईटी डिपार्टमेंट के सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान कुछ अहम सबूत भी पाये गये हैं, जिनसे दस्तावेजों में खामी की बात पता चलती है। कर्मचारियों के बयानों, डिजिटल प्रूफ और दस्तावेजों के आधार पर कुछ जानकारियां मिली हैं, जिनसे इन खामियों का पता चला है। आयकर विभाग ने कहा, दस्तावेजों में समूह की आय और मुनाफा जो अलग-अलग कंपनियों के जरिए दिखाया गया है, वह भारत में उसके कामकाज के पैमाने से मेल नहीं खाता है। ट्रांसफर प्राइसिंग के डॉक्युमेंटेशन में कई खामियां पायी गयी हैं।

## महाशिवरात्रि आज, सजे सभी शिवालय, राज्यभर में सुरक्षा कड़ी

■ देवघर में तय मार्ग से ही निकलेगी भोलेबाबा की बारात

■ देवघर में महाशिवरात्रि पर धारा 144 विलोपित, शिव बारात पर कोई प्रतिबंध नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, देवघर।** महाशिवरात्रि को लेकर पूरे राज्य में सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सभी शिवालय एक दिन पहले से ही रोशनी से जगमग हो उठे हैं। शिव और शक्ति के महामिलन का पर्व महाशिवरात्रि इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए खास है। शनिवार को बन रहे ग्रह नक्षत्रों के संयोग को बेहद ही शुभ माना जा रहा है।

महाशिवरात्रि के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए राज्यभर में स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गयी है। साइबर सेल को सोशल मीडिया पर निगरानी रखने को कहा है, ताकि कोई अफवाह फैलने से रोका जा सके।

(शेष पेज 11 पर)

### बाबाधाम में धूमधाम से निलेगी शिव बारात



देवघर के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को बताया कि परंपरागत शिव बारात पर कोई प्रतिबंध नहीं है। जिला प्रशासन ने देवघर जिला मुख्यालय अंतर्गत महाशिवरात्रि के दौरान विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के अलावा शिव बारात रुटलाइन के बदलाव की संभावना को देख एसडीओ ने धारा 144 लागू किया था लेकिन इसमें कोई संदेह की उत्पत्ति न हो इसी उद्देश्य से इसे विलोपित किया जाता है। डीसी ने कहा कि शिव बारात महोत्सव समिति के अधिकारियों से अनुरोध है कि नोडल पदाधिकारी से अविलंब समन्वय स्थापित करते हुए शिव बारात के आयोजन को सफल बनायें।

**हाइकोर्ट ने सांसद की याचिका ठुकरायी :** देवघर में शिव बारात के दौरान धारा 144 लागू करने एवं शिव बारात का मार्ग बदलने के खिलाफ सांसद निशिकांत दुबे की झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका को हाईकोर्ट ने निष्पादित कर दिया। अदालत ने जिला प्रशासन के फैसले को जायज ठहराया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान देवघर डीसी से मोबाइल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बात भी की। कोर्ट ने कहा कि जिला प्रशासन देवघर में शिव बारात का रास्ता नहीं बदल सकता, क्योंकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह वर्षो से तय रास्ता है।

## आज आधे दिन का बंद कर कृषि विधेयक का विरोध करेंगे व्यापारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक के विरोध में लगातार तीन दिनों से जारी हड़ताल के बाद सरकार पर दबाव बनाने के लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स ने 18 फरवरी को आधे दिन के बंद का एलान किया है। चैंबर की बंदी को 12 संगठनों का समर्थन है। शुक्रवार को चैंबर में व्यापारियों की बैठक में इस पर निर्णय लिया गया। बंद करनेवालों में रासमा, जेटा, गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, कोकर व्यापार संघ, लालपुर व्यापार संघ, झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ समेत अन्य का समर्थन है। वहीं प्लाईवुड एसोसिएशन ने दिन भर व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया है। इधर, तीसरे दिन के प्रदर्शन के साथ ही जगह-जगह व्यापारियों का विरोध प्रदर्शन और धरना जारी रहा।

> सरकार ने अब तक कोई पहल नहीं की है। जब तक सरकार विधेयक वापस नहीं लेती है, तब तक राज्य में आंदोलन जारी रहेगा। व्यापारियों की एक ही मांग है कि सरकार विधेयक वापस ले।
> - डॉ अभिषेक रामाधीन, चैंबर महासचिव

### न्यूज डायरी

**करांची में पुलिस मुख्यालय पर आतंकी हमला, गोलीबारी**

**कराची।** पाकिस्तान से सबसे घनी आबादी वाले शहर कराची में शुक्रवार को अज्ञात हथियारबंद आतंकियों ने पुलिस प्रमुख कार्यालय पर हमला कर दिया। अर्धसैनिक बलों और हमलावरों के बीच भीषण गोलीबारी शुरू हो गयी। पुलिस हेडक्वार्टर में घुसे आतंकी भारी विस्फोटक से लैस हैं। गोलीबारी और धमाकों की लगातार आवाज सुनाई पड़ रही है। पुलिस कार्यालय के अंदर कम से कम 8-10 आतंकवादी हैं और दोनों ओर से गोलीबारी जारी है।

**लोहरदगा में नाबालिग से दुष्कर्म, चार धराये**

**लोहरदगा।** दो नाबालिगों के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, सभी नाबालिग बताये जा रहे हैं। दोनों पीड़िता भी नाबालिग है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है। भंडरा के एक गांव से दूसरे गांव में बारात में शामिल चार नाबालिग लड़के ने इस घटना को अंजाम दिया।

**मंत्री चंपई सोरेन की तबीयत बिगड़ी**

**रांची।** राज्य के आदिवासी कल्याण और परिवहन मंत्री चंपई सोरेन की तबीयत शुक्रवार को बिगड़ गई, जिसके बाद सदर अस्पताल के डॉक्टरों की टीम उनके मोरहाबादी स्थित आवास पहुंचकर जांच की। उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में भी चंपई सोरेन का शुगर लेवल कम हो गया था, जिसके बाद उन्हें जमशेदपुर के टीएमएच हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था।

**नक्सलियों ने पंचायत भवन उड़ाया, दहशत**

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कदमडीहा पंचायत के गितिलपी में माओवादियों ने गुरुवार देर रात बम धमाके से नक्सलियों ने पंचायत भवन को उड़ा दिया। साथ ही एक पुलिस को भी विस्फोट कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। ये घटना रात करीब एक बजे की है। इन नक्सली वारदातों से इलाके में दहशत का माहौल है। शुक्रवार सुबह लोगों को पंचायत भवन को विस्फोट कर उड़ाए जाने की जानकारी मिली।

**अरगोड़ा थानेदार को इडी ने भेजा नया समन**

**रांची।** झारखंड में सरकार गिराने की साजिश से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में रांची के अरगोड़ा थाना प्रभारी बिनोद कुमार सिंह को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नया समन जारी किया गया है। ईडी के अधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें 23 फरवरी को सुबह 11 बजे रांची के क्षेत्रीय कार्यालय आने को कहा गया है।

**दूसरा टेस्ट : पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के 263 रन**

**नयी दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरा टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 263 रनों पर सिमट गयी है। जवाब में भारतीय टीम ने बिना विकेट गंवाये 21 रन बना लिये हैं।

**राहुल गांधी मामले में अगली सुनवाई 17 को**

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से राहत जारी है। इस मामले में अब 17 मार्च को अगली सुनवाई होगी। अगले आदेश तक उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं की जा सकेगी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 68,000 रु./प्रति किलो |

**86 स्थानों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस अफसर तैनात**

# महाशिवरात्रि में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी, सोशल मीडिया पर कड़ी नजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** महाशिवरात्रि पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से आदेश जारी किया है। विधि-व्यवस्था एवं राज्य कार्यकारिणी समिति के आदेशों का पालन कराने के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्तियां 18 मार्च 2023 के प्रातः 04:00 से पूजा समारोह के समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को लगातार भ्रमणशील रहकर किसी भी प्रकार के जुलूस पर नजर रखने और विधि व्यवस्था संधारण का आदेश दिया गया है। साथ ही सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

महाशिवरात्रि के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण के लिए 15 विभिन्न सुरक्षित थानों में थाना से एक पदाधिकारी एवं शहर के विभिन्न 86 स्थानों में स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। जिला कम्पोजिट कंट्रोल रूम में पवन कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर, रांची एवं पुलिस उपाधीक्षक, नगर नियंत्रण कक्ष, रांची को वरीय प्रभार में प्रतिनियुक्त किया गया है। इन्हें किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर अभिलंब वरीय पदाधिकारियों को सूचित करने एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यकतानुसार प्रस्थान करने का निदेश दिया गया है।

अग्निशाम पदाधिकारी, ऑड्रे हाउस, धुर्वा, डोरंडा को क्षेत्रवार स्थलों पर एक-एक अग्निशाम दस्ता की प्रतिनियुक्ति वाहन के साथ सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। सिविल सर्जन, रांची को जिला नियंत्रण कक्ष में दो एंबुलेंस, चिकित्सक दल को आवश्यक उपकरण तथा जीवनरक्षक दवाओं के साथ प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। वहीं साफ-सफाई, पेयजल, चलंत सुलभ शौचालय की व्यवस्था के लिए उप नगर आयुक्त, रांची नगर निगम को निर्देशित करते हुए सभी प्रमुख शिवालयों के आसपास साफ-सफाई पीने के पानी ब्लीचिंग इत्यादि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक यातायात जीतवाहन उरांव को यातायात बल एवं पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त कर सुगम यातायात की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

सभी बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी को समन्वय स्थापित कर अपने क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर सतत एवं कड़ी निगरानी रखते हुए विधि-व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया गया है। सभी पुलिस उपाधीक्षक, रांची जिला को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिबंधित मांस, धर्म विरोधी गतिविधियों सांप्रदायिक भावना भड़काने वाले गाने, सोशल मीडिया द्वारा शेयर किए जाने वाले संवाद, गीत इत्यादि पर कड़ी नजर रखना सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही उक्त आलोक में आवांछित तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक साइबर सेल को सोशल मीडिया पर निगरानी रखने का निदेश दिया गया है।

**दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति**

1. कोतवाली थाना, लालपुर थाना, लोअर बाजार, डेली मार्केट, हिंदपीढी थाना।
प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी- अमित भगत, अंचल अधिकारी, शहर, रांची।
प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी - पुलिस अवर निरीक्षक, उत्तक कुमार राय, लोअर बाजार।
2. बरियातू थाना, सदर थाना, खेलगांव ओपी।
प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी - विजय केरकेप्ता, अंचल अधिकारी, ओरमांझी।
प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी - पुलिस अवर निरीक्षक, कमल किशोर पाण्डेय, सदर थाना
3. अरगोड़ा थाना, एयरपोर्ट, जगन्नाथपुर थाना, डोरंडा थाना, पुनदाग ओपी, धुर्वा थाना।
प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी - अरविंद कुमार ओझा, अंचल अधिकारी, अरगोड़ा।
प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी - पुलिस अवर निरीक्षक, असित कुमार लकड़ा, अरगोड़ा थाना।
4. सुखदेवनगर थाना, गोंदा थाना, पण्डरा ओपी।
प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी - ओम प्रकाश मंडल, अंचल अधिकारी, हेहल।
प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी - पुलिस अवर निरीक्षक, निर्मल कुमार मंडल, पण्डरा ओपी।

## रूफ टॉप बार, लाउंज और हुक्का बार के खिलाफ दायर पीआइएल खारिज

**रांची।** कथित तौर पर रांची में किशोरियों को शराब और हुक्का परोसने वाले रूफटॉप बार और लाउंज के खिलाफ हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका खारिज कर दी गई है। झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद याचिका खारिज कर दी है। इस संबंध में सुनील सिंह के द्वारा जनहित याचिका दाखिल की गई थी। जिसमें कहा गया था कि राजधानी के कई रूफटॉप बार एवं लाउंज 25 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शराब और हुक्का परोस रहे हैं। अधिवक्ता नवीन कुमार ने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि शहर में ऐसा हर दिन हो रहा है। जिसके बाद कोर्ट ने दुबारा जनहित याचिका दाखिल करने की छूट के साथ याचिका खारिज कर दी। जनहित याचिका में उत्पाद एवं मद्य निदेशक, डीजीपी, एसएसपी एवं कई अंचल अधिकारियों को प्रतिवादी बनाया गया था। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में बताया गया कि पीआइएल में जो बातें कही गई हैं उससे संबंधित कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है।

**सांसद खेल महोत्सव का होटवार में रंगारंग उद्घाटन**

# खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं पीएम नरेंद्र मोदी : प्रहलाद जोशी

**खेल महोत्सव से प्रतिभा को आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी : संजय सेठ**

**निशिथ प्रमाणिक ने कहा- खेल के क्षेत्र में हर संभव मदद करेंगे**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद खेल महोत्सव का शुक्रवार को रांची के होटवार स्थित खेलगांव में रंगारंग आगाज हो गया। इसका उद्घाटनकर्ता केंद्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी ने किया। श्री जोशी ने कहा कि खेल जगत को दुरूस्त करने से राष्ट्र मजबूत होगा। प्रधानमंत्री बनने के बाद नमो ने भारतीय खेल जगत को कई उपलब्धियां दी है। 2014 के पहले खेल की क्या स्थिति थी, किसी से छुपी हुई नहीं है। उन्होने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए देश के खिलाड़ी जीत कर या हार कर आते हैं लेकिन, उनका मनोबल बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री खुद सबसे स्वयं मिलकर बात करते हैं। यह देश में पहली बार हुआ है। खेलो इंडिया के तहत देश के हर गांव से प्रतिभा को अवसर मिला है। इस निमित्त या कार्यक्रम पूरे देश भर में चलाए जा रहे हैं। झारखंड ने देश को कई प्रतिभा खिलाड़ी दिया है। इसमें जयपाल सिंह मुंडा, महेंद्र सिंह धोनी, सौरभ तिवारी, दीपिका कुमारी सहित कई राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। केंद्र सरकार ने 1000 खेल सेंटर खोलने का भी निर्णय लिया है। इसके पहले कार्यक्रम की शुरूआत खिलाड़ियों के मार्च पास्ट के साथ हुई। इसमें 12 स्कूल के बच्चों द्वारा सारे जहां से अच्छा गीत पर बैंड की धुन पर प्रस्तुति की गई। इस मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि झारखंड प्रतिभा संपन्न राज्य है। जरूरत है इन खेल प्रतिभाओं को सामने लाने की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों की राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनें, इसके लिए खेल का आयोजन किया जा रहा है।

मौके पर खेल राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं। 2024 तक सभी जिलों में स्पोर्ट्स सेंटर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कर सके, इसलिए खेलो इंडिया सहित अन्य माध्यम से खेल को प्रोत्साहित किया जा रहा है। देश की बेटियां भी खेल के हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद करूंगा। केंद्रीय मंत्री द्वारा पदमश्री मुकुल नायक एवं मंजू मंसूरी को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, पूर्व सांसद अजय मारु, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गी, मधुकांत पाठक, शिवेंदू दुबे, चंचल भप्ताचार्य, संदीप वर्मा, विनय जयसवाल, नीरज सिंह, केके गुप्ता, सुरेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर शिव बारात की तैयारी



**खबर एक नजर में**

### जेएससीए स्टेडियम में एटीएस का मॉकड्रिल



रांची। झारखंड एटीएस ने रांची के जेएससीए स्टेडियम में मॉक ड्रिल किया। गौरतलब हो कि जी- 20 सम्मिट के मददेनजर एटीएस कमांडो के द्वारा मॉकड्रिल किया गया, उक्त मॉकड्रिल में काल्पनिक रूप से बंधक बनाए हुए व्यक्तियों को आधुनिक हथियारों से लैस हीट टीम के द्वारा कौशल प्रदर्शन किया गया।

### हाइकोर्ट में सर्विस लॉ सेमिनार

**रांची।** एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाईकोर्ट की ओर से हाईकोर्ट के व्हाइट हॉल में सर्विस लॉ सेमिनार का आयोजित हुआ। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश अपरेश कुमार सिंह, न्यायधीश एस चंद्रशेखर, न्यायधीश आनंदा सेन, न्यायधीश एसएन पाठक ने शिरकत की। इस दौरान काउंसिल एवं एसोसिएशन के सदस्यों के अलावा कई अधिवक्ता मौजूद रहे। इस मौके पर कई न्यायाधीशों और वकीलों ने अपने विचार रखे। यह जानकारी हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के सचिव नवीन कुमार ने दी।

### मुंडा समाज की पत्रिका सरजोम बारू का केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया लोकार्पण



रांची। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को भारत मुंडा समाज की अर्ध वार्षिक पत्रिका सरजोम बारू का विमोचन किया। यह आयोजन रांची स्थित आवास में किया गया। इस अवसर पर दो अन्य पुस्तक अग्निपथ के पथिक और मसकाल नामक दो पुस्तकों का भी लोकार्पण किया। ये दोनों पुस्तकों की लेखिका स्व सुशीला सामंत हैं। जिसे भारत मुंडा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एतवा मुंडा ने किया है। श्री मुंडा ने समाज को पत्रिका के लिए बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### अभाविप के सदस्य अर्जुन मुंडा से मिले

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंतर राज्य जीवन दर्शन कार्यक्रम के तहत पूर्वोत्तर राज्यों से आये छात्र छात्राओं के साथ जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आवास में मिले। श्री मुंडा ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। छात्र छात्राओं के साथ संवाद स्थापित किया। उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मेघालय, मिजोरम, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश से आये छात्र छात्राओं ने श्री मुंडा से जानना चाहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए क्या काम कर रही है। श्री मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर राज्यों का चहुंमुखी विकास हो रहा है। पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री 50 बार से अधिक इन राज्यों का दौरा कर चुके हैं। इस बार कैबिनेट में सीमावर्ती राज्यों के गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए योजना बनी है। श्री मुंडा ने बताया कि पूर्वोत्तर राज्यों में जनजातीय बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं।

## उप नगर आयुक्त ने जी 20 समिट की तैयारी पर समीक्षा बैठक की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार ने जी-20 की बैठक को सफल बनाने के लिए शुक्रवार तैयारियों की समीक्षा की। जिसमें अभियंत्रण शखा, स्वच्छता शाखा, विद्युत शााखा, इंफोर्समेंट शााखा एवं हॉर्टिकलचल शाखा से आवंटित कार्यों की जानकारी ली।

बैठक में शहर को प्लास्टिक मुक्त रखने एवं सभी सड़कों तथा संपर्क पथों की सफाई करने का निर्देश दिया। उप नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि एयरपोर्ट से आते हुए हिनू चौक, अरगोड़ा चौक, हरमू चौक होते हुए कांके रोड तक पूरी सफाई की जाए। विद्युत शाखा को निर्देश दिया कि जितने भी आकर्षक लाइटों का अधिष्ठापन किया जाना है, उसका ट्रायल भी करें। उप नगर अयुक्त ने हॉर्टिकलचर शाखा को सभी चौक चौराहों पुष्प लगाने एवं नियमित रुप से पानी डालने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वच्छता शाखा को यह भी निर्देश दिया कि मुख्य चौराहों पर जितने भी गणमान्य लोगों की प्रतिमाएं स्थापित है उनकी हर रोज पूर्ण सफाई की जाए। इसके अलावा नगर प्रबंधक मुख्य मार्गों पर अगर जल जमाव की समस्या है तो उसे तत्काल दुरस्त करने किया जाए। इंफोर्समेंट शाखा को भी यह कहा कि सड़कों के किनारे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो पाए। अभियंत्रण शाखा को यह निर्देश दिया गया कि जिन नालियों के स्लैब टूटे हुए हैं उसे दुरस्त करें।

## आशीर्वाद सामूहिक विवाह समारोह में 11 कन्याओं का पाणिग्रहण संस्कार आज

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग रांची महानगर इकाई के सहयोग से लायंस क्लब ऑफ रांची समर्पण की ओर से आज 8 बजे से श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में 11 कन्याओं का पाणिग्रहण संस्कार होगा। इस समारोह में विहिप के उपाध्यक्ष सह बिरसा सेवा न्यास के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत एवं विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि 11 कन्याओं के आशीर्वाद सामूहिक विवाह में पालकोट, बसिया, गुमला, नगड़ी, कांके आदि के शामिल हैं। विहिप का प्रयास रहा है कि सनातन पर्वों जैसे तुलसी विवाह, राम-जानकी विवाह और महाशिवरात्रि को सामाजिक पर्व के रूप में मनाकर आशीर्वाद सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाए। लायंस क्लब ऑफ रांची समर्पण की अध्यक्ष आरती झा के प्रयासों से यह कार्यक्रम हो रहा है। विवाह के बाद सभी कन्याओं को सामान एवं वस्तुएं एवं विवाह का प्रमाण- पत्र दिया जायेगा।

# झारखंड के आर्थिक विकास में बेहतर योगदान दे रहे हैं बैंक : रामेश्वर उरांव

**एसएलबीसी की बैठक**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के सदस्य बैंक राज्य के विकास में बेहतर आर्थिक योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बैंकों से राज्य के ग्रामीण जनता के हित को देखते हुए काम करने को कहा। रामेश्वर उरांव शुक्रवार को होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित एसएलबीसी की बैठक के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस मौके पर एसएलबीसी के अध्यक्ष सह बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक एम कार्तिकेयन मौजूद थे।

रामेश्वर उरांव ने राज्य सरकार द्वारा पेश किये जानेवाले अगामी बजट का जिक्र करते हुए बैंकों के अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित बजट पूर्व गोष्ठी में शामिल होकर सलाह दें। उन्होंने कहा कि झारखंड एक कृषि प्रधान राज्य है। राज्य के विकास में किसानों की अहम भूमिका है। इसको देखते राज्य के सरकारी और गैर सरकारी बैंक किसानों को कृषि लोन देने में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा घोषित गुरूजी स्टूडेंट लोन की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार इस योजना को लागू करने के लिए संकल्पित है। इस मसले को लेकर सरकार क्या करने जा रही है, इसे बजट से पूर्व बताया नहीं जा सकता।

इस मौके पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के अध्यक्ष एम कार्तिकेयन ने कहा कि देश एवं राज्य के आर्थिक विकास तथ वित्तीय समावेशन में बैंकों की अह्म भूमिका है। उन्होंने वित्त मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य के अग्रणी बैंक राज्य में बैंकिंग सुविधा बढ़ाने के लिए तीन हजार से ज्यादा आबादीवाले गांवों में मार्च 2023 तक बैंकिंग शखा खोलने का लक्ष्य रखा है।

**टीपीसी एरिया कमांडर सुकेश का रांची पुलिस के समक्ष खुलासा**

# टीपीसी का फरमान, जो नहीं देगा लेवी, उनके वाहन को जला दो...

**कुबेर सिंह**

**रांची।** हाल ही में पुलिस मुखबिर राजा साहेब हत्याकांड में गिरफ्तार टीपीसी एरिया कमांडर सुकेश ने रांची पुलिस के समक्ष खुलासा किया है। खुलासे में सुकेश ने बताया कि टीपीसी की ओर से उसके कैडरों को निर्देश दिया गया है कि कोयला ट्रांसपोर्ट, स्टोन माइंस, सड़क और भवन निर्माण जैसे साइट्स पर पहले इंटरनेट के माध्यम से लेवी की डिमांड करें। नक्सलियों के शीर्ष नेताओं ने कहा कि साइट पर जाकर एक दो वाहनों को आग के हवाले कर दें, ताकि संगठन का खौफ कारोबारियों के बीच बना रहे और वे लेवी का भुगतान करते रहें। पुलिस को दिए इकबालिया बयान में सुकेश ने बताया कि अप्रैल, 2021 में टीपीसी नक्सलियों ने चतरा जिले के टंडवा के आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला ढुलाई में लगे कंपनी के दो हाईवा को सिर्फ इसलिए जला दिया गया था, क्योंकि ट्रांसपोर्टर ने टीपीसी को पैसे देने से इनकार कर दिया था।

**एनआइए ने नक्सलियों का आर्थिक तंत्र तोड़ा** : टीपीसी के गिरफ्तार उग्रवादी ने पुलिस को यह भी बताया है कि टेरर फंडिग मामले में एनआईए की नकेल जब से कसा गया है, उसके बाद से ही टीपीसी का अर्थतंत्र टूट गया है। खासकर छोटे कैडरों के पास पैसे ना के बराबर पहुंच रहे हैं। ऐसे में संगठन के छोटे कैडर को भी यह आदेश दिया गया है कि छोटी-छोटी टुकड़ियां बनाकर कंस्ट्रक्शन कंपनियों पर हमला करें। बताया गया कि नोटबंदी के बाद संगठन को बहुत बड़ा नुकसान हुआ था। उससे उबरने की कोशिश संगठन कर ही रहा था कि कोविड- 19 संक्रमण आ गया।

**पैसे की फूट के कारण गोलबंद नहीं हो सका संगठन** : गौरतलब हो कि उग्रवादी संगठन टीपीसी की कमाई का जरिया चतरा के मगध आम्रपाली कोल परियोजना है। यहां पूर्व से एनआईए ने दबिश दी है। जिसके बाद टीपीसी का वर्चस्व कम हुआ है। एनआईए जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ है क विस्थापितों के नाम पर कमेटी बनाकर टीपीसी के द्वारा अवैध वसूली की जा रही थी। कमेटी के जरिए वर्ष 2018 तक कोल ट्रांसपोर्टरों से प्रति ट्रक एक हजार रूपए से लेकर 1500 रूपए की वसूली की जाती है। एक ओर जहां झारखंड पुलिस की नजर टीपीसी की गतिविधियों पर है वहीं एनआईए भी टेरर फंडिग मामले में लगातार अपनी नजर बनाए हुए है।

**13 जनवरी, 2023 को बुढ़मू में हुई थी नक्सली मुठभेड़** : गौरतलब हो कि रांची के बुढ़मू इलाके में पुलिस और टीपीसी के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया था। यह उग्रवादी इलाके में लेवी वसूलने के लिए आया था। एक एके-47 और 27 कारतूस बरामद किया था।

**अतिरिक्त आय की साधन बनेगी बिरसा हरित ग्राम योजना**

# तीन वर्ष में फलदार पौधा लगाने, लाभुकों की संख्या और रकबा में 10 गुना वृद्धि दर्ज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** श्वेता कुमारी अब आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। उसे अपनी ही खेत से फलों के साथ-साथ कृषि के जरिये मौसमी सब्जियां भी प्राप्त हो रही है। इससे श्वेता को अपने जीवन के निर्वहन में पूर्व की तरह परेशानी नहीं हो रही है। लातेहार के बारियातु पंचायत के गाड़ी गांव निवासी श्वेता की ही तरह राज्य के हजारों ग्रामीण बिरसा हरित ग्राम योजना के साथ-साथ अंतः कृषि का लाभ ले ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तीकरण में अपना योगदान दे रहे हैं। राज्य के ग्रामीण इलाकों में आम के मंजर की खुशबू फैला रहे हैं। तीन वर्ष पूर्व बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगाये गये आम के पौधे अब फल देने को तैयार हो गये हैं।



दरअसल, कोरोना संक्रमण काल में इसकी नींव मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रखी थी। आज वही नींव ग्रामीणों के लिए आय का मजबूत आधार बन रहा है। विगत तीन वर्ष में किये गये मेहनत का परिणाम है कि वित्त वर्ष 2020-21 से अबतक फलदार पौधा लगाने, लाभुकों की संख्या एवं भूमि में लगाये गये पौधों के रकबा में दस गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। ग्रामीणों को अतिरिक्त आय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फलदार पौधा उपलब्ध कराने की योजना ने सही मायने में विगत तीन वर्ष में गति मिली है। उपरोक्त सभी में दस गुना से अधिक वृद्धि तीन वर्ष में दर्ज की गई।

**फलदार पौधारोपण में गुमला आगे** : योजना के तहत पूरे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में फलदार पौधा ग्रामीणों की मांग के अनुरूप उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन, गुमला के लोगों ने आगे बढ़कर सबसे अधिक योजना का लाभ लिया। यहां के 12,599 लाभुकों ने अपनी भूमि पर फलदार पौधा लगाया है। दूसरे स्थान पर खूंटी के 8062 लाभुक, तीसरे स्थान पर पश्चिमी सिंहभूम के 6460 लाभुकों, चौथे स्थान पर रांची के 5875 लाभुकों एवं पांचवें स्थान पर गिरिडीह के 4544 लाभुकों ने योजना का लाभ लेकर अतिरिक्त आय का साधन का मार्ग प्रशस्त किया है।

**फलों के साथ सब्जी की भी खेती**
ग्रामीण अपनी खेतों में फलदार पौधे लगा रहें हैं। फलों के पौधों के आस पास कृषि की प्रणाली भी अपना रहे हैं। इन पौधों के आस पास मौसमी सब्जी की खेती भी हो रही है। जिससे इनके आय में वृद्धि भी हुई है। इस विधि से फलदार पौधों को सब्जियों के साथ समय पर पानी और खाद मिल जाता है।

## हवाई जहाज के शौचालय में सिगरेट पीने वाली ब्लॉगर को जेल

**रांची।** मुंबई से रांची आ रहे इंडिगो के विमान के शौचालय में सिगरेट पीते हुए जमशेदपुर निवासी ऐश्वर्या राय नाम की महिला को एयरपोर्ट थाना पुलिस ने जेल भेज दिया है। विमान के रांची एयरपोर्ट पर लैंडिंग के उपरांत उक्त महिला को इंडिगो के कर्मियों के द्वारा एयरपोर्ट थाना रांची को सुपुर्द किया गया था। इंडिगो एयरलाइंस के प्रबंधक के आवेदन के आधार पर आरोपी महिला के खिलाफ एयरपोर्ट थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवती को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बता दें कि जमशेदपुर निवासी आरोपी युवती मुंबई एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को धूल झोंक कर माचिस और सिगरेट के साथ जहाज में सफर कर रही थी। ऐश्वर्या ने दावा किया है कि उसने शाहरुख खान की फिल्म पठान को लेकर एक ब्लॉग लिखा था। उसी सिलसिले में वह शाहरुख खान से मिलने के लिए मुंबई गई थी।

# ई-कचरे से पर्यावरण व स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान होता है : विशेषज्ञ

## झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने प्रबंधन के छात्रों संग कराया विशेषज्ञों का पैनल डिस्कशन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने प्रदूषण पर अंकुश लगाने और आम लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए शुक्रवार को ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक्स-कचरे) पर विशेषज्ञों की चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन वनभवन के पलास सभागार में कराया गया। इसमें विशेषज्ञों ने कहा कि अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक्स में बेरिलियम, कैडमियम, मरकरी सहित और कुछ प्रकार के जहरीले पदार्थ होते हैं, जो हमारी मिट्टी, पानी, हवा और वन्यजीवों के लिए गंभीर पर्यावरणीय जोखिम पैदा करते हैं। जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरणीय नुकसान होता है। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष शशिकर सामंत ने कहा कि हमें एक साथ व्यवस्थित ई-कचरा (अपशिष्ट) संग्रह और इस पर सामुदायिक शिक्षा की दिशा में काम करना है और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड इस प्रयास को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव वाईके दास ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार पृथ्वी पर प्रत्येक व्यक्ति औसतन 7.6 किलोग्राम ई-कचरा (अपशिष्ट) पैदा कर रहा है। इस बढ़ती समस्या से निपटने के लिए केन्द्रीय पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) और झारखंड राज्य पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड (जेएसपीसीबी) द्वारा कई पहल की गयी है, लेकिन उनमें से कोई भी बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं की सक्रिय भूमिका और सही शिक्षा के बिना पूरी तरह से प्रभावी नहीं हो सकती है।

प्रमुख वक्ताओं में डॉ दिनेश कुमार सक्सेना, अवर मुख्य वन संरक्षक, प्रशांत बोस, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट, हेड टेक्निकल, हिंडाल्को मूरी यूनिट, डॉ गंगा प्रसाद सिंह, डायरेक्टर, आइएसएम रांची, अर्चना शरण, जीएम ऑटोमेशन, सीएंड आइटी सेल-आरडीसीआईएस, डॉ बी संतोष रमेश, उप प्रबंधक, पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुभाग, मेकॉन, देबनाथ बेरा, सीइओ रांची पार्टनर्स मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स प्रइवेट लिमिटेड थे।

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा ई-कचरा (इलेक्ट्रॉनिक-अपशिष्ट) प्रबंधन पर विशेषज्ञों की पैनल डिसकशन कार्यक्रम में एक्सआइएसएस, रांची, अमिटी विश्वविद्यालय, आइएसएम पुंदाग, आइसीएफएआइ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। साथ ही टाटा मोटर्स, टाटा पावर, इनलैंड पावर, हिण्डाल्को मुरी सहित कई इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि हिस्सा लिये।

वक्ताओं ने विचार रखा कि टीवी, सेल फोन, लैपटॉप, टैब और रेफ्रिजरेटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बढ़ती मात्रा का एक सीमित जीवनकाल होता है, जिसके कारण उन्हें बार-बार बदलने की आवश्यकता होती है, जिसके परिणाम स्वरूप ई-कचरा का निरंतर वृद्धि होता है।

दुनियाभर के देश अभी भी सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और विशाल ई-कचरे के कारण प्राकृतिक पर्यावरण को तेजी से गिरावट से चाने के लिए प्रभावी प्रयास करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद लोगों के बीच विशेषकर छात्रों के बीच ई-कचरा कितना खतरनाक है, इसके बारे में जागरूकता पैदा करने का प्रयास कर रहा है।

# एडवेंटिस्ट कॉलेज के दो दिवसीय आर्ट फेस्टिवल-2023 का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मेटास एडवेंटिस्ट कॉलेज बरियातू रोड में 16 फरवरी से आरंभ दो दिवसीय आर्ट फेस्टिवल 2023 का शुक्रवार को पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, वेजिटेबल एवं फ्रूट कार्विंग कम्पीटिशन, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं मेमोरी कान्टेस्ट जैसे विभिन्न इवेंटो के साथ संपन्न हुआ। फेस्टिवल के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रतिभागियों ने डिजिटल इंडिया विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता में अपने विचारों को रखा।

**प्रतियोगिताओं के परिणाम**

**कविता पाठ (हिंदी) :** एकता खलखो-प्रथम, सोनाली बेक एवं श्रेया तिर्की द्वितीय तथा सुशीला हेंब्रम तृतीय विजेता रहीं।

**कविता पाठ (अंग्रेजी) में :** प्रथम स्थान-दिव्या कुमारी प्रथम, एनी जॉर्ज द्वितीय तथा दीपाश्रेया तृतीय विजेता रहीं।

**हेयर स्टाइलिंग में :** हेलेन कुमारी और दीप्ति कुजूर प्रथम, शिवानी महतो और निकिता सिंह द्वितीय, रोजलिंग सोरेंग और नमीनी तृतीय स्थान पर रहीं।



**रंगोली प्रतियोगिता में :** प्रथम स्थान-दीपा श्रेया और प्रीति प्रथम, आस्था गुप्ता और सुशीला तिर्की द्वितीय तथा फरहीन अब्बास और फरहत जाबी तृतीय विजेता रहे।

**संतावना पुरुस्कार :** सुप्रिया महतो और अनामिका कुमारी को दिया गया।

लिविंग स्टेच्यू प्रतियोगिता में धान थापा और ग्रुप प्रथम, सपना मांझी और ग्रुप द्वितीय, दीपिका कुमारी और ग्रुप तृतीय तथा अलीशा टोप्पो और ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में नैंसी तिर्की प्रथम, नेहा मरांडी द्वितीय, व निंगशीमिंग कसार तृतीय विजेता रहे। वेजिटेबल एवं फ्रूट कार्विंग में नूतन एक्का एंड ग्रुप प्रथम, ऐनी जॉर्ज एंड ग्रुप द्वितीय तथा नेहा अवंजेला मरांडी और ग्रुप तृतीय विजेता रहे। सांत्वना पुरस्कार दीपिका कुमारी एंड ग्रुप को दिया या। वाद विवाद प्रतियोगिता (हिंदी) में एकता खलखो प्रथम, बेबी बनर्जी द्वितीय, सुशीला हेम्ब्रम तृतीय विजेता रहीं। आस्था गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता (अंग्रजी) में मोक्षित शुभाकर प्रथम, आकांक्षा श्रेया तिर्की द्वितीय, दिव्या कुमारी तृतीय विजेता रहीं। मोनिका रानी को सांत्वना पुरस्कार। मेमोरी कॉन्टेस्ट में रूथमनी किस्पोट्टा, प्रथम, सुजाता महतो द्वितीय, मोक्षित नारलापत्ती तृतीय विजेता रहे। निर्णायक मंडली में मर्लिन मोहन, सुनीता सुरीन, मेलिसा कुजुर, एंजलीन, रवि दारा संध्या लेलिन, अलफोंस थॉमस, अंजुलि सोरेन, ऑलिव कुजूर, साधना, हन्ना एलिजाबेथ एवं आलोक नारायण वर्मा व अन्य शिक्षक शामिल थे। इस फेस्टिवल के सफल आयोजन में एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट सी मुर्मू, वाइस प्रेसिडेंट फाइनेंस बॉबी जेम्स, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट एवम रजिस्ट्रार विजय राज, प्रिंसिपल मर्लिन मोहन, वाइस प्रिंसिपल सुनीता हांसदा, ऑलिव कुजूर, सुशील कुजुर, डेविड डांग, प्रेमशिला बाड़ा अन्य शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार आस्था गुप्ता और फरहीन अब्बास तथा ललिता कुमारी और सोनाली खलखो को दिया गया। इसके अलावा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कांटेस्ट में एकता खलखो ग्रुप को प्रथम, एस्थर हेरेंज ग्रुप द्वितीय, पिंकी हंसदा ग्रुप तृतीय विजेता रहीं। सात्वना पुरस्कार एनी जॉर्ज ग्रुप को दिया गया।

# अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें : इलानी पूर्ती

## गोस्सनर कॉलेज में वीर बुधु भगत की जयंती मनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज रांची में शुक्रवार को शहीद वीर बुधु भगत की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम वीर बुधु भगत की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि की गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर इलानी पूर्ती ने कहा कि वीर बुधु भगत देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनका एकमात्र लक्ष्य था देश को गुलामी की जंजीर से बाहर निकालना। उसी तरह विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारण कर उसे पाने के लिए कोशिश करनी चाहिए। इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विनय जॉन ने कहा कि विद्यार्थियों को वीर बुधु भगत सहित झारखंड के अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को भी जानने की जरूरत है। मानव शास्त्र विभाग के डॉ योताम कुल्लू ने कहा कि जो समाज अपना इतिहास नहीं जानता वह समाज अपना अस्तित्व भी खो देता है। मौके पर प्रोफेसर हेमंत कुमार टोप्पो, डॉक्टर कोरनेलियुस मिंज, प्रोफेसर अमरदीप टोपनो, फ्रांसिस मुर्मू आदि थे।

# डालसा ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में लीगल लिट्रेसी क्लास का किया आयोजन

## छात्राओं को दी बाल श्रम और बाल अधिकारों की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, अनगड़ा में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची सचिव के द्वारा लीगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन किया गया। जिसमें डालसा सचिव ने बच्चों को संविधान में वर्णित मूल अधिकार तथा मूल कर्त्तव्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डालसा सचिव राकेश रंजन, पीएलवी विक्की चौधरी एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

डालसा सचिव ने बच्चों को मूल अधिकार व मूल कर्त्तव्य की जानकारी दी। उन्होंने समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के खिलाफ अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार के बारे में विस्तार से चर्चा की।

इसके अलावा डालसा सचिव ने बच्चों को भारतीय संविधान का पालन करने उसकी आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान, भारत की एकता, प्रभुता और अखंडता की रक्षा करने व उसे बनाए रखने, देश की रक्षा और जरूरत पड़ने पर राष्ट्र की सेवा करने, भारत की सभी लोगों में समानता और बंधुत्व की भावना का निर्माण करने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण मानववाद, ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करने पर जोर दिया। डालसा के पीएलवी के द्वारा द्वारा सरकार के द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने के तरीके, वृद्धा पेंशन, बाल विवाह, बाल श्रम, विधवा पेंशन के बारे बताते हुऐ बच्चों के बीच संबंधित पम्पलेट व लिफलेट का वितरण भी किया। लीगल लिट्रेसी कक्षा को संचालित कराने में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डालसा ने टाटीसिलवे में चलाया जागरुकता कार्यक्रम

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची ने शुक्रवार को कौशल विकास मिशन सोसाईटी, टाटीसिलवे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर डालसा सचिव ने बताया कि महिलाओं और बच्चों तथा अनुसुचित जाति एवं जनजाति के लिए निःशुल्क विधिक सहायता का प्रावधान है, लेकिन लोगों में कानूनी जागरूकता के अभाव के कारण वे लाभ नहीं ले पाते। अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने संविधान में वर्णित अधिकारों के बारे में तथा बाल विवाह, मानव तस्करी, बाल श्रम तथा घरेलू हिंसा के संबंध में कौशल प्रशिक्षण केंद्र के बच्चों को विस्तृत जानकारी दी। अधिवक्ता इंद्रानी व शिवानी कुजूर ने भी कानून से संबंधित प्रथम सूचना रिपोर्ट कैसे दायर किया जाता है। पीड़ित मुआवजा कैसे प्राप्त किया जाता है के संबंध में जानकारी दी। डालसा के पीएलवी लता कुमारी ने डायन प्रथा के बारे में प्रकाश डाला, कहा कि यह एक अंधविश्वास है। एक-दूसरे के संपत्ति को हड़पने के लिए डायन प्रथा का सहारा लेते हैं। अंत में बच्चियों के बीच डालसा सचिव के द्वारा पुरस्कार का वितरण किया गया।

## एक नजर में

### देश में साम्प्रदायिक सौहार्द्र अखंड राष्ट्रवाद की है पहचान : मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर

**रांची।** देश के मौजूदा हालात के संदर्भ में सभी धर्मों के प्रतिनिधियों की बड़ी जिम्मेदारी है कि वे एक दूसरे की भावना का सम्मान करें। राष्ट्र, देश और समाज का विकास नई पीढ़ी के भावनाओं को जगाना चाहिए। धर्म के नेताओं को समाज के भीतर मानवीय और राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए। उक्त बातें मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने शुक्रवार को अपने प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि अपने देश में विविधता में एकता व गंगा जमुनी सभ्यता अपनी पहचान है। देश में एकता को मजबूत करने के लिए लोगों को काम करना चाहिए। सभी धर्मों और धार्मिक नेताओं की भक्ति और प्रेम सभी के दिल में होना चाहिए। देश में हर धर्म और राष्ट्र के लोगों को स्वतंत्र जीवन जीने के कानूनी और संवैधानिक अधिकार दिए गए हैं। अपनी पसंद के अनुसार शादी करने, पढ़ाई करने, खेल-खेलने, व्यापार और राजनीति करने का अधिकार है। इसकी रक्षा और विकास करना हममें से प्रत्येक भारतीय की नैतिक जिम्मेदारी है।

### एक्सआइएसएस में दि फ्यूचर ऑफ हेल्थकेयर इन इंडिया विषय पर वार्ता का हुआ आयोजन

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) के रुरल मैनेजमेंट प्रोग्राम ने रोटैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर) के साथ मिलकर गत दिवस संस्थान परिसर में दि फ्यूचर ऑफ हेल्थकेयर इन इंडिया विषयक वार्ता का आयोजन किया। वार्ता में सत्र के मुख्य वक्ता, देवकमल अस्पताल के सीईओ डॉ अनंत सिन्हा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में क्लेफ्ट सर्जरी, प्लैटेलेट रिच प्लाज्मा, बर्न, एसिड एटैक के मामले में हाशिए पर के लोगो को किस तरह से मदद पहुंचाया जा सकता है पर अपने विचार रखे। साथ ही उन्होंने भविष्य के हेल्थ केयर मैनजमेंट के संदर्भ में भी अपने विचारों को रखा। जिसमें उन्होंने टेलिमेडिसीन के बारे चर्चा की। साथ ही उन्होंने तीन प्रकार के हेल्थकेयर का जिक्र किया। जिसमें आयुष्मान भारत, सीएचजीएस एंड इएसआईसी का जिक्र किया। साथ ही हेल्थकेयर मैनेजमेंट की दिशा में रुरल मैनेजमेंट की महत्वपूर्ण भूमिका का भी उल्लेख किया। एक्सआईएसएस के फादर माइकल वैन डी बोगार्ट ऑडिटोरियम में आयोजित इस कायक्रम रे आरंभ में एक्सआईएसएस रांची के निदेशक डॉ जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे उपस्थित तमाम लोगों का स्वागत किया। मौके पर डॉ अनंत कुमार, कार्यक्रम प्रमुख-रूरल मैनेजमेंट प्रोग्राम, कार्यक्रम के अन्य फैकल्टी सदस्यों और प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के स्टूडेंट्स शामिल थे।

### इक्फाई विवि में 'प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि : चुनौतियां और अवसर' पर सम्मेलन



**रांची।** नाबार्ड के सहयोग से इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड में 'प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि : चुनौतियां और अवसर' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों डॉ. रमेश मित्तल, निदेशक, राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान, जयपुर, बिष्णु परीदा, मुख्य परिचालन अधिकारी, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, जय निगम, उप महाप्रबंधक, नाबार्ड, रांची क्षेत्रीय कार्यालय, प्रदीप हजारी, विशेष सचिव, कृषि, झारखंड सरकार शामिल थे। सम्मेलन के दौरान पूरे भारत के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, छात्रों और नीति निमार्ताओं के 40 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओआरएस राव ने कहा, प्राकृतिक खेती एक रासायनिक मुक्त कृषि प्रणाली है, जो पशुधन और स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों पर आधारित है और वैदिक काल से भारत में प्रचलित थी। मानव हस्तक्षेप के बिना, पत्तियों के पुनर्चक्रण द्वारा मिट्टी के नवीकरण के माध्यम से जंगलों में पेड़ कैसे उगते हैं, इस पर हमारे ऋषियों का शोध प्राकृतिक कृषि प्रणाली का आधार है। वर्तमान परिपेक्ष्य में गाय के मूत्र, गोबर, गुड़ और बेसन से खेत में ही बनने वाले जीवामृत और बीजामृत नामक जैव-जीवों को मिलाकर मिट्टी को समृद्ध बनाया जा सकता है। चूंकि यह सस्ता है, खेती की लागत कम होगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। यह उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद है, क्योंकि यह रसायन मुक्त पौष्टिक भोजन प्रदान करता है।

### चकला कोल माइन क्षेत्र में हिंडाल्को की पहल



**रांची।** हम निकले-ढुकले (चलने-फिरने) नहीं सकते थे अबतक तीन बार डॉक्टर से दिखा दिया है। दवा मुफ्त में मिल गया है और अब बहुत आराम है, अब निकले-ढुकले (चल-फिर) सकते हैं...और कमजोरी भी दूर हो गया है, सब काम कर सकते हैं। चकला नवाटोली निवासी कोको देवी यह कहते हुए बेहद खुशी महसूस कर रही हैं। कोको देवी उन सैंकड़ों लोगों में शामिल हैं, जिन्हें हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा आरोग्य योजना के तहत मुफ्त में चिकित्सीय परामर्श और दवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। झारखंड के लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड में हिंडाल्को द्वारा कोल माइन क्षेत्र के कुल 6 गांवों में फिलहाल यह मोबाइल हेल्थ यूनिट घूम-घूम कर लोगों का इलाज कर रही है। सितंबर 2022 से शुरू इस मुहिम का लाभ अबतक क्षेत्र के कुल 3264 लोगों को मिल चुका है और यह सिलसिला लगातार जारी है। जिन गांवों में यह सेवा दी जा रही है उनमें चकला, नगर, हरिया पड़वा, अरंडियाटांड़, अंबाटांड़ और नवाटोली शामिल हैं।

# डीएसपीएमयू में मनी वीर बुधु भगत की 230वीं जयंती

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** शुक्रवार को डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में क्रांतिकारी वीर बुधु भगत का 230वीं जयंती पूरे धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित एवं वीर शहीद के चित्रपट पर पुष्प माल्यार्पण कर किया गया। वीर बुधु भगत के जीवन संघर्ष एवं परिचय कुरुख भाषा विभाग के सहायक प्राध्यापिका डॉ सीता कुमारी ने कराई।

स्वागत कुडुख भाषा विभाग के विभागध्यक्ष प्रो रामदास उरांव ने किया। वीर बुधु भगत के गुरिल्ला युद्ध जो कि अंग्रेज के विरोध हुआ था, को विस्तार से विश्वविद्यालय के पूर्व बीएसडब्ल्यू डॉ अनिल कुमार ने बतलाया। उन्होंने वीर बुधु भगत के अंदर गुरिल्ला युद्ध में महारत हासिल होने की बात कही।

वित्त पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार मिश्रा ने भी लोगों को संबोधित किया। डॉ अनिल कुमार ठाकुर ने झारखंड वीर महापुरुषों की धरती होने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने वीर बुधु भगत को एक महान क्रांतिकारी बताया। उन्होंने कहा कि बुद्धू भगत ने अंग्रेजों को लोहा का चना चबवा दिया था। विद्यार्थियों को वीर बुधु भगत के पद चिन्हों पर चलते हुये संघर्षशील बनने की अपील की। मंच संचालन विभाग के प्रो सुमंती तिर्की एवं डॉ जय किशोर मंगल ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉण परमेश्वरी प्रसाद महतो ने किया। इस अवसर पर डॉ मालती वागीशा लकड़ी, डॉ डूमिनी माई मुर्मू, डॉ निताई चंद्र महतो, डॉ दशमी, डॉण शांति नाग पीएचडी शोधार्थी अशोक कुमार पुराण, रूपेश कुमार कुशवाहा एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कैंब्रिज पॉलीटेक्निक के 23 विद्यार्थियों का आइटी सेक्टर की साइबर स्विफ्ट में सेलेक्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आइटी सेक्टर की जानी-मानी कंपनी साइबर स्विफ्ट ने कैंब्रिज पॉलीटेक्निक के 23 विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन किया है। इनमें 18 सिविल इंजीनियरिंग तथा 5 इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थी शामिल हैं। संस्थान में आयोजित लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के बाद इनका चयन किया गया है।

संस्थान की प्लेसमेंट अफसर त्रिसिता घोष ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन फील्ड इंजीनियर ट्रेनी के पद पर किया गया है। इनका सालाना वेतन 1.98 लाख होगा। चयनित विद्यार्थियों का जॉब लोकेशन ओडिशा के ब्रहमपुर में होगा। कंपनी के एचआर एक्सक्यूटिव कोस्तव भौमिक ने चयनित विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। इनकी ज्वाइनिंग मार्च 2023 में होगी। मौके पर प्राचार्य डॉ रोहित शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। चयनित विद्यार्थियों में सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के करण कुमार, सुजीत कुमार, सौरव कुमार, अमल मुंडा, रितेश कुमार महतो, पवन कुमार दास, अमित मुंडा, अमित कुमार, संदीप कुमार पांडेय, सूरज प्रकाश तिवारी आलोक महतो, आसिफ अंसारी, शिवम कुमार, हर्षित कुमार, नितिन सिंह, प्रमोद कुमार महतो, राहुल कुमार सिंह, विशेंद्र कुमार सिंह के अलावे इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के गौरव कुमार, माइकल बंदों, अजून कुमार महतो, शुभम कुमार व मुकुल नवीन मिंज का नाम शामिल है।

## आर्म्स एक्ट के दोषी को पांच साल कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश राय की अदालत ने अवैध हथियार रखने के मामले के दोषी लापुंग निवासी संजय उरांव को पांच साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अभियुक्त पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त छह महीने की साधारण कारावास काटनी होगी। मालूम हो कि गुप्त सूचना के आधार पर बेड़ो पुलिस ने 12 सितंबर 2016 को अभियुक्त के घर की तलाशी ली थी। जहां से लोडेड देशी पिस्टल बरामद किया गया था। मामले को लेकर सब-इंस्पेक्टर बिंदेश्वरी दास ने बेड़ो थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 57-16 दर्ज की थी। गवाही के दौरान अदालत में बिंदेश्वरी दास, आईओ रामेश्वर यादव, एएसआई राजेंद्र प्रसाद यादव, सर्जेंट मेजर तुषार कान्त झा समेत पांच गवाहों ने घटना का समर्थन किया था। इसके आधार पर अदालत ने नौ फरवरी को अभियुक्त संजय उरांव को दोषी पाया था।

# सेवकाई गरीबी, शोषण के उन्मूलन व सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर होगी : डॉ राजू एफ क्रास्ता

- पूरे देश के विभिन्न राज्यों के 50 धर्मप्रांत से 140 डायसेसन प्रीस्ट्स ने लिया हिस्सा
- पुरोहितों के ग्रुप ने खूंटी व आसपास के 15 गांव के ग्रामीणों से मिलकर उनकी दशा व दिशा का लिया जायजा




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांफ्रेंस ऑफ द डायसेसन प्रिस्ट्स इन इंडिया (सीडीपीआई) के चार दिवसीय 19 नेशनल मीटिंग में भारत के विभिन्न राज्यों से आए डायसेसन प्रिस्ट्स ने रांची के विभिन्न गांवों का दौरा करने और ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी व अन्य तथ्य के आधार पर समर्पित सेवकाई में परिवर्तन कर उसे प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित एसडीसी सभागार में 14-17 फरवरी तक आयोजित चार दिवसीय 19 नेशनल मीटिंग का समापन शुक्रवार को हुआ।

सीडीपीआई के इस चार दिवसीय नेशनल मीटिंग का विषय था एक्सपैंडिंग अवर पास्टोरल टेन्ट्स फॉर कम्यूनिकेटिंग जीसस स्टोरी। केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र, गोवा, महाराष्ट्र, एमपी और अन्य विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले 50 धर्मप्रांतों के 140 प्रतिनिधि ने इसमें हिस्सा लिया तथा प्रामाणिक मसीही जीवन जीने के तरीकों पर विचार मंथन किया। इसी के मद्देनजर कांफ्रेंस के तहत सीडीपीआई प्रिस्टों का समूह विभिन्न गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों की संस्कृति, परंपरा और लोकाचार को समझने और सीखने का प्रयास किया। ग्रामीणों से मिली जानकारी व संग्रहित आंकड़ों पर पर मंथन के बाद सीडीपाई पुरोहितों ने समर्पित पुरोहिताई सेवा का आत्मावलोकन व विश्लेषण किया। सर्वसम्मति से पुरोहित सेवकाई बदलाव लाने का भी निर्णय लिया। जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि अब डायसेसन प्रिस्टस की सेवकाई गरीबी व शोषण के उन्मूलन व सबका साथ सबका विकास के मूल थीम पर आधारित होगी। सेवकाई के माध्यम से युवाओं व बच्चों के समग्र विकास को प्रेरित करेंगे। शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम जारी रखेंगे। डॉ फादर राजू फेलिक्स क्रास्ता ने यह जानकारी दी।

## स्पीड न्यूज

### 30 प्रगतिशील किसानों को मिला मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**राहे।** प्रखंड के सिंगल विंडो सेंटर में 30 प्रगतिशील किसानों के बीच पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। किसानों को 5 दिन तक मशरूम उत्पादन के कई विधि और किस्म की जानकारी दिया गया। रोजगार के लिये मशरूम उत्पादन करने और बाजार उपलब्ध करने की बात कही गयी। इस दौरान सभी लोगों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर उप प्रमुख उमेश महतो, बीटीएम सुमित लकड़ा, लहरू महली, अक्षय महतो, प्रशिक्षक परमानंद महतो मौजूद थे।

### श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग



**अनगड़ा।** प्रखंड के बीसा गांव निवासी संजय लोहरा की पत्नी सीमा देवी (34 वर्ष) का देहांत विगत दिनों गंभीर बीमारी से हो गया थी। मृतक का परिवार बेहद गरीब है। सूचना पाकर गुरुवार को प्रदेश कार्य समिति सदस्यए भाजपा जैलेंद्र कुमार मृतक के घर पंहुचे एवं परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने मृतक के श्राद्ध कर्म के लिए मृतक के परिवार को खाद्य सामग्री एवं नगद सहयोग प्रदान किया। मौके पर वार्ड सदस्य बिनोद पाहन, सुखनाथ महली, लालदेव लोहरा, मसोमात सुमनी देवी मौजूद थे।

### समेकित कृषि प्रणाली का मिला प्रशिक्षण

**सोनाहातू।** प्रखंड कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में आत्मा रांची द्वारा समेकित कृषि प्रणाली विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के 36 प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में पशुपालन पदाधिकारी डॉ धनंजय सिंह, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अर्जुन राम, तकनीकी प्रबंधक दीनानाथ भगत, एवं पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी बंशीधर महतो के अलावे कृषक मित्रों में लाल सिंह मुंडा, कुंवर सिंह, मुकुंद प्रमाणिक, लिलमोहन महतो एवं युधिष्ठिर महतो मौजूद थे।

### चोरी गई गाड़ी की सूचना देने पर 50 हजार रुपया इनाम देने की घोषणा

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर में पिछले 2 महीने पूर्व 27 दिसंबर को अज्ञात चोरों द्वारा पिपरवार थाना के चौकीदार आदित्य पासवान की बोलेरो गाड़ी चोरी कर ली गई थी। जिसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। गाड़ी के मालिक आदित्य पासवान ने चोरी हुई सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी नंबर जेएच 01 डीबी 6878 की सूचना देने वाले व्यक्ति को 50000 रुपए इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का पहचान गुप्त रखी जाएगी। सूचना देने के लिए इस मोबाइल नंबर पर 9304689686, 74810942707, 90.310.6024 संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर तत्काल राशि दी जाएगी।

# सभ्यता-संस्कृति को बचाने के लिए वीर बुधू भगत ने लड़ी थी लड़ाईः आलमगीर

## लरका आंदोलन के प्रणेता वीर बुधु भगत की सिलागाईं में धूमधाम से मनी जयंती





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** लरका आंदोलन के प्रणेता स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद वीर बुधु भगत की 231वीं जयंती शुक्रवार को उनके पैतृक गांव सिलागाई में धूमधाम से मनायी गई। वीर बुधु भगत स्मारक समिति द्वारा आयोजित जयंती समारोह सह विकास मेले में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सिलागाई पहुंचने के बाद इन्होंने शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद विकास मेला का अवलोकन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यहां आकर मैं अपने को गौरवान्वत महसूस कर रहा हूं। वीर बुधु भगत ने आजादी के लिए तथा सभ्यता और संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया था। ऐसे लोगों के बताए रास्ते पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए गंभीर है। इसका फ्लाफल देखने को मिल रहा है। हमने सड़क को चलने के लायक बनाया। पंचायत भवन को ऐसे बनाया जा रहा है कि लोगों को ब्लॉक का रुख नही करना पड़े। कोरोना काल में हमने बेहतर काम किया है। सांसद सुदर्शन भगत ने शहीद की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताए रास्ते पर चलने की बात कही। वही विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मंच से सरकार की उपलब्धियों को अवगत कराया तथा सिलागाई के लिए सरकार की योजनाओं को बताया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, जिप सदस्य आशुतोष तिवारी, प्रमेशर भगत, दिवाकर मिंज, सन्नी टोप्पो, शिवपूजन भगत, गोपाल भगत, रामकिशोर भगत, मो मुजीबुल्ला, दिलीप सिंह, बिमल कच्छप, अजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रशासन ने लगाया स्टॉल परिसंपत्ति का वितरण

जयंती समारोह के दौरान आत्मा रांची, कृषि विभाग रांची, कल्याण विभाग, मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, बैंक, बाल विकास परियोजना कार्यालय, अंचल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, भूमि संरक्षण विभाग आदि का स्टॉल लगा था। स्टॉल के माध्यम से अपने अपने विभाग में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। साथ ही लाभुकों के बीच चार करोड़ संतावन लाख रुपए की परिसंपति का भी वितरण किया गया। कृषि विभाग के स्टॉल मे बीटीएम बिंदु कुजूर की अगुवाई में कृषि यंत्र का वितरण भी किया गया। इससे पहले सुबह के लगभग 9 बजे जलयात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद सामूहिक प्रार्थना किया गया।मंच संचालन शिव उरांव और अजीत सिंह ने किया। स्वागत भाषण स्मारक समिति के संरक्षक डॉ परमेश्वर भगत ने दिया। स्वागत भाषण के दौरान मांग पत्र पढ़ते हुए सिलागाई में टीओपी और बैंक खोलने की मांग की गई। जयंती समारोह को लेकर पिछले तीन दिनों से चल रहे कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## एक नजर में

### टाटीसिलवे में जागरूकता शिविर



**नामकुम।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से प्रखण्ड के स्किल इंडिया टाटीसिलवे में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में डालसा के सचिव राकेश रंजन कुमार उपस्थित थे। शिविर के दौरान कौशल विकास मिशन सोसाईटी ट्रेनिंग सेन्टर में प्रशिक्षण ले रही युवतियों और बच्चियों को कानूनी जानकारी दी गयी और जीवन में आगे बढने के उपाय बताए गए। इस दौरान डालसा सचिव श्री, राकेश रंजन के द्वारा सभी लोगों के बीच कानूनी जानकारी की किताबे और अन्य जरूरी सामानों का वितरण भी किया गया। मौके पर पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, ईन्द्रानी कुजूर, शिवान सिंह,पीएलवीलता कुमारी,विक्की चौधरी,युधिष्ठिर महतो, मुन्नी देवी बाबी सिन्हा सहित केन्द्र के प्रबंधक मौजूद थे।

### लदनापीड़ी में चबूतरा निर्माण का शिलान्यास



**नामकुम।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र नामकुम प्रखण्ड हहाप पंचायत के लदनापीड़ी गांव में मैदान समतलीकरण एवम चबूतरा निर्माण का शिलान्यास विधायक राजेश कच्छप ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री, कच्छप ने कहा कि गांव के मैदान के समतलीकरण हो जाने से बच्चे बच्चियों को खेलने की जगह उपलब्ध हो जाएगी जो उन्हे राज्य और देश के पटल पर जाने का रास्ता बनाएगी। वहीं चबूतरा बन जाने से विभिन्न आयोजनों और बैठकों में जगह उपलब्ध होने से कार्यक्रम में आसानी होगी। मौके पर नामकुम प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप,हहाप मुखिया नन्हे कच्छप,ग्राम प्रधान अचु मुंडा, उपमुखिया एतवा मुंडा,सरिता देवी,दिलीप लकड़ा, सिलास टूटी, माधो कच्छप, छोटराय मुंडा, सोमरा मुंडा,माकू लकड़ा आदि उपस्थित थे।

# राज्यस्तरीय क्विजः ओरमांझी के दो छात्रों को किया गया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** झारखंड सरकार शिक्षा विभाग द्वारा डायट में आयोजित जिला स्तरीय क्यूज प्रतियोगिता जीतने वाले ओरमांझी के दोनो छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला के छात्र सदीक जमाल व राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहु के छात्र ऋषभ एक्का संयुक्त रूप प्रथम विजेता घाषित किए गए। बताया गया कि पंचायत स्तर के बाद ऑनलइन प्रखंड स्तर की प्रतियोगिता के प्रथम व दूतीय विजेता छात्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिला था। प्रतियोगिता में राज्य की भौगोलिक, स्वतंत्रता सेनानी, खेल व संस्कृति (झारखंड को जोना) आदि विषय पर अधारित क्यूज (मौखिक) प्रतियोगिता को आयोजन हुआ। रांची जिला के विभिन्न प्रखंड के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं शामिल थें। जिसमें ओरमांझी के दोनो छात्रों के विजेता होने पर विद्यालय में सम्मानित कर बधाई दी गई। बधाई देने वालों में बीइइओ सीमा कुमारी, शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, प्राचार्य अवधेश प्रसाद, कुमारी किरण माला, बीपीओ रीना देवी, रेखा साहू, पंचित बेदिया सहित कई शिक्षक शामिल थे।

# हड़ताल पर रहे कृषक उवि गुडू के शिक्षक

## गेट पर लटका रहा ताला पठन-पाठन हुआ बाधित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** राज्य के स्थापना अनुमति स्कूलों की जांच विधि सम्मत कराने, जैक का पूर्ण गठन और अनुदानित स्कूल-कॉलेज की संख्या कम करने की मांग को लेकर कृषक उवि गड़री गुडू के शिक्षक एकदिनी हड़ताल पर रहे। पूरे दिन गेट में ताला लटकता रहा। बच्चों के पठन-पाठन पर प्रतिकूल असर पड़ा। विद्यालय के सचिव अशोक महतो ने बताया कि जनवरी 20 से जैक का पूर्ण गठन नहीं हुआ है। 19 में से सिर्फ 7 सदस्यों से बोर्ड का संचालन हो रहा है। इससे शैक्षणिक व नीतिगत कार्य नहीं हो पा रहे हैं। जैक की आग्रह के बाद भी सरकार पूर्ण गठन नहीं कर रही है। श्री महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया था कि प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन कर दिया गया है। इसकी अनुशंसा पर शिक्षा कर्मियों को वेतन दिये जायेंगे। 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### डीसी को सौंपेंगे ज्ञापन





उन्होंने जानकारी दी कि संघर्ष मोर्चा की आपात बैठक में 21 फरवरी को काला बिल्ला लगा काम करने और अपने .अपने जिले के डीसी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। वहीं बजट सत्र के दौरान विधान सभा का घेराव और प्रदर्शन किये जाने पर भी सहमति बनी है। श्री महतो ने शैक्षणिक बंदी को सफल बताते हुये शिक्षकों का आभार जताया।

# सेवानिवृत्त सेना के जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

## सीएमपीडीआई में गार्ड थे दिनेश महतो



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत स्वच्छ भारत मिशन की बीपीएम किरण कुमारी के पति सेवानिवृत्त आर्मी 43 वर्षीय दिनेश महतो का सड़क हादसे में मौत हो गयी। घटना गुरुवार की दोपहर चांदनी चौक में घटी। वह सीएमपीडीआई में गार्ड के पद पर थे। ड्यूटी जाने के दौरान मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरा गयी। असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े। इससे उनके सिर में गंभीर चोटें आयी थी। इलाज के लिये उन्हें समीप के गांधी नगर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गोंदा थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिवार में पत्नी समेत दो पुत्री तनुप्रिया और अनुप्रिया हैं। रो-रोकर उनका बुरा हाल है। किरण बार-बार बेहोश हो रही थी। पैतृक गांव पिठोरिया के मालश्रृंग में मातमी सन्नाटा है।

### मुखिया संघ ने दुख जताया

मुखिया संघ के पदधारी मृतक के संजय नगर स्थित आवास पहुंचे। उन्होंने घटना पर दु:ख व्यक्त किया। शोक संतप्त परिवार जनों का न केवल ढाड़स बंधाया। बल्कि गहरी संवेदना भी प्रकट की। मौके पर महेश्वरी देवी, ज्योति भगत, अहिल्या कच्छप, रीता भगत, कुशल उरांव, मनीष मुंडा, साक्षरता बीपीएम तैयब अंसारी, काली साहू, अब्दुल सुभान अंसारी आदि मौजूद थे।

# इटकी: 74 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** प्रखंड के कुंदी गांव स्थित अखरा में शुक्रवार को चाईल्ड फंड इंडिया संस्था द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 74 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ जोनसन बागे व डॉ कुमुद लुगुन ने लोगों के स्वस्थ्य की जांच की और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया।

शिविर को सफल बनाने में संस्था के गजानंद महतो, माधवेंद्र झा, करमी कच्छप, दुर्गा प्रसाद के अलावा मुखिया फ्रांसिस्का केरकेट्टा, बीटीटी पुष्पलता तिग्गा, सहिया मित्र उर्मिला देवी, स्वास्थ्य सहिया रोशनी तिग्गा, पूनम देवी, पिंकी केरकेट्टा व शशि सुमन ने मुख्य भूमिका निभाया।

# रातू के सिंह मोड़ शिव मंदिर में महाशिवरात्रि की धूम

## महिला और युवतियों ने निकाली कलशयात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंह मोड़ शिव मंदिर में महाशिवरात्रि की धूम मची है। मंदिर परिसर से 551 महिला व युवतियों ने बैंड बाजे के साथ कलशयात्रा निकाली। झांकी में घोड़े आकर्षण के केंद्र रहे। महाराजा तालाब में पुजारी मुकेश तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलाभिषेक कराया। कलश स्थापना के बाद 24 घंटे का अखंड हरि कीर्त्तन शुरू हो गया है। शनिवार को भगवान शिव की बारात निकाली जायेगी। सुबह प्रसाद का वितरण और दोपहर से शाम तक भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

### निभा रहे हैं भूमिका

महेश महतो, मनोज सिंह, सुनिल सिंह, बिंदेश्वरी पाठक, संजय सिंह, गुलशन, नरेश प्रसाद, सुनिल अग्रवाल, भीम साहू, अशोक सिंह, संजय मिश्र, पवन तिवारी, इंद्रनाथ साहू, छविश्वर कुमार, परमानंद कश्यप, बलभद्र पाठक, लालजी महतो, महादेव मुर्मू, मुखराम सिंह, विजय साहू, प्रदीप पटेल, जितेंद्र शर्मा, सुनिल साहू, बिक्की सिंह, दीपक श्रीवास्तव, शिवेश सिंह, मुरारी सिंह, रोहित मिश्र, गौरव सिंह, सर्वेश सिंह, पूर्णेन्दु शरण व चंद्रशेखर सिंह आदि।

# आजसू पार्टी ग्राम प्रभारी की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा



**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा के बंसिया स्थित शांति आश्रम में शुक्रवार को आजसू पार्टी बंसिया एवं बसंतुर पंचायत के ग्राम प्रभारियों की बैठक रंग बहादुर महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। वहीं सांगठनिक चर्चा में सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि ने जयपाल सिंह ने सभी ग्राम प्रभारीयों को अपने अपने प्रभारी क्षेत्र में पार्टी द्वारा जिम्मेदारी दिए गए चुल्हा प्रमुख से बैठक कर लोगों के समस्याओं को सुचीबद्ध करने तथा आगामी 7 मार्च तक चूल्हा प्रमुख की रिवाइज सुची तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं विधायक सुदेश महतो ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल समेत कई अन्य योजनाओं पर की जा रही कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

**कार्यालय –जिला स्वास्थ्य समिति, खूँटी।**
Tender 01/2023

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

दिनांक 17/02/2023

जिला स्वास्थ्य समिति, खूँटी के अन्तर्गत आने वाले स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में उत्क्रमित किया जाना है। जिसमें ब्रांडिंग तथा अन्य कार्य किया जाना है। जिस हेतु इच्छुक फर्म / एजेंसी / कम्पनी अपना निविदा दिनांक 25/02/2023 के अपराह्न 4 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा से संबंधित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 25.02.2023 के अपराह्न 4:00 pm (by Registared post , Speed Post,Hand to Hand) |
| 2 | निविदा खुलने का समय | 27.02.2023 11:30AM |
| 3 | Bid Securityजो District Health Society Khunti के नाम से देय होगा।D.D/NSC/Bank Guarantee मान्य होगा। | 50000.00 (Fifty Thousand) Only |
| 4 | निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो District Health Society Khunti के नाम से देय होगा। (नन रिफन्डेबल) | 5000.00 (Five Thousand) Only |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ,सदर अस्पताल, खूँटी |
| 6 | निविदा शुल्क का DD (Hard Copy) कार्यालय में हाथो–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 20.02.2023 से 24.02.2023 (11 am to 4 pm) |
| 7 | Tender document Sale date & Place | 20.02.2023 to 24.02.2023 (11 am to 4 pm) असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ,सदर अस्पताल, खूँटी |
| 8 | निविदादाता द्वारा जमा किया जाने वाला प्रपत्र | a. गत तीन वर्ष का आयकर विवरणी<br>b. गत तीन वर्ष का औसत वार्षिक टर्न ओवर 75,00,000/- रू0<br>c. HWC में उत्क्रमित करने हेतु अनुभव प्रमाण पत्र तथा कार्य का फोटोग्राफ |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी

PR 290658 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23 (D)

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 56/2022–23**

दिनांक 16/02/2023

मद का नाम :– PM-ABHIM

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ईचाक | बरियठ में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 2 | पदमा | तिलैर करमा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 3 | सदर | सिन्दूर में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 4 | बरही | गरबा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 5 | बरही | सरैया में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 6 | बड़कागांव | गोसाई बलिया में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 7 | बड़कागांव | मिर्जापुर में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 8 | बरकट्ठा | चौबे में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 9 | बरकट्ठा | गैंडा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 10 | बरकट्ठा | जमसोती में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 11 | विष्णुगढ़ | गोविंदपुर में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 12 | चौपारण | सेलहारा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 13 | चुरचू | कजरी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 14 | चुरचू | रबोध में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 15 | केरेडारी | गरी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 16 | केरेडारी | बेलतु में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 17 | चौपारण | वेदना में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 18 | सदर | सिलवार में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 19 | बरही | गुडियो में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 27.02.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 28.02.23 से 10.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 11.03.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.03.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिशद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. उपरांकित योजनाओं का भूमि प्रतिवेदन एवं आवंटन प्राप्त होने के पश्चात् ही एकरारनामा किया जायेगा।
10. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 290630 (District) 22-23 (D)

# भाई की पुण्यतिथि पर अनाथ बेटी को किया सहयोग

## समाजसेवी राजधाम साहू की अनुठी पहल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** आदर्श उच्च विद्यालय पांचा में शुक्रवार को समाज सेवी राजधाम साहू द्वारा अपने भाई प्रवीन कुमार साहू की नवी पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम आयोजित कर गांव की एक अनाथ बेटी रीमा कुमारी को एक वर्ष का स्कूल शुल्क दिया गया। इतना ही नहीं उसने उक्त बेटी को तीन हतार रूपए का चेक और एक वर्ष के पठन सामग्री भी दी। वहीं विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच एक क्यूज प्रतियोगिता का भी आयोजित किया गया। तीन विजेता प्रथम मधु कुमारी, दूसरा कुषुम कुमारी व तीसरे विजेता छटू कुमार महतो को भी 1500-1500 सौ का चेक व पठन सामगी दी गई। इसके अलावे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को भी पेन व कापी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख अनुमा देवी, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य सरिता देवी व मुखिया सुफल महली द्वारा अनाथ बेटी रीमा कुमारी व विजेता छात्र-छात्राओं को चेक द्वारा राषि व सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं प्रमुख ने समाज सेवी राजधाम साहू की पहल की सरहाना की और कहा अपनों का खोने का गम दूर करने के लिए दूसरे की मदद करना समाज के लिए एक उद्हरणीय पहल है। इस तरह कार्य से बच्चों की भविष्य और उनमें कंपटीशन की भावनाएं जागृत होती है। उन्होंने विजेता बच्चों को प्राप्त राषि को अपने षिक्षा में खर्च करने को कहा। वहीं जिप सदस्य सरिता देवी ने भी स्कूल के गरीब बच्चों की जरूत के लिए पांच हजार रुपया स्कूल प्रबंधक समिति को दी। इससे पूर्व कार्यक्रम में मृतक प्रवीन साहू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार मिश्र, पूर्व प्राचार्य आचार्य प्रद्युमन पांडे, समाजसेवी बालक महतो, प्रकाश कुमार चौधरी, नवीन साहू, आनंद महतो, जागेश्वर प्रसाद साहू, मृतक के पिता टिकेष्वर साहू, दोस्त रोहित साहू व विकी कुमार के साथ स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।



छात्रा को चेक प्रदान करतीं प्रमुख अनुपमा देवी।

### सभी का प्रिये था प्रवीण

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि राजधाम साहू का छोटा भाई गांव में सबका प्रिये था। वह टाटा-टी कंपनी में रामगढ़ जिला में डिस्टित को-ऑडिनेटर था। अपने कार्य के दौरान ही रांची रोड सांडी के पास एक सड़क दुर्घटना में उसकी निधन हो गया था।

# खबर मन्त्र

रांची.शनिवार. 18 फरवरी 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


## बड़ा समझौता

एयर इंडिया द्वारा फ्रांस व अमेरिका से चार सौ सत्तर विमानों की खरीद का समझौता विमानन क्षेत्र में भारत की बढ़ती दखल का परिचायक ही है। ऐसे समय में जब दुनिया की अर्थव्यवस्था कोरोना संकट के बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते हिचकोले खा रही है, भारत का इतना बड़ा समझौता हमारी बढ़ती आर्थिक ताकत को दशार्ता है। जहां यह समझौता एक ओर रोजगार बढ़ाने में सहायक होगा, वहीं अमेरिका तथा फ्रांस-ब्रिटेन के साथ संबंधों को नई उष्मा देगा। टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया ने अमेरिका की बोइंग कंपनी से दो सौ बीस तथा फ्रांस की कंपनी एयरबस से ढाई सौ विमान खरीदने का करार किया है। इस समझौते को विमानन क्षेत्र का सबसे बड़ा खरीद का समझौता बताया जा रहा है। समझौते से ब्रिटेन भी खासा खुश है। इसकी वजह यह है कि फ्रांस की कंपनी एयरबस के विमानों में लगने वाला इंजन ब्रिटिश कंपनी रॉल्स रॉयस द्वारा तैयार किया जायेगा। जो ब्रिटेन में भी रोजगार वृद्धि का वाहक बनेगा। हालांकि, विमानों के भारत पहुंचने में दो साल तक का समय लग सकता है लेकिन इसकी शुरूआत इस साल के अंत तक हो जायेगी। बहरहाल, समझौता टाटा समूह द्वारा एयर इंडिया में नये प्राण संचरण के बाद इसे नई ऊंचाई तक ले जाने की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। इससे विमानन क्षेत्र में नये रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा। देश का साख बढ़ाहै और विदेशी बाजार में भारत का सम्मान भी बढ़ा है। यह विश्व में भारत की बढ़ती ताकत का एक मिशाल है जो टाटा कंपनी ने कायम किया है। सरकार और टाटा की दूरदर्शिता का परिणाम है कि आज देश में हवाई मार्ग के विकास को लेकर पूरी गति से काम कर रहा है और हवाई सफर करने वालों की तादात लगातार बढ़ रही है।

## कठघरे में बीबीसी

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले भारत में स्वतंत्र मीडिया को अपरिहार्य माना जाता रहा है। हाल के वर्षों में कई प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों पर आयकर छापों के बाद अब ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन यानी बीबीसी के दिल्ली-मुंबई स्थित कार्यालय आयकर विभाग के निशाने पर आये हैं। विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि सरकार के खिलाफ मुखर लोगों और मीडिया संस्थानों को केंद्र सरकार की एजेंसियां ईडी और आयकर विभाग निशाने पर लेती रही हैं। वर्ष 2002 के गुजरात दंगों में तत्कालीन मोदी सरकार की भूमिका पर बनी एक विवादित डॉक्यूमेंट्री के प्रसारण के बाद यह घटना आरोप प्रत्यारोप के घेरे में है। वहीं बीबीसी का कहना है कि हमारा पत्रकारिता से जुड़ा काम आम दिनों की तरह चलता रहेगा और हम श्रोताओं-दर्शकों को सेवाएं देने को वचनबद्ध हैं। साथ ही सरकार के इस कदम को अलोकतांत्रिक और तानाशाहीपूर्ण बताया। वहीं एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का कहना है कि सरकार व सरकारी संस्थानों की आलोचना करने वाले मीडिया संस्थानों को परेशान करने के लिये एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। वैसे विश्व में देश का विकास दर सबसे अधिक होना और वर्तमान सरकार की नीतियों को लेकर विदेशी मीडिया भी शक के दायरे में हैं। बीबीसी एक खास विचारधारा से प्रभावित है और भारत में होने वाली गतिविधियों में कुछ साख गतिविधियों को नकरात्मक कोण से प्रस्तुत करता रहता है। भारत विरोधी ताकतें कहां-कहां काम कर रही है इस शक के आधार पर अगर सरकार कोई कार्रवाई करती है तो इससे किसी को गुरेज नहीं होना चाहिए। यक्ष प्रश्न यह है कि राष्ट्रबोध और राष्ट्र हित का सम्मान बीबीसी को करना चाहिए या नहीं?


## नियति की मार

विचार-प्रवाह

**अमीश**

**तो** क्या अब तक हमने काफी दुख नहीं झेल लिए? क्या वाकई हमें बहुत पीड़ा सहने की जरूरत है? कितना दुख हो तो उसे पर्याप्त कहा जाएगा? क्या हम नियति का झन्नादेदार थप्पड़ पड़े बिना सीख सकते हैं सबक? धर्म क्या कहता है? क्या कोई आध्यात्मिक उद्देश्य है इस महामारी का? यह एक आध्यात्मिक अवसर हो सकता है क्या?यह सब हम पर निर्भर करता है। हममें से हर एक पर। सबक तो हैं ही। हम सामुदायिक भावना जगा सकते हैं। परिवार, दोस्तों, पास-पड़ोस के घेरे में गूंथ सकते हैं खुद को। सोशल मीडिया के शोरगुल के बजाय ऐसे इंसानी रिश्तों में, जिनका हमारे लिए कोई मायने हो। क्या हम ऐसी जिंदगी बसर कर सकते हैं, जो हमारे स्वार्थ, हमारे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं के दायरे से कहीं बड़ी हो? हम कम में, बहुत कम में गुजारा कर सकते हैं, यह बात इस महामारी ने सिखाई है। हमने सीख लिया है कि चाहतों का कोई ओर-छोर नहीं होता और यह भी कि इनकी सीमा भी हो सकती है। मामला सोच का है। क्या प्रेस रिलीज और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ढिंढोरा पीटने के बजाय हम चुपचाप किसी की मदद कर सकते हैं? ऐसा कर सकें तो हम अपनी जिंदगियों में धर्म के लिए गुंजाइश बना पाएंगे।हमने देखा है कि हमारी इस धरती पर दूसरे जीव राहत की सांस ले रहे हैं। क्या हम न केवल अपने लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं? तालाबों-नदियों, पहाड़ों और मैदानों के लिए? सभी जीवों के लिए? अपने अंदर झांकिए। दैवीय होता है समय का सबक। हैरान होकर कुछ और जानने-समझने का अहसास एक बार फिर जिंदा कीजिए।

कार्टून वर्ल्ड



साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

लेटर टू एडिटर

### सम्मान पाती बेटियां

**हमारी** बेटियों ने अब अंडर-19 विश्व कप में पहली बार आईसीसी ट्रॉफी जीतकर विश्व में देश का झंडा बुलंद किया है। पिछले दिनों महिला प्रीमियर लीग की बोली में भारतीय महिला खिलाड़ियों की पुरुषों की तरह उच्च बोली लगी, यह अच्छा संकेत है। बीसीसीआई ने अनुबंधित महिला खिलाड़ियों को पुरुष क्रिकेटरों के बराबर फीस देने की घोषणा की थी।

**– रविकिशन, रांची**

### सम्मान का समझौता

**एयरलाइन** ने अपने बेड़े के साथ ही संचालन का विस्तार करने के लिए कुल 840 विमानों के लिए ऑर्डर दिया है। इसमें 370 विमानों को खरीदने का विकल्प शामिल है। यह किसी भी एयरलाइन द्वारा दिया गया सबसे बड़ा विमान ऑर्डर है। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, विस्तारा और एयरएशिया इंडिया के पास कुल मिलाकर 220 विमानों के संयुक्त बेड़े को संचालित करती है।

**–विवेक कुमार, हजारीबाग**

# महाशिवरात्रि महाधिदेव शिव की विशेष कृपा की रात

**महाशिवरात्रि** अर्थात देवाधिदेव शिव की विशेष कृपा की रात, आध्यात्मिक रूप से खुद को जागृत करने की एक ऐसी घड़ी जब मात्र आपका सीधी रीढ़ के साथ एक विशेष मुद्रा में होना ही आपके जीवन-अनुभवों को बदलने के लिए पर्याप्त है। इस वर्ष यह शुभ अवसर आज (फरवरी 18, 2023) है। महाशिवरात्रि और महादेव शिव के कई पहलुओं पर बोध जगाने से पहले शिवरात्रि और महाशिवरात्रि पर बात कर लेते हैं।


वैसे तो हर चंद्र मास का चौदहवाँ दिन अथवा अमावस्या से पूर्व का दिन शिवरात्रि होती है। एक कैलेंडर वर्ष में आने वाली सभी शिवरात्रियों में से, महाशिवरात्रि, को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है, जो हर वर्ष फरवरी-मार्च के माघ महीने में आती है। इस रात, पृथ्वी का उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार अवस्थित होती है कि मनुष्य के भीतर ऊर्जा प्राकृतिक रूप से ऊपर की ओर उठकर एक दिव्य अनुभव का माध्यम बनती है। आगे इस पर और भी विस्तार से बात होगी। उससे पहले भारतीय सनातन परंपरा के उत्सवधर्मिता की बात कर लेते हैं।


जब भी भारतीय सनातन संस्कृति की बात होगी तो वह बात उत्सवों के बिना अधूरी होगी। कहा जाता है कि किसी समय, भारतीय संस्कृति में, एक वर्ष में 365 त्योहार हुआ करते थे। अर्थात वे साल के प्रतिदिन, प्रतिपल को पूरी सजगता से जीने के उल्लास में ही उत्सव खोज लेते थे।

हर कार्य के गीत हुआ करते थे। प्रकृति के कण-कण में व्याप्त संगीत से जीवों का गहन परिचय था। जो भी उत्सव थे वो कर्म बोध से जुड़े थे, 365 त्योहार के पीछे कोई न कोई कारण जीवन के विविध उद्देश्यों से जुड़े ढूँढ लिए गए थे। इन्हें विविध ऐतिहासिक घटनाओं, विजय तथा जीवन की कुछ अवस्थाओं या जीवनोपयोगी कार्यों जैसे फसल की बुआई, रोपाई और कटाई आदि से जोड़ा गया था।

**महादेव शिव**

जीवन की हर अवस्था और हर परिस्थिति के लिए हमारे पास एक त्योहार था। कालांतर में नाहक व्यस्तता बढ़ती गई, या हमने खुद को इतना व्यस्त कर लिया कि खुद से ही दूर होते गए और जीवन अपनी सहज-स्फूर्त गति खोकर, हमारे अपने ही जाल में उलझकर घुटने लगी। अब हम इतने व्यस्त हैं कि अपने हर छोटे-बड़े अनुभव के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। हम हर छोटी-बड़ी जानकारी कहीं और से हासिल करना चाहते हैं कि यह कैसा है? हम अपनी मूल प्रकृति को भूलकर वाह्य अलंकरण को अपना सबकुछ मान बैठे हैं। महाशिवरात्रि वापस अपने उसी बोध को जागृत करने का अवसर मनुष्य को उसके जीवन काल में हर वर्ष देती है। पर कितने उस जागरण को उपलब्ध हो पाते हैं यह भी गहन शोध का विषय है।



**- जग्गी बासुदेव**

> महाशिवरात्रि जीव को आत्मबोध तक पहुँचाने की रात्रि है। योग परम्परा के अनुसार बात की जाए तो खुद को अस्तित्व से एकाकार करने की रात। यह एक ऐसा नैसर्गिक अवसर है, जब प्रकृति स्वयं मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक ले जाने में मदद करती है। इस समय का उपयोग करने के लिए, सनातन परंपरा में, पहले पूरी रात उत्सव मनाते थे और आज भी यह परम्परा बरकरार है। खासतौर से दक्षिण भारत और काशी में, महाशिवरात्रि का उत्सव पूरी रात चलता है।

महाशिवरात्रि जीव को आत्मबोध तक पहुँचाने की रात्रि है। योग परम्परा के अनुसार बात की जाए तो खुद को अस्तित्व से एकाकार करने की रात। यह एक ऐसा नैसर्गिक अवसर है, जब प्रकृति स्वयं मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक ले जाने में मदद करती है।

इस समय का उपयोग करने के लिए, सनातन परंपरा में, पहले पूरी रात उत्सव मनाते थे और आज भी यह परम्परा बरकरार है। खासतौर से दक्षिण भारत और काशी में, महाशिवरात्रि का उत्सव पूरी रात चलता है। पूरी रात मनाए जाने वाले इस उत्सव में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि ऊजाओं के प्राकृतिक प्रवाह को उमड़ने और ऊपर उठने का पूरा अवसर मिले। आप अगर ध्यान और योग की परंपरा से नहीं भी जुड़े हैं तो भी बस अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए, रात्रि पर्यन्त खुद को जगाए रखने से भी आपके जीवन अनुभव में अध्यात्म की अलख जग सकती है।

महाशिवरात्रि आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले साधकों के लिए बहुत महत्व तो रखती ही है। यह उनके लिए भी अति महत्वपूर्ण है जो पारिवारिक हैं और संसार की महत्वाकांक्षाओं में मग्न हैं। पारिवारिक परिस्थितियों में मग्न लोग महाशिवरात्रि को शिव के विवाह के उत्सव की तरह मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाओं में मग्न लोग महाशिवरात्रि को, शिव के द्वारा अपने शत्रुओं पर विजय पाने के दिवस के रूप में मनाते हैं।

**वर्तमान में कैलाश पर्वत को ही शिव का प्रतीक माना जाता है।**

परंतु, साधकों के लिए, महाशिवरात्रि वह दिन है, जिस दिन शिव कैलाश पर्वत के साथ एकात्म हो गए थे। वे एक पर्वत की भाँति स्थिर व निश्चल हो गए थे। यहाँ यह जानना जरूरी है, यौगिक परंपरा में, शिव को किसी देवता की तरह नहीं पूजा जाता। उन्हें आदि गुरु माना जाता है, पहले गुरु, जिनसे ज्ञान उपजा। ध्यान की अनेक सहस्राब्दियों के पश्चात, एक दिन वे पूर्ण रूप से स्थिर हो गए। वह दिन महाशिवरात्रि का था। उनके भीतर की सारी गतिविधियाँ शांत हुईं और वे पूरी तरह से स्थिर हो गए, इसलिए साधक महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात्रि के रूप में मनाते हैं। आधुनिक विज्ञान भी आज अनेक चरणों से गुजरते हुए, आज उस बिंदु पर पहुँच चुका है, जहाँ वैज्ञानिकों ने भी यह प्रमाणित कर दिया है कि हम जिसे भी जीवन के रूप में जानते हैं, पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं, जिसे हम ब्रह्माण्ड और तारामंडल के रूप में जानते हैं; वह सब केवल एक ऊर्जा है, जो स्वयं को लाखों-करोड़ों रूपों में अभिव्यक्त करती है।

यौगिक विज्ञान में, सनातन परम्परा में, यह वैज्ञानिक तथ्य प्रत्येक योगी के लिए एक अनुभव से उपजा सत्य है। यहाँ योगी शब्द से तात्पर्य उस व्यक्ति से है, जिसने अस्तित्व की एकात्मकता को जान लिया है। जब 'योग' की बात होती है तो इसका तात्पर्य कोई विशेष अभ्यास या तंत्र नहीं। ब्रह्माण्ड के इस असीम विस्तार को तथा अस्तित्व में एकात्म भाव को जानने की सारी चाह, योग है। महाशिवारात्रि की रात, इसी अनुभव को पाने का परम अवसर है।

एक और बात शिवरात्रि माह का सबसे अंधकारपूर्ण रात्रि होती है। प्रत्येक माह शिवरात्रि का उत्सव तथा महाशिवरात्रि का उत्सव मनाना ऐसा लगता है मानो हम अंधकार का उत्सव मना रहे हों। कोई तर्कशील मन अंधकार को नकारते हुए, प्रकाश को सहज भाव से चुनना चाहेगा।

**भारत** व पश्चिमात्य जगत में भारतीय संस्कृति संस्कार और जीवन मूल्यों के साथ वेदान्त के दिव्य ज्ञान को प्रसारित करने वाले महान विचारक मनीषी जे़कृष्णमूर्ति जी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

आपके ट्वीट

**जब** सत्ता का घमंड लोगों के जीने का अधिकार छीन ले, उसे तानाशाही कहते हैं। कानपुर की घटना से मन विचलित है। ये बुलडोजर नीति इस सरकार की क्रूरता का चेहरा बन गई है। भारत को ये स्वीकार नहीं।

**– राहुल गांधी**





**नई** राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में पढ़ाई के विकल्प के पीछे एक वजह यह भी है कि हमारे आदिवासी समुदाय के बच्चे शिक्षा में किसी से पीछे न रहें।

**– अन्नपूर्णा देवी**

खास बात

## डीसीएम का सफल ईलाज

**मेदांता** रांची ने एक 70 वर्षीय महिला का सफल इलाज किया है। इस महिला को डीसीएम यानी डाइलेटेड कार्डियोमायोपैथी बीमारी थी। अपनी एक्सपर्ट डॉक्टर्स की टीम, अत्याधुनिक तकनीक और मरीज के प्रति जिम्मेदारी के साथ मेदान्ता रांची सफल उपचार में लगातार उपलब्धि हासिल कर रहा है। मेदांता रांची ने एक 70 वर्षीय महिला का सफल इलाज किया है। इस महिला को डीसीएम यानी डाइलेटेड कार्डियोमायोपैथी बीमारी थी। उपचार के बाद महिला अभी एकदम स्वस्थ्य जीवन जी रही है।

मेदान्ता रांची के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी डॉ. मुकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि मेदांता रांची में एक 70 वर्षीय महिला का केस आया था। इनको शार्टनेस आफ ब्रेथ था। जिसकी ग्रेडिंग इनवाईएचए क्लास 4 थी। ये महिला रात में सो भी नहीं पाती थी। रात भर बैठ कर रहती थी। इनकी सांस इतनी फूल रही थी। मेदांता रांची में जब इनका इलाज शुरू हुआ तो बहुत सारे मेडिसिन दिए गए। लेकिन इन महिला मरीज की प्रॉब्लम ठीक नहीं हो पा रही थी। मरीज का इजेकशन फ्रेक्शन 27 प्रतिशत था, जबकि उनकी डायग्नोसिस डीसीएम था साथ ही इसीजी में एलबीबीबी था।

डॉ. मुकेश ने बताया कि इसके बाद मरीज को एक डिवाइस लगाने की प्लानिंग की गई। इस डिवाइस को सीआरटीडी कहा जाता है। उस डिवाइस को मेदांता रांची में गत गुरुवार को लगाया गया। डिवाइस को लगाने के बाद मरीज की इलाज में काफी सुधार है। पहले जितना शार्टनेस आफ ब्रेथ था, वह काफी कम हो गया है। इस डिवाइस को लगाने से धीरे-धीरे इसका इंप्रूवमेंट और बढ़ेगा। आने वाले 15 से 20 दिन में वो मरीज ऑक्सीजन के बिना वह अपना काम कर लेंगी। मेदांता रांची के कंसलटेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मुकेश ने बताया कि इस डिवाइस को लगाने के लिए सबसे पहले हृदय में 3 तार डालने होते हैं। 3 चेंबर में 3 तार इस डिवाइस को चलाते हैं। और साथ में इन वायर के साथ एक बैटरी कनेक्टेड होता है। जिसे पल्स जनरेटर कहा जाता हैं।

# जीव में शिव की अनुभूति का दिन है शिवरात्रि

**विजय केसरी**

**भगवान** शिव की उपासना से मानवीय जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं । भगवान शिव ने संसार के सभी प्राणियों को एक सूत्र में बांधा है । उनका यह बंधन वासुदेव कुटुंबकम की सीख प्रदान करता है । संसार के सभी प्राणी एक पिता परमेश्वर की संतान है। 'एको अहं, द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति!' अर्थात 'एक मैं ही हूँ दूसरा कोई नहीं। इसका अर्थ है, इस ब्रह्माण्ड मे एक ईश्वर ही है दूसरा और कोई नहीं। वही सर्व भूतों मे विद्यमान है। वही सर्वत्र रमा हुआ है। जितने भी स्वरूप दिखाई दे रहे हैं, सब मे उसकी सत्ता है।'जब ईश्वर एक हैं और हम सब उनके ही संतान हैं। तब क्यों अलग-अलग दिखाने और बताने की कोशिश करते हैं ? ईश्वर कई रूपों में विभक्त हैं, लेकिन उनके मूल में शिव ही सर्वोच्च स्थान पर विराजमान है ।ईश्वर ने हम सबों को एक ही माला में पिरोया है। हम सब आपस में किसी न किसी रूप से भाई - भाई हैं। शिव की उपासना रंग भेद, काले - गोरे, अमीर - गरीब, अगले - पिछड़े के भावों से मुक्त आत्मा की भक्ति होती है।

शिव तत्व सभी में समान रूप से विराजमान है। मनुष्य को दुःखी कर, परेशान कर, विश्वासघात कर कोई भी जगत का प्राणी खुश नहीं रह सकता। दीन दुखियों की सेवा ही सच्चे अर्थों में शिव की सेवा है। शिवरात्रि के दिन शिव की उपासना अर्थात लोक कल्याण की मनोकामना । शिव की उपासना अनंत काल से होती चली आ रही है और अनंत

पर्व

काल तक होती रहेगी। फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को मनाया जाने वाला महा शिवरात्रि का पर्व वैवाहिक संबंधों को एक नई ऊर्जा प्रदान करता है, साथ ही इस संबंध की मजबूती की भी सीख प्रदान करता है ।

शिव अर्थात कल्याण । शिव का नाम स्मरण करने मात्र से एक असीम शांति की अनुभूति होती है । हमारे धर्म शास्त्रों में ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव के निरंतर जाप से लोक और परलोक दोनों सुधारते हैं। आज की बदली परिस्थिति में जहां चंहुओर अशांति, घृणा व्याप्त है । इनसे मुक्ति का एक ही सर्वोत्तम उपाय है, शिव की उपासना । शिव जगत के सभी प्राणियों को जोड़ता है।

शिव के विचार अर्थात शिव तत्व की स्वयं में अनुभूति है। शिव तत्व का मायने स्वयं में उल्लास व आनंद की अनुभूति है । शिव का मतलब सत्यम, शिवम, सुंदरम है। सत्य ही शिव है। शिव ही सुंदर है। अर्थात स्वयं में सत्य की अनुभूति करना ही सत्यम, शिवम, सुंदर है। मनसा, कर्मना, वाचा से सत्य का पालन करना ही शिव तत्व की अनुभूति है। शिव जगत में हर जगह समान रूप से व्याप्त है। शिव तत्व, जड़ और चेतन दोनों में समान रूप से व्याप्त है ।

शिव को जागृत करना अर्थात स्वयं में शिव तत्व को स्थापित करना है । महाशिवरात्रि का पर्व इसलिए मनाया जाता है कि स्वयं में शिव तत्व को स्थापित करना है। शिव पुराण के अनुसार आज के ही दिन जगतगुरु भगवान शिव और आदि शक्ति स्वरूपा पार्वती जी का विवाह संपन्न हुआ था । हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व के उपरांत सभी वैवाहिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाते हैं। भगवान शिव, आदि शक्ति स्वरूपा को वरण कर यह बताना चाहते हैं किआदि शक्ति स्वरूपा को वरण करने की शक्ति सिर्फ उन में ही है। आदि शक्ति स्वरूपा माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए घनघोर तपस्या की थी। बर्षों जंगलों में एकांतवास की थी। सूखे पत्ते खाकर जीवित रही थी। माता पार्वती को इतनी घनघोर तपस्या करने के पश्चात भगवान शिव पति के रूप में प्राप्त हुए थे। आदि शक्ति स्वरूपा से पूर्व किसी ने भी ऐसी घनघोर तपस्या नहीं की थी।

# विकास जरूरी है लेकिन पर्यावरण को नुकसान पहुंचा कर नहीं

**मनोज शर्मा**

**नदियों** के अविरल-निर्मल पक्ष की अनदेखी करते हुए उनकी लहरों पर व्यावसायिक सवारी के लिए जलमार्ग प्राधिकरण। पत्थरों के अवैध चुगान व रेत के खनन के खेल में शामिल खुद शासन-प्रशासन के नुमाइंदे। गंगा की जमीन पर पटना की राजेन्द्र नगर परियोजना। लखनऊ में गोमती के सीने पर निर्माण। दिल्ली में यमुना की जमीन पर विद्युत संयंत्र, अक्षरधाम, बस अड्डा, मेट्रो अड्डा, रिहायशी-व्यावसायिक इमारतें आदि आदि। प्रकृति विरुद्ध ऐसे कृत्यों के दुष्परिणाम हम समय-समय पर भुगतते रहते हैं; बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा खुद अपने तथा समय-समय पर अदालतों द्वारा तय मानकों, कानूनों, आदेशों व नियमों की धज्जियां उड़ाने के काम जारी हैं। इसकी ताजा बानगी दो खास सड़क परियोजनायें हैंः चारधाम और गंगा एक्सप्रेस-वे।

**चारधाम ऑल वेदर रोड : मानकों की अनदेखी**

बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा के मुख्य तीर्थ यही हैं। ये चारों धाम क्रमशः अलकनंदा, मंदाकिनी, भगीरथी और यमुना के उद्गम क्षेत्र में स्थित हैं। चारों धामों को आपस में जोड़ने वाली सड़कों पर वाहनों की गति तेज करने के लिए चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना नियोजित की गई है। परियोजना के नियोजक, परियोजना की सड़कों को 12 मीटर

सामयिक

चौड़ा करने की जिद्द पर अड़ें हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित रवि चोपड़ा की अध्यक्षता वाली हाईपावर कमेटी ने चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना की सड़कों की चौड़ाई को 5.5 मीटर तक सीमित करने की सिफारिश की है। इस सिफारिश का आधार, केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा 23 मार्च, 2018 को जारी एक परिपत्र है। जबकि केन्द्र सरकार ने अपने ही परिपत्र को यह कहते हुए नकार दिया है कि परिपत्र भविष्य की परियोजनाओं पर लागू होता है, चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना पर नहीं।

**हितों पर भारी निजी हित**

पूछने लायक सवाल है कि यदि परिपत्र में दिए मानकों का मंतव्य पर्यावरणीय क्षति को न्यून करना है तो फिर उन्हे लागू करने के लिए वर्तमान और भविष्य में भेद करने का औचित्य ?

ऐसे में सत्तारुढ़ दल पर किसी खास के हितों के लिए पर्यावरणीय हितों की अनदेखी का आरोप लगे तो क्या गलत है ? गौरतलब है कि शासन ने ऐसा सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह याद दिलाने के बावजूद किया कि चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, एक निमार्णाधीन परियोजना है और परिपत्र के मानक यहां भी लागू होते हैं। इतना ही नहीं, चारधाम परियोजना को शासन के मनचाहे तरीके से निर्मित कराने के लिए कमेटी अध्यक्ष हस्ताक्षरित रिपोर्ट पर गौर करने की बजाय, कुछ सदस्यों द्वारा अलग से रिपोर्ट पेश कराने का खेल खेला गया।....और अब शासन, संवैधानिक कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए हाईपावर कमेटी के संचालन में लगातार अनैतिक हस्तक्षेप कर रहा है। उत्तराखण्ड शासन भी पर्यावरण संबंधी मानकों व वैज्ञानिक आधारों की बजाय, बहुमत-अल्पमत आधारित राय का राग अलाप रहा है, मामला विचाराधीन होने के बावजूद निर्माण कार्य को जारी रखे हुए है। वन कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए दरख्तों को काटने से भी उन्हे कोई परहेज नहीं है। जल-विद्युत परियोजनाओं के निर्माण तथा संचालन के दौरान हिमालयी हितों की अनदेखी पहले से जारी है ही।

**(पत्रकारिता विभाग रांची विवि)**


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## मतगणना कर्मियों का रैंडमाइजेशन



रामगढ़। विधानसभा उप चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की उपस्थिति में मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों एवं मतगणना प्रेक्षकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त, कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी स्थापना शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

## शिवरात्रि को ले मंदिर की तैयारी पूरी



रामगढ़। कैथा प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारी पूरी कर ली गई है। कैथा प्राचीन शिव मंदिर में पूजा उत्साह पूर्वक महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि जागरण,खीर और खिचडी महाभोग का वितरण, हरि कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर की साज सज्जा की गई है। राजेश महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनीता चौधरी होंगी। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुख्य पुजारी समीर चटर्जी,सचिव राजकुमार महतो कोषाध्यक्ष देवधारी महतो, उपाध्यक्ष रतनराम,डिया महतो, संजय कुमार,परितोष चटर्जी,मनोज कुमार महतो,अजय आस्था,अमित कुमार दास,अजय यादव सहित सम्मानित कैथावासी जुटे हैं।

## कराटे के लिए चार सदस्यों का चयन

बासल (रामगढ़)। 17 से 19 फरवरी तक उत्तराखंड के देहरादून में होने वाले ऑल इंडिया सीनियर कराटे प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला के चार सदस्यो का चयन हुआ है। इस टीम में एक महिला एवं तीन पुरुष शामिल हैं। उक्त जानकारी देते हुए रामगढ़ जिला संघ के अध्यक्ष सह शोकफ के मुख्य प्रशिक्षक नरेंद्र सिन्हा एवं सचिव शशि पांडेय ने बताया कि ये सभी गत दिन रामगढ़ में झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर कराटे प्रतियोगिता में अपने-अपने ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त किये थे। चयनित खिलाड़ियों में मानसी कुमारी, प्रवीण कुमार, सत्यम कुमार एवं चंद्र प्रकाश उपाध्याय शामिल हैं।

## महुआटोला में सरना प्रार्थना सभा



भुरकुंडा (रामगढ़)। लपंगा पंचायत के महुआटोला स्थित सरना स्थल में 8वें वर्षगांठ पर शुक्रवार को सरना प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य पाहन राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, रामगढ़ जिला अध्यक्ष नागेश्वर मुंडा, सरना रत्न बिरेंद्र भगत की पत्नी निर्मला भगत, राष्ट्रीय धर्म गुरू डॉ.प्रवीण उरांव व प्रदेश धर्म गुरू राजेश लिण्डा मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर संरक्षक पहान महादेव बेदिया, अध्यक्ष अनिल बेदिया, सचिव मीणा बेदिया, कोषाध्यक्ष गीता बेदिया, उपाध्यक्ष सारो बेदिया, सह सचिव गुड़िया बेदिया, उपकोषाध्यक्ष तारनी बेदिया आदि मौजूद थे।

## 10वीं के छात्र को तालाब में फेंका

गोला। उउवि मुरपा के 10वीं कक्षा के छात्र को दो अज्ञात लोगों ने शुक्रवार को दस बजे के करीब विद्यालय के कुछ दूरी पर स्थित एक तालाब में जान से मारने की नीयत से फेंका। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों को देखकर अपराधी वहां से भाग निकले। युवक किसी तरह तालाब से निकला और स्कूल पहुंचकर आपबीती शिक्षकों को बताया। इसकी जानकारी शिक्षकों ने युवक के पिता को दी। युवक के पिता ने पंचायत के मुखिया कुलदीप साव के साथ पुत्र को लेकर थाना पहुंचे और एक आवेदन दिया है। 10 बजे के करीब वो जैसे ही शौच के लिए स्कूल के पिछे तरफ गया तो पहले से घात लगाये बैठे दो लोगों ने मेरे पुत्र का मुंह रुमाल से बंद कर दिया और उठाकर उसे विद्यालय के कुछ दूरी पर स्थित एक तालाब में फेंक दिया।

## माध्यमिक शिक्षक संघ के वनभोज में कल शामिल होंगे कई दिग्गज

हजारीबाग। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा आगामी रविवार को आयोजित होने वाले वनभोज कार्यक्रम में राजनीतिक व प्रशासनिक क्षेत्र के कई दिग्गज शिरकत करेंगे। इसे लेकर संघ के पदाधिकारी कार्यक्रम को भव्य रूप देने में लगे हैं। शिक्षा जगत के नामी-गिरामी लोगों को कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए निमंत्रण पत्र बांटे जा रहे हैं। कार्यक्रम में कई शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों को विदाई भी दी जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है। संघ के जिला अध्यक्ष विजय कुमार मसीह ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से लोगों को एक-दूसरे से मिलने का मौका मिलता है। संघ के जिला सचिव रविंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि मुख्य अतिथियों में सदर विधायक मनीष जायसवाल, बरही विधायक उमा शंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल सहित उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित के नाम शामिल हैं। वहीं विशिष्ट अतिथियों में आरडीडीई सुमनलता टोपनो बलिहार, डीईओ उपेंद्र नारायण, डीएसई संतोष गुप्ता व माध्यमिक संघ के राज्य महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह शामिल होंगे। संघ सचिव ने बताया कि वनभोज कार्यक्रम प्रेस क्लब भवन के पास झील परिसर में आयोजित होगा। उन्होंने शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों, मीडियाकर्मियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। संघ के कार्यकारिणी सदस्य मधुसूदन कुमार सिंह ने कहा वनभोज में आने वाले लोगों के लिए वेज व नॉन-भेज दोनों प्रकार के व्यंजनों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि वनभोज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इसके माध्यम से कला क्षेत्र के दिग्गज अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# एनएच-31 पर अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस

**बरही में रैयतों ने तिरंगा झंडा लेकर गांधीवादी तरीके से किया विरोध, कहा- कॉमर्शियल रेट पर मिले मुआवजा**

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर बरही अनुमंडल पुलिस प्रशासन व एनएचएआई की पूरी टीम पटना रोड एनएच-31 सड़क चौड़ीकरण के दौरान भवनों को तोड़ने जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे। जिसे देखते ही विस्थापित रैयत काफी आक्रोशित हो गए। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों की मौजूदगी में कुछ अतिक्रमित भूमि को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। एसडीओ पूनम कुजुर, भूमि उपसमाहर्ता अजय भगत, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, एनएचएआई के क्षेत्रीय अभियंता मुकेश कुमार ने रैयतों को काफी समझाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण होने से यहां के लोगों को ही फायदा होगा। सरकार के निर्देश पर सभी कार्य किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर से सड़क चौड़ीकरण नहीं हो रहा है। कहा कि बरही चौक से लेकर कोबरा वाहिनी 203 तक ही परेशानी है। सड़क नही बनने से यहां के लोगों को काफी समस्याएं हो रही है। करीब तीन माह से कार्य बाधित है।

उपायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। उन्होंने रैयतों से आग्रह किया है कि स्वेच्छा से सभी रैयत अतिक्रमण को हटा लें। अन्यथा कल भी यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगा। इतना ही नही पुलिस प्रशासन नही चाहती है कि किसी भी रैयत का कोई नुकसान हों। रैयतों का कहना है कि एनएच 31 सड़क अतिक्रमण में उन्हें कम मुआवजा के साथ कॉमर्शियल रेट देने को लेकर उनकी मांग है जो जायज है।

रैयतों ने कहा कि उनकी मांग जब तक पूरी नहीं होती है तब तक कुछ समय के लिए उन्हें और मोहलत दी जाए। अतिक्रमण हटाने के दौरान सीआई सतीश कुमार सिन्हा, एमओ मुकेश कुमार, बीएओ आजाद सिंह समेत बरही थाना के पुलिस बल व जिला से दर्जनों की संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे। इधर रैयतों में मनोज केशरी, ईश्वर गुप्ता, भगवान केशरी, चंदन कुमार समेत दर्जनों की संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।

# कुजू रेलवे यार्ड में फायरिंग, दहशत

**मैनेज करने को लेकर छोड़ा पर्चा कोयला व्यवसायी को दी धमकी**

खबर मन्त्र संवाददाता



कुजू। कुजू रेलवे साइडिंग में लेवी को लेकर लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र के लोग दहशत में है। पिछले कई दिनों से लिफ्टर, ट्रांसपोर्टर व लोडर टीएसपीसी के सदस्यों द्वारा मैनेज करने को लेकर व्हाटसअप पर धमकी देने बाद बुधवार की देर रात्रि बाइक सवार तीन अपराधियों ने कुजू रेलवे साइडिंग के अक्षित देव इंटरप्राइजेज में तीन हवाई फायरिंग किया। जिससे वहां काम करने वाले कर्मी पूरी तरह डरे सहमे है। अपराधी सफेद रंग के अपाचि बाइक पर सवार होकर यार्ड पहुंचे। साथ ही हवा में तीन फायरिंग करते हुए धमकी भरा पर्चा को छोड़ा। घटना की सूचना पाकर कुजू ओपी प्रभारी बलवंत दूबे साइडिंग पहुंचे। मौजूद कर्मियों से घटना की जानकारी ली। छोड़े गये पर्चा को बरामद किया। जारी किये गये पर्चा में भरत जी नामक व्यक्ति का नाम लिखा हुआ है। एसडीपीओ किशोर कुमार रजक यार्ड पहुंचकर मामले की जानकारी ली। अपराधियों द्वारा कुजू रेलवे साइडिंग में फायरिंग करने के बाद छोड़े गये पर्चा में लिखा है कि आप लोगों को पहले ही सूचित किया गया था। जितने भी कोयला ट्रांसपोर्टर काम कर रहे है इसमें आप लोग टीएचपीसी संगठन को बिना मैनेज किये काम कर रहे है। अगर आप संगठन को मैनेज नहीं करते है तो संगठन आपके खिलाफ कार्रवाई करेगी। इसका जो भी जान-माल का नुकसान होगा इसके जिम्मेवार सिर्फ कोयला ट्रांसपोर्ट, लिफ्टर, रैक लोडर के लोग होंगे। संगठन की बातों को अनसुनी न करें। अन्यथा इससे भी बड़ा घटना घट सकता है, और इस कोयलांचल क्षेत्र का काम लोकल लोगों को मिलना चाहिए।

# दारू में प्रज्ञा केंद्र संचालक से मांगी 50 लाख रंगदारी

**प्रकाश कुमार रह चुके है पूर्व मुखिया प्रत्याशी, दारू थाना एसडीपीओ और एसपी को चिट्ठी लिख लगायी जानमाल की गुहार**

दारू। प्रज्ञा केंद्र के संचालक तथा दारू पंचायत से पूर्व मुखिया प्रत्याशी प्रकाश कुमार से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी नहीं देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई है। अपराधियों ने एक कॉम्प्यूटर से टाइप किया हुआ पर्चा छोड़कर रंगदारी व जान से मारने की बात कही है प्रज्ञा केंद्र के संचालक प्रकाश कुमार ने बताया कि 15 फरवरी को रात्रि 9 बजे उसके केंद्र के बाहर खड़े बाइक पर एक व्यक्ति ने आकर पर्चा छोड़ दिया जिसका सीसीटीवी फुटेज में कमर से नीचे पैर व सफेद रंग का पेंट और इसी रंग का जूता पहन रखा है उसका पूरा चेहरा नही नजर आ रहा था। इस पर्चा में कहा गया कि एक माह के अंदर वह रंगदारी की रकम दे अन्यथा उसे और उसके चाहने वाले परिवार के सदस्यों को भी मार दिया जाएगा। प्रकाश ने बताया कि इसके पूर्व भी उसे दो बार पर्चा देकर धमकाया जा चुका है जिसके संबंध में दारू थाना में आवेदन दिए जाने के बाद सनहा दर्ज किया गया था। पर्चा मिलने के बाद वह और उसका पूरा परिवार काफी डरा हुआ है । इस संबंध में भुक्तभोगी प्रज्ञा केंद्र के संचालक और पूर्व मुखिया प्रतियाशी ने दारू थाना, एसडीपीओ विष्णुगढ़ और जिले के एसपी को आवेदन देकर अपनी जानमाल की रक्षा करने और दोषियों के खिलाफ करवाई करने का आग्रह किया है। आवेदन में दारू पंचायत के मुखिया सुनील कुमार उर्फ भोला,अरुण सिंह पिता इंद्रनाथ सिंह दारूडीह, सतीश कुमार पिता बालेश्वर राम सुल्तानी,रामचंद्र प्रसाद पिता हारो महतो बसोबार निवासी पर शक जाहिर करते हुए इनलोगों पर आरोप लगाया है । इस बारे में दारू थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि उन्हें मिले आवेदन के आधार पर जांच की जा रही है कुछ अन्य सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है जल्द ही ऐसा करने वाले सलाखों के पीछे होंगे।

## कृषि बाजार शुल्क के विरोध में व्यवसायियों ने निकाला जुलूस

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा खाद्यान्न व्यवसायियों ने झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक के खिलाफ में शुक्रवार को काला झंडा के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाला। जुलूस भुरकुंडा बाजार से निकलकर मेन रोड, जनता टॉकिज, बिरसा चैक होते हुए मतकमा चौक पहुंचा। खाद्यान्न व्यवसायियों ने कृषि बिल के विरोध में झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर व्यवसायियों ने कहा कि झारखंड सरकार ने दो प्रतिशत कृषि शुल्क लगा दिया है। जिसके विरोध में खाद्यान्न व्यवसायियों ने राज्य व्यापी अनिश्चितकालीन दुकान बंद रखने का आह्वान किया है। कहा गया कि जब तक सरकार विधेयक वापस नहीं लेती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। विरोध करने वालो में राकेश कुमार, पिंटु अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अजय गोयल, अजीत कुमार, मनोज कुमार, सोहन चैधरी, प्रमोद शर्मा, अशोक कुमार, शिवकुमार गुप्ता, रविंद्र कुमार, अजय बंसल, मनोज गुप्ता, विकास कुमार, आशीष आनंद, बसंत लाल श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, सुर्दशन प्रसाद सहित दर्जनो व्यवसायी आदि मौजूद थे।

# व्यवसायियों ने कृषि मंत्री का फूंका पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। कृषि शुल्क के विरोध में अनिश्चित कालीन हड़ताल तीसरे दिन जारी रहा। बरही के व्यवसायियों ने चारो रोड घूमकर पुनः बरही चौक पहुंचकर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला दहन कर बिल पर अपना विरोध दर्ज किया। इस दौरान व्यवसायियों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर आवाज बुलंद की। व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कपिल केसरी ने कहा कि विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यदि सरकार इस विधेयक को जल्द वापस नहीं लेती है तो पूरे राज्य भर में खाद्य वस्तुओं का व्यापार पूर्णतः बंद कर लिया जाएगा। ऐसे में जनता को होने वाले कष्ट के लिए झारखंड सरकार पूरी तरह से उत्तरदायी होगी। उन्होंने कहा कि इस बार व्यापारी वर्ग अटूट एकजुटता व पूरी ताकत के साथ सरकार की गलत व्यापारिक नीतियों का विरोध कर रहे है। इसके बाद भी यदि सरकार अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ती है तो उन्हें दूरगामी परिणाम भी भुगतना होगा। विदित हो कि इस बिल के झारखंड में लागू होने के पश्चात मोटे अनाज धान, चावल, गेहूं, आटा, मीट, मच्छली समेत अन्य खाद्यान्न वस्तुओं में वर्तमान दर में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी। इसका असर महंगाई की मार पहले से झेल रहे आम लोगों पर पड़ेगा।अभी वर्तमान में शादी-विवाह के लग्न होने से खाने-पीने की सारे सामग्रियों की जरूरत रहती है। लेकिन, शहर की दुकान बंद होने के कारण सबसे अधिक परेशानी लोगों को हो रही है। पुतला दहन में व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, मनोज केशरी, आशीष केशरी, बिजय जयसवाल, चंदन जायसवाल, मंजीत गुप्ता, राकेश गुप्ता, बिनोद केशरी, रंजीत केशरी, बिजय जायसवाल, मंटू कुमार, राहुल केशरी, जयराम केशरी, सुजीत कुमार, प्रदीप केशरी, शंकर केशरी, गौतम केशरी, रमेश केशरी, गणेश साव, शिव कुमार, नरेश गुप्ता, गुड्डू केशरी, सुबोध केशरी, जयराम केशरी, सागर केशरी, अनुज साव सहित अन्य व्यवसायी मौजूद रहे।

# सोनिया ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण

कटकमदाग। हजारीबाग तीरंदाजी संघ के खिलाड़ी सोनिया कुमारी ऑल इंडिया इंटर साई तीरंदाजी प्रतियोगिता में ओलंपिक राउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर जिला का नाम रोशन किया है। संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि हजारीबाग कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र कुसुंभा पंचायत के सिरका गांव के निवासी अशोक कुमार यादव की पुत्री ने पदक जीतकर प्रखंड और जिला का नाम रोशन किया। संघ के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि



सोनिया कुमारी लगातार 9माह से प्रशिक्षण भारत सरकार द्वारा संचालित भारतीय खेल प्राधिकरण इकाई पदमा सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। मौके पर आलोक कुमार मनोज कुमार, उधम सिंह,प्रेम सिंह राकेश रंजन प्रदीप कुमार मुखर्जी राजकुमार साव, पन्नालाल ,कैलाश प्रजापति, दीपक कुमार ,अबोध राम, महादेव कुमार महतो, विनोद कुमार, दुर्गेश कुमार आशीष कुमार ,अलीशाब टूडू ,फूलमती कुमारी, रानी कुमारी, आर्यन कुमार कोलेश्वर गोप, अजीत कुमार साहू,एवं अन्य खेल प्रेमी ने बधाई दी।

## श्री अग्रसेन स्कूल में डिबेट आयोजित

भुरकुंडा । श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों की दो टीम ने हिस्सा लिया। डिबेट में दोनों टीमों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पक्ष-विपक्ष में तर्क रखा। टीम ए नेकहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण त्रुटियों को किसी भी कार्य की सटीकता को और बढ़ाया जा सकता है।

# झारखंड को झामुमो ने बेचा, कांग्रेस ने खरीदा : सुदेश

**गोला प्रखंड के आधा दर्जन पंचायतों में आजसू प्रमुख की नुक्कड़ सभाएं**

खबर मन्त्र संवाददाता



गोला। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष शुक्रवार को गोला प्रखंड के आधा दर्जन पंचायतों में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने नुक्कड़ सभाएं की। उन्होंने नुक्कड़ सभा के माध्यम से हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा तीन साल से हेमंत सरकार झारखंडी जन- भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया है। यह सरकार शिक्षित युवा वर्ग को छलने का काम कर रही है।1993 में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा झारखंड को बेचने का काम किया , वहीं पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी ने खरीदने का भी आरोप लगाया। आजसू सुप्रीमो ने कहा कि पूर्व मंत्री सह वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के 15 बर्षो तक रामगढ़ की जनता को हर सुख दुख में साथ दिया। साथ ही रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करने का काम किया। पूर्व में रामगढ़ जिला झारखंड के नंबर वन की श्रेणी में था। वहीं, वर्तमान सरकार ने रामगढ़ जिला को झारखंड के अंतिम पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया। गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह गोला चुनाव प्रभारी डॉक्टर लंबोदर महतो ने कहा कि चंद्रप्रकाश चौधरी के अथक प्रयास से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सड़क , बिजली , पानी, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज के अलावे रामगढ़ को जिला बनाने में अहम भूमिका निभाई है। सरगडीह, नावाडीह, पूरबडीह,कम्हरदग व संग्रामपुर नुक्कड़ सभा किया। सभा में हजारों महिला-पुरुष शामिल हुए।

एक नजर में

## जलयात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ



बरही। मलकोको पंचायत के गोहमदवा टांड में श्री श्री 1008 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ प्रारंभ जल यात्रा के साथ शुरू किया गया। इस जलयात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं मलकोको पंचायत मुखिया विजय कुमार यादव सम्मिलित हुए।जलयात्रा में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि के अलावा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित शामिल हुए। इस महायज्ञ संचालक सह मीडिया प्रभारी केदार राणा, अध्यक्ष मिश्र लाल राणा, सचिव राजू राणा, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह, सदस्यगण में शंकर राणा, हीरालाल ठाकुर, विजय राणा, दिनेश राणा, मुकेश ठाकुर, दिनेश जी, चंदन सिंह, रोहन राणा, अर्जुन सिंह तथा समस्त ग्रामवासी कलश यात्रा में शामिल हुए।

## महाशिवरात्रि को ले निकली कलश यात्रा

टाटीझरिया। अमनारी शिव मंदिर में नंदी बाबा की मूर्ति स्थापना एवं महाशिवरात्रि को लेकर शुक्रवार को भव्य जल कलश यात्रा निकाली गई। अमनारी शिव मंदिर से पूजन के बाद जल कलश यात्रा प्रारंभ होकर गांव भ्रमण करते हुए बौधा डैम पहुंचा। पंडितो द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरवाया गया। कलश यात्रा में भगवान शंकर के जयकारों की गूंज रही। पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पांच यजमान पत्नी के साथ शामिल हुए। इसमें उपेंद्र पांडेय पत्नी मुखिया स्वस्तिका कुमारी, सुरेश महतो, प्यासी देवी, राजू कुमार, सुनीता देवी, टेकलाल प्रसाद, पुष्पा कुमारी, नंदू प्रसाद शामिल हुए। छोटेलाल पांडेय, रामचंद्र पांडेय, केदार पांडेय, महेंद्र पांडेय, सुरेश पांडेय, कामेश्वर पांडेय के द्वारा विधि विधान से पूजा कराई गई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से जिप सदस्य रामप्रसाद, महेश अग्रवाल, राजू यादव, सोनू पांडेय, फूलचंद महतो, रामचंद्र महतो, दशरथ प्रसाद, मदन कुमार, किशोर वर्मा, धानेश्वर पासवान, निर्मल महतो, जानकी महतो, नागेश्वर मिस्त्री, माधो सिंह समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर

विष्णुगढ़। संसाधन केंद्र विष्णुगढ में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। तेरह फरवरी से शुरू हुए प्रशिक्षण शिविर में दो बैच में अस्सी शिक्षक-शिक्षिकाओं को एफएलएन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन विष्णुगढ के बीडीओ संजय कांगोडी, बीआरसीसी बंशीधर राम, बीपीएम कुणाल चौरसिया, बीआरपी जलेश्वर प्रसाद, मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार, शंभु प्रसाद व प्रवीण कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया था। मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार ने बताया कि निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा एक से तीन तक के बच्चों में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान विकसित करने के लिए विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले दिन प्री-टेस्ट के बाद निपुण भारत मिशन के विकासात्मक चरण, सामाजिक एवं भावात्मक शिक्षा के प्रमुख घटक एवं प्रभावित करने वाले कारक, भाषा और साक्षरता, लैंगिक समानता, भाषा विकास के प्रमुख घटक, मौखिक भाषा विद्यालय, डिकोडींग, पढ़ने की संस्कृति, स्कूल रेडिनेस, मूलभूत संख्या ज्ञान के मुख्य घटक, शिक्षक हस्त पुस्तिका, पाठ योजना, आकलन आदि के बारे में अगल-अलग सत्रों में विस्तार से मास्टर ट्रेनरो ने जानकारी दी। साथ ही सार्थक परिचर्चा भी हुई।

## बीडीजेजे इंटर कॉलेज के कर्मियों की हड़ताल

दारू। वित रहित संयुक्त शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के आव्हान पर शुक्रवार को अपने कई मांगो को लेकर हड़ताल किया। हड़ताल की अध्यक्षता शिक्षक प्रतिनिधि प्रो बसंत नारायण ने किया। जिससे महाविद्यालय में पठन-पाठन ठप हो गया। शिक्षकों ने अपनी मांगों के समर्थन में महाविद्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर जमकर नारेबाजी की। प्राचार्य प्रो भुनेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि हम वित्त रहित महाविद्यालय व स्कूलों को बार बार जांच कराने की आदेश जारी करती है। इससे हम सभी संस्था को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हम जांच से नही घबरा रहे है लेकिन नियमानुसार जांच की मांग करते है। अभी शिक्षा सचिव के रवि कुमार के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी से जांच का आदेश निकाल दिया है जबकि पूर्व में उपायुक्त के द्वारा सभी वित्त रहित संस्थाओं की जांच कराया जा चुका है फिर जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा जांच का औचित्य नही है। हमारी मांग है कि झारखंड अधिविध परिषद अधिनियम 2002 संशोधित अधिनियम 2006 नियमावली 2005 एवं संशोधित नियमावली 2006 तथा माध्यमिक विद्यालय नियमावली 2008 के अनुसार जांच कराई जाय। मौके पर सुरेश प्रसाद वर्मा, मीना कुमारी, अनुग्रह नारायण शर्मा, बैदनाथ प्रसाद, दिलचंद शर्मा, संजय कुमार, प्रह्लाद सागर, सुनीता कुमारी, खेमलाल यादव , शशि शेखर मिश्र, लीला कुमारी, सुदर्शन प्रसाद, इंद्रनाथ प्रसाद सहित सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी शामिल थे।

## अलौंजा खुर्ल पंचायत में 23 तक ग्रामसभा

इचाक। अलौंजा खुर्ल पंचायत अन्तर्गत 17 से 23 फरवरी तक की जाएगी ग्राम सभा। उक्त बाते पंचायत के मुखिया सकेंद्र मेहता ने कही। उन्होने कहा की 17 फरवरी से 23 फरवरी तक ग्राम सभा अयोजित किया जायगा। जिन लोगो को ग्राम सभा में योजना को चढ़ाना हो वैसे व्यक्ति इस ग्राम सभा में आकर योजना जरूर चढ़ा ले। पंचायत सेवक मनोज कुमार दुबे ने पंचायत के लोगो से अपील किया की ग्राम सभा में 14वी वित, 15वी वित, मनरेगा और आवास आदि चीजों को ग्राम सभा में चढ़ा ले। संबंधित जानकारी देते हुए रोजगार सेवक विनय रजक ने बताया की योजना जैसे कूप, डोभा, टीसीबी, मेढबंदी, नाली, गली, चबूतरा, पीसीसी रोड, चापाकाल, कूप रिपेयर, गाय बकरी सेड, छठ घाट, समशान घाट, आदि योजना ग्राम सभा में आकर चढ़ा ले। बीएफटी रीतलाल मेहता ने बताया की ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना भी चढ़ेगा।

## प्रशिक्षु आइएएस मजूमदार का प्रशिक्षण समाप्त

दारू। प्रशिक्षु आइएएस शताब्दी मजूमदार ने दारू बीडीओ के रूप में अपना 45 दिन का प्रशिक्षण अवधि को 16 फरवरी को पूरा किया। शुक्रवार को उन्होंने प्रभार पूर्व वीडियो सुशील कुमार राय को विधिवत रूप से सौप दिया। प्रशिक्षु आईएस ने बताया कि उनकी प्रशिक्षण के दौरान पूरे प्रखंड क्षेत्र के लोगों का भरपूर सहयोग मिला। यहां के लोग बहुत ही अच्छे और मिलनसार है। प्रखंड के सभी स्टाफ की उन्होंने तारीफ करते हुए कहा कि सभी कर्मी बहुत ही बेहतर ढंग से अपने अपने कार्य का निर्वहन कर रहे है पूरे प्रशिक्षण अवधि के दौरान इनका भरपूर सहयोग मिला। प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां की समस्याओं का जानने और उसका समाधान करने का प्रयास किया।स्वास्थ्य केंद्र हरली के निर्मित और जर्जर होती भवन का निरीक्षण कर उसे चालू करने का प्रयास किये साथ ही सरस्वती उच्च विद्यालय दारू और उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेड़कुरी में बच्चों के साथ काउंसलिंग कर उनसे बातचीत करना काफी अच्छा अनुभव रहा।प्रशिक्षु ने बताया कि अभी वह जुलाई तक जिले में रहेंगी इस दौरान उनका किसी अंचल में अंचलाधिकारी के पद पर भी कार्य करना है।

## डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान की शुरुआत

बिष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होबार पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान की शुरुआत की गई जिसमें गाल्होबार पंचायत के मुखिया मंजू देवी बीपीएम रामगिरी उरांव सामुदायिक समन्वयक सुजीत कुमार ट्रेनर गुड़िया देवी गुड़िया कुमारी विद्यालय के शिक्षक के अलावे वार्ड सदस्य जेएसएलपीएस के सदस्य शामिल थें प्रशिक्षण में डिजिटल इंडिया, डिजिटल ट्रांजेक्शन, वित्तीय साक्षरता, ऑनलाइन भुगतान, डीजे पे गूगल पे फोन पे क्युआर कोड एंड मोबाइल बैंकिंग बीमा पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, आयुष्मान भारत, धोखाधड़ी से बचाव आदि शामिल है ।

# सोने जैसा दमका स्वर्णरेखा-खरकाई का संगम स्थल दुमुहानी, शाही स्नान आज, महाशिवरात्रि को लेकर सवा किमी लंबा बालू घाट तैयार

● आज शाम में बनारस से आये पंडित करेंगे भव्य गंगा आरती ● शाम सात बजे से भोजपुरी स्टार भरत शर्मा की भजन संध्या

## शाही स्नान के बाद रुद्राभिषेक का होगा आयोजन : बन्ना गुप्ता

**विशेष संवाददाता/सत्येन्द्र कुमार**

**जमशेदपुर।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री एवं जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता ने स्वर्णरेखा और खरकाई के संगम स्थल दोमुहानी को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर लाने को कमर कस ली है। इसी क्रम में प्रथम महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन 18 फरवरी को होने जा रहा है। महा शिवरात्रि महोत्सव को मद्देनजर सवा किलोमीटर की लंबाई और आधे किलोमीटर की चौड़ाई में नदी बालू घाट घाट का समतलीकरण किया गया है। और यहां साफ-सफाई इतनी अच्छी हुई है कि नदी का घाट मखमली बालू से अपने सौंदर्य की अलौकिक आभा बिखेर रहा है।

चांडिल डैम से स्वर्णरेखा नदी में ताजा पानी छोड़ा गया है जिससे नदी का प्रवाह तेज हुआ है और जल की अविरल धारा पवित्र हुई है। इसी अविरल धारा में महाशिवरात्रि की सुबह 6:00 बजे से नागा सन्यासी व साधु- संत शाही स्नान करेंगे। कोल्हान के सभी मठ और मंदिरों के साधुओं को शाही स्नान में भाग लेने के लिए मंत्री बन्ना गुप्ता ने निजी रुप से आमंत्रित किया है। इसके अलावा बनारस और हरिद्वार से भी साधु संत यहां शाही स्नान में भाग लेने आ रहे हैं। साधु-संतों को शाही स्नान कराने के पश्चात उनको नदी तट पर भोग ग्रहण कराया जाएगा और दक्षिणा दी जाएगी। शाही स्नान पहली बार जमशेदपुर ही नहीं पूरे कोल्हान में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन महाकुंभ के शाही स्नान की तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी आमंत्रित किए गए हैं । साधु-संतों के शाही स्नान के पश्चात नदी तट पर संगम स्थल पर महा रुद्राभिषेक आयोजन बनारस से आए विद्वान पंडित कराएंगे। खुद मंत्री बन्ना गुप्ता सपरिवार भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगे। दुमुहानी तट पर शाम 5:00 बजे से बनारस से आए 21 पंडितों का दल गंगा सह स्वर्णरेखा आरती करेगा। करीब 45 मिनट तक चलने वाले महाआरती को देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी आमंत्रित किए गए हैं। समतलीकरण और सफाई के पश्चात यहां एक साथ दो लाख से अधिक लोग आराम से गंगा आरती और महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित भजन संध्या का आनंद उठा सकेंगे। मानगो नगर निगम व जेएनएसी की ओर से यहां पर चलंत शौचालय की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा 500 से वोलेंटियर श्रद्धालुओं की मदद करने के लिए यहां तत्पर रहेंगे। गंगा आरती के पश्चात रात्रि 7:00 बजे से चर्चित भोजपुरी गायक भरत शर्मा व्यास अपने भजनों के जरिए लोगों को झुमायेंगे। मंत्री के निकट सहयोगी संजय सिंह आजाद ने कहा कि बन्ना गुप्ता चाहते हैं कि दोमुहानी मैं महाशिवरात्रि के अलावा महापर्व छठ और टुसु का विशाल आयोजन नदी तट पर किया जाए। इससे यहां रहने वाले झुग्गी-झोपड़ियों के लोगों को ठेला और रेहड़ी लगाकर रोजी-रोटी कमाने का मौका मिलेगा।



शाही स्नान और गंगा आरती के लिए तैयार दुमुहानी घाट।



पहली बार दुमुहानी घुमने आये युवा दल को घाट के विकास के बारे में बताते मंत्री बन्ना गुप्ता।

### शाही स्नान और गंगा आरती का नजारा लेगा प्रिष्टि दंपति



साकची हावड़ा ब्रिज निवासी हरिबंधु प्रिष्टि और ममता प्रिष्टि ने कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता ने बहुत अच्छा काम किए हैं। हमे खुशी है कि यहां हर साल शिवरात्रि महोत्सव होगा। यहां आये तो हम दंग रह गए। पहली बार दुमुहानी इतना स्वच्छ और सुंदर दिखा है। विश्वास ही नहीं हो रहा कि यह दुमुहानी ही है। मैंने बनारस की गंगा आरती नहीं देखी है, अब यहां गंगा आरती होने से मेरा वर्षों पुरानी इच्छा पूरी होगी।

### दुमुहानी का ऐसा सौदर्य पहली बार देखा : नरसिंह



नरसिंह, रामनगर हाड़गोदाम निवासी व टाटा स्टील से सेवानिवृत नरसिंह आज दुमुहानी घाट की सफाई और स्वच्छता से निखरे सौंदर्य देख कर मोहित हो गए। पहली बार एक किमी लंबा-चौड़ा घाट का समतलीकरण सह स्वच्छता अभियान चला है। 70 साल के जीवन में पहली बार दुमुहानी का ऐसा सौंदर्य निखरा है। काश, यह हर दिन ऐसे ही चमकता-दमकता रहे। ऐसे आयोजन से दुमुहानी की महिमा स्थापित होगी।

### महाआरती मंडप, वॉकिंग ट्रैक पौधरोपण से बढ़ेगी सुंदरता

मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव माजिद अख्तर का कहना है 50 लाख की लागत से यहां दुमुहानी घाट पर विशाल महा आरती मंडप का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा नदी के किनारे करीब डेढ किलोमीटर की लंबाई में वाकिंग ट्रैक का निर्माण होगा और नदी के ढलान को निकट भविष्य में पत्थरों से बांधने की योजना है ताकि भूस्खलन नहीं हो। नदी को स्वच्छ बनाने के लिए सोनारी से आने वाले नाले पर 5 फीट गहरा और 20 फीट से लेकर 50 फीट लंबा और 20 फीट चौड़ा 3 प्राकृतिक जल शोधन तालाब बनाए गए हैं। नाले का पानी पहले तालाब में इकट्ठा होगा और वहां से बालू से जानते हुए दूसरे तालाब में पहुंचेगा। दूसरे तालाब को भरने के पश्चात पानी चलते हुए तीसरे तालाब में पहुंचेगा और तब तक वह परिष्कृत हो चुका होगा। इस पानी से नदी के किनारे लगे पेड़-पौधों की नियमित सिंचाई की जायेगी। इस कृत्रिम तालाब से आज से 5 हॉर्स पावर के मोटर के जरिए पेड़ -पौधों की सिंचाई भी शुरू हो गई है। नदी तट को रात भर दूधिया रोशनी से रोशन करने के लिए स्थाई रूप से 120 हैलोजन बिजली पोल पर लगाए गए हैं। दोमुहानी से लोगों को दाहिनी ओर से नदी तट पर उतरने के लिए सीढी नुमा स्ट्रक्चर तैयार किए जा रहे हैं जिसके दोनों ओर रेलिंग लगी होगी। यहां से आधे किलोमीटर की दूरी पर एक ढलान रूमा सड़क का निर्माण किया जाता है किया जा रहा है ताकि जो लोग अपने पैरों से चलने फिरने में असमर्थ है वह अपने कार अथवा निजी वाहनों से नीचे तक उतर सकेंगे और वहां नदी तट का नजारा लेकर वापस जा सकेंगे। इसके लिए कंदरबेरा पुल के पास 150 चौपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी। मंत्री बन बन्ना गुप्ता आने वाले दिनों में दोमुहानी ट्रैक पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नियमित नौका विहार की सुविधा भी शुरू कराने जा रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### कुम्हार कल्याण संघ ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की जयंती



जमशेदपुर। झारखंड कुम्हार कल्याण संघ सोनारी मंडल के तत्वाधान में सामाजिक नीति सम्मान दो सम्मान पाओ के अंतर्गत बिहार राज्य के पूर्व माननीय मुख्यमंत्री सामाजिक न्याय के पुरोधा स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन संस्था के संथापक प्रदेश अध्यक्ष इंद्र देव प्रसाद की अध्यक्षता में आदर्श नगर बस्ती मैदान में की गई। उपस्थित जन समुदाय ने कर्पूरी जी के फोटो पर पुष्प अर्पित की और स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की सरकार से मांग की। अध्यक्षीय भाषण में इंद्र देव प्रसाद ने कहा कि सामाजिक तौर पर पिछड़े दलित शोषित पीड़ित वंचित पीड़ित प्रताड़ित रिक्शा चलानेवाले फुटपाथ पर सब्जी बेचनेवाले लोगो के हक की लड़ाईवाले व्यस्था परिवर्तन के लिए जिंदगी भर लड़ाई लड़ते रहे। इस कार्यक्रम में करीब सभी जातियों के लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिद्धनाथ प्रसाद, रामायण प्रसाद,शिवनारायण पंडित, भारत भूषण, धर्म देव प्रसाद, मुन्ना, बबन यादव, राहुल कुमार, योगेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, अवधेश पांडे, रामेश्वर ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जगन्नाथपुर पंचायत की प्रभारी मुखिया बनी रिंटू देवी

**गम्हरिया।** प्रखंड के जगन्नाथपुर पंचायत की उप मुखिया रिंटू देवी को मुखिया का प्रभार सौंपा गया। शुक्रवार को एडीसी सुबोध कुमार की उपस्थिति में बीडीओ मारुति मिंज ने रिंटू देवी को प्रभार संबंधी आदेश पत्र प्रदान किया। वही एडीसी सुबोध कुमार ने उन्हें शुभकामना देते हुए अपने कर्तव्य का पालन नियमानुसार करने की अपील की। विदित हो कि मुखिया सिमरण सामाड के निधन के बाद जगन्नाथपुर पंचायत मुखिया विहीन थी। सरकारी आदेश का इंतजार में मुखिया का पद खाली था। जिला से निर्देश मिलते ही उप मुखिया को मुखिया का प्रभार सौंप दिया गया। मौके पर जेएसएस दयानंद प्रसाद, पंसस अमरेश कुमार, मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

### सुषमा कुमारी ने संभाला गम्हरिया थानेदार का पदभार



गम्हरिया। सुषमा कुमारी ने शुक्रवार को गम्हरिया थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद थाना में पदस्थापित अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारियों द्वारा उनका पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण करने हेतु सभी लोगों से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिले के एसपी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरा करने का हर संभव प्रयास करूंगी।

**PUBLIC NOTICE**

It is to bring into the notice for general information that **SHRI BAJRANG AKHADA SAMITEE,** which organizes Shri Ramnavami festival at the Samudayik Vikas School Maidan of Kharangajhar under Telco PS, has now been registered as a Trust under the Indian Trust Act 1882 in the Registrar's Office, Jamshedpur with it's Reg. No. 2023/JSR/628/BK4/38. Now this organization will be known as **"SHRI BAJRANG AKHADA SAMITEE TRUST, KHARANGAJHAR".** Mr. Ankit Anand is the Settlor of the Trust and 6 others are Trustees.

Like before, the trust will be involved in public interest. including the organising of Sri Rama Navami festival protection, promotion and upliftment of Sanatan Dharma and culture. It is hereby informed that you yourself will be responsible for legal action for wrong use of the organization's name, claim, or collection of donations etc.

As per information/-
**"SHAI BAJRANG AKHADA SAMITEE TRUST, KHARANGAUHAR"**

## मंडी पर दो प्रतिशत बाजार शुल्क कानून के विरोध में व्यापारियों ने निकाली बाइक रैली

>> आंदोलन को और अधिक धार देने की बनी सहमति
>> अनिश्चित काल बंद में रिटेल व्यापारियों को जोड़ने को पहल शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में आज आयोजित बैठक में खाद्यान्न व्यापारी, आलू-प्याज, एवं फल पर दो प्रतिषत बाजार शुल्क को झारखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक-2022 को झारखण्ड सरकार द्वारा पारित किये जाने के विरोध में आंदोलन आज भी जारी रहा। आंदोलन को धार देने के उद्देष्य से आज व्यापारियों ने एक विषाल मोटरसाईकिल रैली निकाली। रैली परसुडीह बाजार से शुरू होकर जुगसलाई, बिष्टुपुर, साकची, सब्जी मंडी, गोलमुरी, सिदगोड़ा इत्यादि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुये वापस परसुडीह में जाकर समाप्त हुई। रैली में व्यापारियों ने अपनी-अपनी गाड़ियों और हाथों में काला झण्डा ले रखा था और माईक के माध्यम से दो प्रतिषत मंडी शुल्क के विरोध में नारे लगाते चल रहे थे। इस दौरान व्यापारियों ने विभिन्न बाजारों में कृषि शुल्क के दुष्प्रभावों के बारे में खुदरा व्यापारियों एवं आमजनता को जानकारी दी। रैली के पश्चात चैम्बर के सभागार में खाद्यान्न व्यापारियों की एक वृहत बैठक हुई जिसमें अभी तक की आंदोलन की समीक्षा एवं भावी रणनीति पर विचार-विमर्ष किया गया। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। चैम्बर उपाध्यक्ष, व्यापार एवं वाणिज्य नितेष धूत ने कहा कि इस विधेयक से लागू होने से व्यापारी एवं आम जनता ही नहीं झारखण्ड सरकार को भी राजस्व की हानि होगी। व्यवसायी अपने माल निकटवर्ती राज्यों से आयात करेंगे जहां खाद्यान्न में बाजार शुल्क की व्यवस्था नहीं है इससे झारखण्ड राज्य को जीएसटी का नुकसान होने की आशंका है। सचिव अनिल मोदी ने कहा कि व्यापारियों के आंदोलन से सरकार अपनी ओर से कोई पहल नहीं करती है तो सरकार पर दबाव बनाने के लिये आंदोलन को और तेज किया जायेगा।

## मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा के अध्यक्ष पद हेतु तीन ने किया नामांकन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा के अध्यक्ष पद (सत्र 2023-25) हेतु 25 फरवरी शनिवार को होने वाले चुनाव के लिए शुक्रवार 17 फरवरी को तीन प्रत्याशियों ने चुनाव पदाधिकारी बजरंग लाल अग्रवाल के समक्ष नामांकन पत्र जमा किया। सुरेश कुमार काँवटिया (मतदाता सूची संख्या 223) 5 सेट, बिनोद कुमार साह (मतदाता सूची संख्या 48) 5 सेट और राजेश कुमार संघी (मतदाता सूची संख्या 166) ने 1 सेट में नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन पत्र वापसी की तिथि एवं 18 फरवरी शनिवार की संध्या 5 से 6 बजे तक हैं। प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 19 फरवरी रविवार को होगा।

नामांकन के दौरान सुरेश कुमार काँवटिया के साथ शंभु खन्ना, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, जय कुमार जैन, राजीव अग्रवाल, बिमल जालान, पुनीत काँवटिया, रामु देबुका, अमित अग्रवाल, सन्नी संघी, राहुल चैधरी, अनिल अग्रवाल, मनोज चेतानी, निर्मल पटवारी आदि उपस्थित थे।

## कुलभूषण छाबड़ा की स्मृति में रेडक्रॉस का नेत्र शिविर आज

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 672वां नेत्र शिविर समाजसेवी व रेड क्रॉस के सहयोगी रहे व. कुलभूषण लाल जी छाबड़ा के पुण्य स्मृति में शनिवार 18 फरवरी से बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित किया जायेगा। शनिवार 18 फरवरी को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में की जायेगी तथा मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों के चयन के साथ आंखों की अन्य बीमारियों से प्रभावित नेत्र रोगियों को जरूरत के अनुसार दवा व चिकित्सीय परामर्श प्रदान कर विदा कर दिया जायेगा, 19 फरवरी रविवार को चयनित मरीजों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. विवेक केडिया एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया जायेगा। इस शिविर का संयोजन स्व. छाबड़ा के पुत्र संजय छाबड़ा द्वारा किया जायेगा। शिविर के दौरान छाबड़ा परिवार के सदस्यों के साथ गणमान्य नागरिक व रेड क्रॉस के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## एनसीएलटी बेंच में टायो के मजदूरों के पीएफ का भुगतान न होने पर अवमानना सुनवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को माननीय जुडिशियल सदस्य रोहित कपूर और माननीय तकनीकी सदस्य बलराज जोशी जी की एनसीएलटी बेंच में रिजोल्यूशन प्रोफेशनल और टायो के निलम्बित निदेशकों द्वारा मजदूरों के पीएफ का भुगतान नहीं करने के मामले में मजदूरों द्वारा दायर अवमानना और कार्यान्वयन पिटीशन पर सुनवाई हुई। ज्ञातव्य है कि माननीय एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी ने फरवरी 2021 और माननीय एनसीएलएटी ने अप्रैल 2021 में रिजोल्यूशन प्रोफेशनल और टायो के निलम्बित निदेशकों को मजदूरों के पीएफ का अविलंब भुगतान करने को कहा था लेकिन रिजोल्यूशन प्रोफेशनल और टायो के निलम्बित निदेशकों ने मजदूरों के पीएफ का आज तक भुगतान नहीं किया है। मजदूरों के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने माननीय बेच को बताया कि रिजोल्यूशन प्रोफेशनल ने मजदूरों को कहा है कि वे मजदूरों का पी एफ का पैसा टाटा के ट्रस्ट के नियमों का अनुसार देंगे जबकि जेट एयरवेज के मामले में माननीय एनसीएलएटी ने यह साफ साफ कहा है कि मजदूरों का पीएफ, ग्रेच्युटी और पेंसन का पैसा आई बी सी की धारा 36 के तहत टायो कंपनी की परिसमापन संपत्ति नहीं है अतः आई बी सी की धारा 18 के तहत रिजोल्यूशन प्रोफेशनल उन पैसों को अपने नियंत्रण में नहीं ले सकता। अधिवक्ता ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एनसीएलएटी के उक्त आदेश के खिलाफ एसएलपी निरस्त कर चुकी है अतः टायो मैनेजमेंट और रिजोल्यूशन प्रोफेशनल दोनों ने मजदूरों के पैसों को हपड़ कर गैरकानूनी तरीके से उसे अपने नियंत्रण में रखा है।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर निगम क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान

**जमशेदपुर (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** कार्यपालक पदाधिकारी श्री सुरेश यादव के निर्देश में मांगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत महाशिवरात्रि के उपलक्ष पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी मंदिरों के आसपास साफ सफाई का कार्य कराया गया एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया। विशेष सफाई अभियान के तहत साफ सफाई के साथ-साथ कचरा उठाव आदि का कार्य भी कराया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने मंदिरों के आसपास प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं गंदगी नहीं फैलाने का अपील किया है। कार्यपालक पदाधिकारी ने साफ सफाई कार्यो के लिए प्रतिनियुक्त सभी सफाई पर्यवेक्षकों को मंदिरों के आसपास साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया था।



## खबर एक नजर में

### अरका जैन विश्वविद्यालय में पुलवामा के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर। अरका जैन विश्वविद्यालय के प्रांगण मे एन सी सी द्वारा पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम का शुरूवात द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन सभी 40 जवानों को याद किया गया तथा उनपर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ एस एस रजी ने कहा कि पुलवामा हमले के समय शहीद हुए जवानों के परिवार और देशवासियों के लिए यह दुखद समय था। इस हमले ने हमारे देश के वीर जवानों की बहादुरी और निष्ठा को एक बार फिर साबित किया। शहीद हुए जवानों की बलिदानी जीवन की याद आज भी हमारे दिलों में ताजगी से भरी हुई है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ अरविन्द पांडेय ने शहीद जवानों को नमन करते हुए कहा की, हम सभी को यह याद रखना चाहिए कि ये वीर सैनिक हमारे लिए अपनी जान न्योछावर करते हैं। उनके परिवारों को यह दुख सहना पड़ता है जो कोई और महसूस नहीं कर सकता। निदेशक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि इस हमले से हमें यह संदेश मिलता है कि हमें हमेशा अपनी सुरक्षा के लिए सतर्क रहना चाहिए। हमें अपने देश की सुरक्षा को सबसे ऊपर रखना चाहिए और अपने देश के सैनिकों का सम्मान करना चाहिए। इस संघर्ष में हमें जीत का अभिप्राय ही नहीं बल्कि हमें इस संघर्ष को जीतने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए।

### स्टार स्वरोजगार संस्थान में प्रशिक्षण पूरा करने वालों में प्रमाण पत्र वितरित



जमशेदपुर। आर सेटी, पूर्वी सिंहभूम में बकरी पालन और अगरबत्ती निर्माण का सर्टिफिकेशन किया गया। इस अवसर पर ए जी एम एसएमई के रिनचेन भुटिया उपस्थित थे और जिला अग्रणी प्रबंधक पूर्वी सिंहभूम संतोष कुमार, मैनेजर अजय कुमार एवम खुशबू कुमारी और साथ ही जेएसएलपीएस डीएम स्किल मार्टिन तारिक भी उपस्थित थे। आरसेटी संकाय सदस्य माला कुमारी, ऑफिस असिस्टेंट प्रसन्न प्रिया, सीता कुमारी भी उपस्थित थे। एमएसएमई की रिनचेन भूटिया ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह ट्रेनिंग लेने के उपरांत बैंकों से ऋण लेकरअपने बिजनेस को आगे बढ़ाएं और अपना आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएं। जिला अग्रणी प्रबंधक संतोष कुमार ने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने सिविल रिपोर्ट अच्छा रखें ताकि भविष्य में उसे लोन लेने में कोई परेशानी न हो और उससे अपना बिजनेस को आगे बढ़ाने में कोई परेशानी ना हो। कार्यक्रम में सभी ग्रामीण क्षेत्रों पोटका, जादूगोड़ा, मुसाबनी के लाभार्थी उपस्तीथ थे।

### मानपुर व सीदा डीह में ग्राम वन प्रबंधन समिति का गठन



पोटका। डीएफओ ममता प्रियदर्शी के निर्देश पर ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति की सीदाडीह इकाई का पुनर्गठन शुक्रवार को स्थानीय स्कूल परिसर में ग्रामीणों की बैठक कर सर्वसम्मति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जितेन मुर्मू ने किया। नई समिति में अध्यक्ष भोलानाथ मुर्मू,उपाध्यक्ष तुलसी मुर्मू,सह सचिव सुनाराम माझी सहित अंता मुर्मू,सुताली मुर्मू,शांति मुर्मू,मालती मुर्मू, चंपई मुर्मू सहित 22 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य नामित गया। इस अवसर पर वन क्षेत्र पदाधिकारी बिमद कुमार ने कहा कि वनों की सुरक्षा का दायित्व वन सुरक्षा समिति पर ही निर्भर है। समिति के जिम्मेदारी पूर्वक रखवाली से ही वन सुरक्षित रह पाएगा अन्यथा जंगल नष्ट होते चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि वनों में वृक्ष बढ़ने से इसका सीधा लाभ भी ग्रामीणों को प्राप्त होगा, क्योंकि वृक्ष के बड़े होकर सूखने की स्थिति में वन विभाग कीमती लकड़ी का नीलामी करती है एवं नीलामी में प्राप्त 90 फीसदी राशि गांवों के विकास में खर्च करने का प्रावधान है। उन्होंने जंगल बचने के अन्य लाभ भी बताएं।

**मानपुर वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बने भीमसेन**

इधर ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति की मानपुर इकाई का पुनर्गठन कार्यक्रम भी जमशेदपुर के रेंजर दिग्विजय सिंह की देखरेख में पीएचसी परिसर में बैठक कर किया गया। यहां बैठक की अध्यक्षता हरि मार्डी ने किया। मौके पर सर्वसम्मति से नई समिति में अध्यक्ष भीमसेन मुर्मू, उपाध्यक्ष सविता देव, सह सचिव कुलबीर सिंह,पदेन सचिव वनपाल किशोर कुमार सोरेन, सदस्य सचिव सौरव बासुरी व हरि मार्डी, पंकज देव,माधुरी धल,जयराम मासली,अरविंद सोरेन लोधिया माहली, वैशाखी भकत सहित 22 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य रखे गए। रेंजर ने नई समिति को जिम्मेदारी से वनों की सुरक्षा करने की अपील किया। बैठक में थाना प्रभारी रबींद्र मुंडा, वार्ड सदस्य राम सोरेन, बिरेंद्र कुमार देव, मेघनाथ देव, सचिन पाटबांधा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। इसके पूर्व मानपुर में बैठक करने को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग पर दबाव बनाया। इस कारण बैठक शुरू होने में देर हुई।

## श्रीनाथ स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग ने आयोजित की विज्ञान प्रदर्शनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के द्वारा किया गया था। विज्ञान प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों के द्वारा कई विज्ञान से संबंधित मॉडल का प्रदर्शन किया गया जिसमें हाइड्रोइलेक्ट्रिसिटी डैम, सिविल सोसाइटी, लेक क्लीनर एंड वाटर लेवल इंडिकेटर, वर्षा जल संरक्षण, सौर ऊर्जा से सिंचाई, ग्लोबल वार्मिंग अर्थक्वेक अलार्म, स्मार्ट विलेज एंड सिटी, एयर प्यूरीफायर, चारकोल रेफ्रिजरेटर, रेडियो ट्रांसमीटर इंफिनिटी मिरर, लेजर सिक्योरिटी अलार्म, इको फ्रेंडली व्हीकल आदि से जुड़े मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक के रूप में आर.वी. एस. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार तिवारी तथा महिला विश्वविद्यालय जमशेदपुर के शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय भुईयां उपस्थित थे। निर्णायकों का स्वागत श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गोविंद महतो के द्वारा पौधा दे कर किया गया। तत्पश्चात निर्णायको ने प्रत्येक मॉडल का अवलोकन किया। तदुपरांत डॉ राजेश कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जो यहां पर नए नए विज्ञान से जुड़े मॉडलों को तैयार किया है उससे संबंधित सिद्धांतों का ज्ञान भी आपको होना आवश्यक है उन्होने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि आपको इन मॉडलों से संबंधित अवधारणा की संपूर्ण जानकारी रखनी चाहिए। डॉ. संजय भुईयां ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों ने यहां बहुत सारी चीजों को बनाने का और बहुत सुंदर तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है और यह सारी चीजें समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगा साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों में मैंने पाया कि इनके अंदर कल्पनाशीलता और अवलोकन क्षमता बहुत अधिक है। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गोविंद महतो ने कहा कि प्रदर्शनी एक उत्प्रेरक का कार्य करता है, जो भविष्य में शिक्षक, विद्यार्थी , वैज्ञानिक और समाज के लिए उपयोगी होता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रदर्शनी एक योजना है जो तय करता है कि आप आगे क्या करेंगे। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर बीटेक के विद्यार्थी रहे उन्होंने लेक क्लीनर एंड वाटर लेवल इंडिकेटर का मॉडल तैयार किया था , द्वितीय स्थान पर इ.ए के विद्यार्थी रहे उन्होंने ग्लोबल सिविल सोसाइटी से सम्बन्धित मॉडल तैयार किया था तथा तृतीय स्थान पर इ.ए विभाग ही रहा उन्होने हाइड्रोइलेक्ट्रिसिटी डैम बनाया था। विज्ञान प्रदर्शनी में श्रीनाथ विवि के स्कूल ऑफ एजुकेशन, स्कूल ऑफ डिप्लोमा एवं इंजीनियरिंग, स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट एवं स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटज के विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया।

# पांकी में स्थिति शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में, पुलिस ने किया शहर में फ्लैग मार्च

## सभी लोग धारा 144 के अंतर्गत लागू निषेधाज्ञा का करेंगे पालन : उपायुक्त



**मेदिनीनगर**

- पांकी के लोग महाशिवरात्रि पर्व अपने-अपने घरों में ही मनायें : एसपी
- कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है

**पांकी।** बिते दिनों पलामू जिले के पांकी में दो पक्षों के बीच हुए तनाव के संबंध में जानकारी देतो हुए उपायुक्त आंजने यूलू दोड्डे ने बताया कि पांकी में स्थिति शांतिपूर्व एवं पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होनें कहा कि शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भी पांकी में सभी लोग धारा 144 के अंतर्गत लागू निषेधाज्ञा का पालन करेंगे एवं चार से ज्यादा लोग एक जगह पर इकट्टा नहीं होंगे। आरक्षी अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार को भी कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। एहतियात के तौर पर आज भी पांकी में सुरक्षाबलों के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। उन्होंने पांकी के लोगों से अपील की है कि सभी लोग महाशिवरात्रि पर्व भी अपने-अपने घरों पर ही मनाए।

## आखिर मस्जिद में पत्थर कहां से आया न्यायिक जांच हो : डॉ शशिभूषण मेहता



मेहता ने पांकी वासियों से अपील करते हुए कहा, धारा 144 का अनुपालन करें और शांति बनाये रखें

**मेदिनीनगर/सतबरवा।** पांकी की घटना दुभागयपूर्ण है दोनों समुदाय के बीच के संबंधों को बिगाड़ने की एक सोची समझी साजिश का परिणाम है। उक्त बाते पांकी के विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने पत्रकार वार्ता में कहीं। वे शुक्रवार को परिसदन में मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि आखिर मस्जिद में पत्थर और शीशे के बोतल कहां से आये। इसे क्यों रखा गया था। उन्होंने सरकार से इसकी न्यायिक जांच करने की मांग की है। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि दोषियों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नही जाये, उनकी गिरफ्तारी जल्द से जदल हो साथ ही निर्दोंषों को बेवजह फंसाने का काम नही किया जाये। उन्होंने कहा कि आपसी सदभाव बिगाड़ने वाले अस्माजिक तत्वों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिया जाए।

विधायक ने पांकी वासियों से अपील करते हुए कहा है कि धारा 144 का अनुपालन करते हुए शांति बनाए रखें। प्रशासन असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी हुई है। ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। असमाजिक तत्वों का कोई जाति और धर्म नहीं होता है, सिर्फ उन्हें समाज में वैमनस्यता फैलाना कार्य है। डॉ मेहता ने कहा कि पांकी में दोनों समुदाय के लोग आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मिल जुलकर रहते आए हैं। असमाजिक तत्वों के कारण थोड़ा महौल बिगड़ा है जो धिरे धिरे सब ठीक हो जाएगा। डॉ विधायक मेहता ने कहा कि पांकी की जनता शुरू से ही अमन पसंद रहे हैं, शांति सौहार्द पुर्ण वातावरण में रहते हुए। एकता और भाईचारगी की मिसाल प्रस्तुत करते रहे हैं। पहले भी कई बार ऐसा हुआ कि असामाजिक तत्वों ने पांकी शांति व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास किया। लेकिन पांकी के लोगों ने उनके मंसूबों पर पानी फेर मुंहतोड़ जवाब दिया। विधायक ने पांकी वासियों से एकता और भाईचारगी मिशाल पेश करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया।

### रातभर चले कव्वाली के मुकाबले में उमड़ी भीड़

## मजार पर मांगी गयी हर दुआ होती है कबूल : धीरज साहू



चादरपोशी करते मंत्री और राज्यसभा सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** हजरत बाबा दुख्खन शाह के उर्स के मौके पर गुरुवार रात राज्य की कृषि मंत्री बदल पत्रलेख, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित प्रियदर्शी ने चादरपोशी कर राज्य में अमन चैन और राज्य की तरक्की के लिए दुआ मांगी।इस मौके पर कृषि मंत्री बदल पत्रलेख ने कहा कि उर्स के मौके पर हर धर्म समुदाय के लोग मजार पहुंचकर दुआ मांगा करते है। इस मौके पर अशोक यादव,निशीथ जायसवाल, अंजुमन के ओहदेदार हाजी अब्दुल जब्बार, हाजी अफसर कुरैशी, सफदर आलम सहित हजारों लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### वीर बुधु भगत हमारे लिए प्रेरणास्रोत : सुखदेव

**लोहरदगा।** 1832 लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद वीर बुधु भगत की 192वीं जयंती मैना बगीचा स्थित प्रतिमा स्थल में धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत पाहन एवं पुजार सोमा पाहन सुभाष पाहन विनोद उरांव रवि उरांव द्वारा परंपरागत ढंग से पूजा-अर्चना से की गई। इस मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि वीर बुधु भगत देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1832 में ही अंग्रेजो के खिलाफ संघर्ष किया और अपने दोनों बेटो हल्धर और गिरधर दोनों के साथ शहादत दी। गांव के खोड़ा दल द्वारा नृत्य भी किया जिसमें पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत आदि अतिथियों ने नगाड़े की ताल पर जमकर थिरके।

### प्रोजेक्ट रैल के तहत प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर शुक्रवार को प्रोजेक्ट रैल के तहत जिले के उच्च और प्लस टू उच्च विधालयों में प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थी शामिल हुए। मैट्रिक के परीक्षार्थियों ने शुक्रवार को सामाजिक विज्ञान और इंटर विज्ञान के परीक्षार्थियों ने गणित, जीव विज्ञान जबकि वाणिज्य संकाय के ईटीपी और कला संकाय के परीक्षार्थियों ने राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान की परीक्षा में शामिल हुए।

### जिला नियोजन कार्यालय में भर्ती कैंप आयोजित

**कोडरमा।** जिला नियोजन कार्यालय में 16 और 17 फरवरी को दो दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया है। इस सम्बंध में जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारूकी ने बताया कि कार्यालय परिसर में दो दिवसीय भर्ती कैम्प के अंतिम दिन 17 फरवरी को स्कुलनेट इंडिया लिमिटेड रांची के द्वारा 5, मंजुला शर्मा मेमोरियल अकेडमी डोमचांच के द्वारा 2, एक्सेल डाटा सर्विसेज कोडरमा के द्वारा 12 अभ्यर्थियों का शॉर्टलिस्टेड किया गया है।

### मनरेगा से संचालित योजनाओं का निरीक्षण

**कोडरमा।** राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन मिशन 2023 के तहत गठित दल संख्या 8 के द्वारा शुक्रवार को कोडरमा और चंदवारा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत क्रियान्वित योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दल में शामिल अधिकारियों ने दोनों प्रखंडों के विभिन्न गांवों में मनरेगा से क्रियान्वित डोभा निर्माण, टीसीबी, बागवानी आदि योजनाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही ग्रामीणों से योजनाओं के बाबत जानकारी लिया और कई आवश्यक निर्देश दिया गया।

### तीसरे दिन भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान रहे बंद

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखण्ड राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन संवर्धन और सुविधा विधेयक 2022 के विरोध में झारखण्ड चौंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वाहन पर झुमरीतिलैया में राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हडताल के तीसरे दिन शुक्रवार को भी बंद का असर देखने को मिला। शहरी इलाके के स्टेशन रोड, झंडा चौक, हटिया रोड, माईका गली, रांची पटना रोड की खाद्यान्न के दुकानें स्वतः स्फुर्ति बंद रही। जिले के खाद्यान्न व्यवपारियों ने अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखकर कृषि कानून का विरोध जता रहे थे। वहीं चेंबर के द्वारा घोषित बंद का व्यवपारियों का आपार समर्थन मिल रहा है। वहीं स्मार्ट बाजार भी व्यापारियों के बंद में शामिल है।

### एटीएम कार्ड बदलकर चौबीस हजार रुपये की निकासी

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक कोडरमा शाखा के एटीएम से पैसे की निकासी कर रही एक महिला से एटीएम कार्ड बदलकर चौबीस हजार रुपया की ठगी शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे साइबर अपराधियों के द्वारा कर ली गई। उक्त मामले पर कोडरमा थाना क्षेत्र के बेकोबार बिच्छीपहरी निवासी पूजा पंडित पति रोहन पंडित के द्वारा उक्त मामले की शिकायत थाने में की गई। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी द्वारिका राम पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे और पूरी घटना की विस्तृत रूप से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### सैक्रेड हार्ट स्कूल में तीरंदाजी ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सैक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को फोकस एंड फेथ आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर का उद्घघाटन किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता को सैक्रेड हार्ट स्कूल के डायरेक्टर प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा बुके दे कर स्वागत किया गया।

### पति-पत्नी और दो अन्य घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय के समीप दो मोटरसाइकिल की आपसी टक्कर में पति पत्नी और अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायल व्यक्ति की पहचान मरकच्चो कोटवार मोहल्ला 18 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार एवं 18 वर्षीय दीपू पोदार तथा मोटरसाइकिल सवार बिचरिया नवादा निवासी 24 वर्षीय बीरेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी रेणु देवी के रूप में की गयी। जहां चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के बाद धर्मेंद्र कुमार को रिम्स रेफर कर दिया।

### नॉमिनी को मिला चेक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत स्व.अनिल कुमार सिंह के नॉमिनी सुनीता देवी को दो लाख रुपये का चेक तथा भारतीय स्टेट बैंक पीएआई 500 में स्व. बटुकेश्वर सिंह के नॉमिनी को दस लाख रुपये का भुगतान किया गया।

### दसवीं के बच्चों को दी गयी विदाई

**कोडरमा।** अप्रिशिएबल स्कूल के कक्षा दसवीं के बच्चों को विदाई दी गयी। विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय निदेशक मुंशी यादव मौजूद रहे। वहीं उन्होंने कहा कि जुदाई चाहे जैसी भी हो वह हमेशा रुलाने का काम करती है। विद्यालय में बच्चे बारह तेरह साल पढते हैं, और शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ परिवारिक रिश्ते कायम कर लेते हैं।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**प्रतापपुर (चतरा)।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शुक्रवार शाम को प्रतापपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी जुल्फिकार अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। तो वहीं संचालन मिस्टर आलम असरफी ने किया। बैठक में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का निर्णय लिया गया।

## इटखोरी महोत्सव के लिए महाबोधि मंदिर के सचिव को दिया आमंत्रण

**चतरा।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव को सफल बनाने को लेकर जिला प्रशासन के पदाधिकारी रात दिन जुटे हुए हैं। समय नजदीक आने से सभी कार्य निबटाने में लगे हैं। डीसी अबु इमरान के निर्देश पर शुक्रवार को हंटरगंज बीडीओ अभिषेक पाण्डेय ने महाबोधि मंदिर बोधगया के सचिव एन दोरजे और अखिल भारतीय भिक्षु संघ के अध्यक्ष भंते प्रज्ञादीप से मुलाकात कर महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रण पत्र भेंट किया। आमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए एन दोरजे ने महोत्सव में आने का आश्वासन दिया है। आमंत्रण के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## भद्रकाली मंदिर पहुंचे उपायुक्त




**इटखोरी।** राजकीय इटखोरी महोत्सव के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन की गतिविधियां अब काफी तेज हो गई है। अधिकारियों की टीम महोत्सव के आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने हर दिन मां भद्रकाली मंदिर परिसर का दौरा कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार की रात उपायुक्त अबु इमरान अधिकारियों की टीम के साथ मां भद्रकाली मंदिर परिसर में पहुंचे। मंदिर परिसर में आकर उन्होंने सबसे पहले इटखोरी महोत्सव के मुख्य आयोजन स्थल का जायजा लिया। वहां तैयार हो रहे महोत्सव के मंच के अलावा उपायुक्त ने दर्शक दीर्घा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपर समाहर्ता पवन मंडल, डीआरडीए के निदेशक अरुण एक्का तथा अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के क्रम में उपायुक्त ने मंदिर परिसर में हुए रंग रोगन तथा साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने जिला परिषद के डाक बंगला में महोत्सव की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक की।

# धर्मों की त्रिवेणी के रूप में प्रसिद्धि दिला रही है भद्रकाली

## पुरातात्विक धरोहरों से धर्म संगम का होता है दर्शन

**पंकज कुमार सिंह**



**चतरा।** इटखोरी का पवित्र भूमि से प्राप्त पुरातात्विक धरोहरों में धर्म संगम का दर्शन होता है। मंदिर परिसर के पुरातात्विक कलाकृतियों में भी तीनों धर्मों की छाप लगी हुई है। जो इस प्राचीन धार्मिक नगरी को धर्मों की त्रिवेणी के रूप में प्रसिद्धि दिला रही है। सर्व विदित है कि महाने एवं बक्सा नदी के संगम पर अवस्थित मां भद्रकाली मंदिर परिसर सनातन, बौद्ध एवं जैन धर्म का समागम स्थल है। धर्मों का यह संगम नया नहीं है। बल्कि हजारों वर्ष पहले अलग-अलग कालखंड में यहां सनातन, बौद्ध एवं जैन धर्म की सभ्यता व संस्कृति विकसित हुई। जिसके प्रमाण आज भी मंदिर परिसर के अस्थाई म्यूजियम में प्राचीन प्रतिमाओं तथा पुरातात्विक कलाकृतियों के रूप में विद्यमान है। मंदिर परिसर में मां भद्रकाली की अद्वितीय प्रतिमा के साथ सनातन धर्मावलंबियों के लिए पूज्यनीय सहस्त्र शिवलिंग महादेव, भगवान विष्णु, उमा-महेश्वर, गणेश, चंडी भवानी, सूर्य देव, कार्तिकेय, वामनावतार आदि की प्रतिमाएं मौजूद है। जिनकी पूजा अर्चना प्राचीन काल से होते आ रही है। वही मंदिर परिसर का बौद्ध धर्म से जुड़ाव की पुष्टि करने वाला बौद्ध स्तूप के अलावा शांति के दूत भगवान बुद्ध, अवलोकितेश्वर, मंजूश्री के साथ अनगिनत मनौती स्तूप है। इसी तरह जैन धर्म से जुड़ी प्रतिमाओं में दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ स्वामी का चरण चिन्ह के साथ तीर्थंकर की प्रतिमाओं का पैनल पत्थरों पर उत्कीर्ण है। मंदिर परिसर की प्रतिमाओं में तीनों धर्मों के दर्शन की पुष्टि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग भी कर चुका है। पुरातत्व विभाग के द्वारा मंदिर परिसर में दो बार हुई पुरातात्विक खोदाई के दौरान भी इस ऐतिहासिक धार्मिक नगरी के गर्भ से सनातन, बौद्ध एवं जैन धर्म की प्रतिमाओं व कलाकृतियां बाहर आ चुकी है। वह ऐसे तथ्यों के साथ, जो इस बात के अकाट्य सबूत हैं कि कालांतर से लेकर अब तक यह प्राचीन धार्मिक नगरी धर्म संगम के रूप में ही स्थापित रही है। धर्मों की त्रिवेणी की एक और बड़ी खासियत यह है कि यह स्थल अहिंसा क्षेत्र है। मंदिर परिसर में किसी भी धार्मिक अनुष्ठान के वक्त यहां बलि नहीं पड़ती है। यहां तक की मंदिर परिसर में संचालित होटलों में प्याज व लहसुन का सेवन भी वर्जित है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**प्रेस विज्ञप्ति**

मेसर्स शिवसागर कन्स्ट्रक्शन, ग्राम – पिपराडीह, पो0 लमारीकला, थाना – कांडी, जिला – गढ़वा संवेदक के द्वारा जिला अनाबद्ध निधि अंतर्गत ग्राम परही (नावाटोली) में पी0डब्लू0डी0 रोड से नावाटोली रोड तक पथ निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 F2-57/2017-18 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 15.12.2017 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 14.05.2018 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। उपायुक्त, लातेहार का ज्ञापांक 111 दिनांक 25.01.2020 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु फरवरी 2022 तक एवं जिला योजना पदाधिकारी का पत्रांक 93/जि0यो0 दिनांक 27.08.2022 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु 15.10.2022 तक समयावधि का विस्तार किया गया था, फिर भी संवेदक के द्वारा आज तक कार्य को पूर्ण नही किया गया है। निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि इस कार्य को 10 मार्च 2023 के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपको कालीसूची में डाल दी जायेगी।

इसे अंतिम स्मार–पत्र समझें।

PR 290629 Rural Development(22-23)#D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय, गढ़वा।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, के तत्वधान में जिला प्रशासन एवं जिला नियोजनालय, गढ़वा के संयुक्त प्रयास से "रोजगार आपके द्वार" के तहत दिनांक 25 फरवरी 2023 दिन–शनिवार, स्थान–फोरेस्ट कॉलोनी, गढ़वा के मैदान में (वन विभाग, कार्यालय के समीप) समय 10.00 बजे पूर्वाह्न से 04.00 बजे अपराह्न तक एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2023 का आयोजन किया जा रहा है। श्री नीरज कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा जिले के तमाम बेरोजगार युवक/युवतियों से अपील की है कि इस रोजगार मेला के सुनहरे अवसर का लाभ अवश्य उठावें। साथ ही यह भी बताये की इस "रोजगार मेला" में राज्य के साथ–साथ राज्य के बाहर के निजी नियोजक भाग लेंगें। इस मेला में भाग लेने हेतु जिला नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है जिनका निबंधन नही है वे अपना निबंधन जिला नियोजन कार्यालय में उपस्थित होकर या विभाग के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जा कर स्वंय निबंधन कर सकते हैं। नियोजकों द्वारा कुल पदों की विवरणी प्राप्त होते ही रिक्ति से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार के विभिन्न माध्यमों द्वारा विज्ञापित कर दिया जाएगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 290587 Labour Employment and Traning(22-23)D

## बलेनो कार चोरी के मामले में दो गिरफ्तार, कार बरामद




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के कोडरमा स्टेशन के समीप होटल सागर के बाहर से 14 फरवरी की सुबह चोरी हुई बलेनो कार को तिलैया पुलिस ने गुरुवार को बरामद कर लिया। मामले को लेकर शुक्रवार को तिलैया थाना में सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया कि 13 फरवरी को रांची निवासी मंजूर आलम किसी काम से कोडरमा आए थे, इसी दौरान होटल में कमरा लेने के बाद उन्होंने अपनी बलेनो कार संख्या जेएच 01 ईएल/ 3714 को होटल सागर के बाहर खड़ा किया था। इसी दौरान दिन में उनकी कार की चाबी गुम हो गई। वहीं इस घटना में शामिल थाना क्षेत्र के कलाली रोड निवासी 20 वर्षीय सुजीत कुमार पिता कारू ठाकुर के द्वारा गुम हुए चाबी को कोडरमा स्टेशन के समीप से बरामद किया गया। इसके बाद इसकी जानकारी उसके द्वारा अपने साथी गांधी स्कूल रोड निवासी 25 वर्षीय अभिषेक पांडेय पिता बिरेंद्र पांडेय को दिया गया। इसके बाद दोनों ने योजनाबद्ध तरीके से कार की चोरी करने के लिए होटल के बाहर पहुंचकर चाबी में लगे सेंसर से कार को अनलॉक करने का प्रयास किया। कार लॉक होने के बाद 14 फरवरी की सुबह दोनों युवक कार को लेकर महाराणा प्रताप चौक फिर बांझेडीह पावर प्लांट रोड पहुंचे इसके बाद दोनों ने कार को चंदवारा थाना क्षेत्र के भोंडों जंगल में खड़ा कर छोड़ दिया। जंगल में लावारिस अवस्था में खड़े कार की सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने इसे बरामद किया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनायी गयी पुण्यतिथि

**गढ़वा।** जिले भर में शुक्रवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 35 वीं पुण्यतिथि मनायी गई। जननायक की पुण्यतिथि के मौके पर देश भर में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग उठी। नाई समाज के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को गढ़वा में भी प्राानमंत्री के नाम उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा गया। सौंपे गए मांग पत्र में जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की गई है।

e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION NO.- 2, RANCHI**
(Behind State Guest House, Morhabadi) Deendayal Nagar, Booty Road, Ranchi-834008
E-mail : eebcdrandiv2@gmail.com

**E-Quotation Inviting Notice (Very Short Notice)**

Quotation Reference No: BCD/Bld. Div.No.-2 /04/2022-23 Dt.- 17.02.2023

Sealed Quotations are invited from Reputed Manufacturers/ Authorized dealers / Suppliers and other Stakeholders authorized for respective items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. shall be submitted online in the website http://Jharkhandtenders.gov.in. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The quotationer may download the documents from the website and quote their rates of Materials online from 24.02.2023 at 11:00 A.M to 02.03.2023 at 11:00 A.M. The quotation will be opened on 03.03.2023 at 11:00 A.M. The quotation is invited to ascertain and assess the rates of items as per with lowest market rate.

Detail information can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in.

1. The quotationer shall submit basic rate of items which will be inclusive of Royalty and other taxes but exclusive of GST.
2. Quotationer may quote rate for all the items/ Part of the items for which they are concerned.
3. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
4. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
5. The quotationer shall furnish GST registration number.
6. The undersigned reserves the right to accept or reject/ cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
7. For any query or clarification you may Contact Office of the Executive Engineer ,Building Construction Department, Building Division No.-2, Ranchi.

Nodal Officer,, e-Procurement Cell
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division No.-2, Ranchi

PR 290624 Building (22-23)_D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय, सिमडेगा**

**भर्ती कैम्प संबंधी सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा के द्वारा सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा में दिनांक– 20.02.2023 को सुबह 10.00 बजे से 4 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है, जिसमें निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जो रिक्तियाँ निम्नलिखित है :–

| Sl. No. | Date of Recruitment Camp | Employer's Name | Name of the post | No. of Vacancies | Qualification | Experience if any | Salary | Age | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 20.02.2023 | Schoolnet India Ltd. | ICT Instructor | 14 | MCA/BCA/BSc. IT/B.E./ B.Tech/ M.Tech (B.A. with PGDCA only university PGDCA certificate will be consider ) | Prefered | 10000 | 18-40 | Contractual for 3 Years & Extention |
| | | | District Coordinator | 01 | Do | Prefered | 10000 | 18-40 | Contractual for 3 Years & Extention |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं हैं वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपनी सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति, बायोडाटा (02 कॉपी), स्थानीय प्रमाणपत्र, दो पासपोर्ट साइज फॉटो के साथ सक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित हैं उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 290620 Labour Employment and Traning(22-23).D

स्पीड न्यूज

### संथाल विद्रोह के शोधकर्ता प्रो प्रशांत सेन हुआ स्वागत

**रानीश्वर।** एसपी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर सह संथाल विद्रोह के शोधकर्ता प्रो प्रशांत सेन का शुक्रवार को एमजी डिग्री कॉलेज में स्वागत समारोह आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अब्दुल रईस खान ने स्वागत किया। प्राचार्य ने शॉल एवं पुष्प गुच्छ देकर प्रो सेन का स्वागत किया। उन्होंने सर्वप्रथम नैक की द्वितीय साइकिल में सफलता को लेकर कॉलेज परिवार को बधाई दी। कॉलेज कार्यो का सराहना किया। मौके पर कॉलेज शिक्षिक व कर्मचारी आदि मौजूद थे।

### कालाबाजारी को ले जाया जा रहा सरकारी चावल जब्त

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के गेरी गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार की देर रात को कालाबाजारी के लिए ले एक पिकअप चावल को जब्त कर लिया। यह चावल डीलर मंजू देवी के दुकान का था, जिसे पिकअप में लोड कर कालाबाजारी के लिए बाहर भेजा जा रहा था। बताते चलें कि पिकअप में 40 बोरा चावल लोड है। बीडीओ गणेश रजक ने बताया कि बरामद चावल को मंजू देवी के दुकान का ही है, जिसे बोरा बदलकर बाहर भेजा जा रहा था।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर में गंदगी का अंबार

**सिमरिया।** प्रखंड के बेलगड्डा स्वास्थ्य उप केंद्र के परिसर में इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे मरीजों के साथ साथ ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। गंदगी का अंबार जलमिनार से निकलने वाली पानी से हो रही है। स्वास्थ्य केंद्र के आस पास के लोगो के द्वारा जलमीनार के पानी से कपड़ा धोने,बर्तन धोने और कूड़ा करकट फेंक देने के कारण लगा हुआ है।

# नक्सलियों ने गोइलकेरा में पुलिया व पंचायत भवन उड़ाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में नक्सलियों के हौसले बुलंद है। लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन क बावजूद नक्सली घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। ताजा मामला गोइलकेरा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। यहां बीती रात नक्सलियों ने कदमडीहा के पंचायत भवन को विस्फोट कर उड़ा दिया। इसके अलावा गोइलकेरा भाया बरकेला चाईबासा मार्ग के पासुबेड़ा के पास एक पुलिया को उड़ा दिया। इससे गोइलकेरा-चाईबासा मार्ग बाधित हो गया। जबकि विस्फोट में पंचायत भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना गुरुवार देर रात की है। नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने प्रतिरोध सप्ताह के दौरान घटना को अंजाम दिया है। घटनास्थल के पास नक्सलियों ने पर्चे भी फेंके है। शुक्रवार सुबह कुईड़ा कैंप के सीआरपीएफ के साथ गोइलकेरा व सोनुवा थाना के काफी संख्या में पुलिस बल घटना स्थल की ओर सर्च अभियान चलाया। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इधर, नक्सली घटन के बाद से कुइड़ा, कदमडीहा के आसपास गांवों में दहशत का माहौल है। बताया जाता है कि हाल के दिनों में गोइलकेरा व टोंटो प्रखंड क्षेत्र से लगातार लैंड माइंस बरामदगी और विस्फोट में जवानों के घायल होने की घटना इस कुइड़ा-कदमडीहा से सटा हुआ है। सैदबा व बरकेला में पुलिस कैंप होने के बावजूद यहां नक्सली गतिविधियां कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

# आदिवासी मित्र मंडल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मागे पोरोब

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के पोटका स्थित आदिवासी मित्र मंडल में शुक्रवार को मागे पोरोब धूमधाम से मनाया गया। आदिवासी मित्र मंडल के मागे पोरोब आयोजन समिति द्वारा मागे पोरोब मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सार्वजानिक रूप से आयोजित इस सांस्कृतिक अनुष्ठान में भारी संख्या में आदिवासी युवक-युवती समेत बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। दोपहर में दिउरी स्नान के बाद सरना स्थल देशाउली में पूरे विधि-विधान के साथ पूजा की गई। सबसे पहले दिउरी ने परंपरानुसार स्नान किया। इसके बाद तीन बजे देशाउली के लिए प्रस्थान किया। 4:30 बजे देशाउली में पूजा प्रारंभ हुआ। समाज और सृष्टि के कल्याण, शांति, खुशहाली के लिए सिंगबोंगा से प्रार्थना की गई। जबकि शाम 5:30 बजे सुसुन-दुरेंग का दौर चला। कार्यक्रम में खरसावां के विधायक दशरथ गागराई भी सपत्नीक शामिल हुए और लोगों को पोरोब का आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में आंगतुकों के बीच खिचड़ी व प्रसाद का वितरण भी किया गया। इसके बाद आयोजन समिति के अध्यक्ष ने समापन की घोषणा की।

# कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सोमाय गागराई की पुण्यतिथि मनायी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** वन विश्रामागर चक्रधरपुर में पश्चिमी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. सोमाय गागराई की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेसजनों ने स्व. सोमाय गागराई के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया। ज्ञात हो कि स्व. सोमाय गागराई कांग्रेस के एक कद्दावर नेता थे। साथ ही काफी सरल व मृदुभाषी स्वभाव के थे।

कांग्रेसजनों एक स्वर में कहा स्व. सोमाय गागराई के अधूरे सपनों को पूरे करने की जिम्मेदारी अब हमारी है और हम सभी मिलकर उनके सपनों को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य विजय सिंह सामड, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष रमेश ठाकुर, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमन महतो, राजेश शुक्ला, युवा कांग्रेस जिला उप कोषाध्यक्ष हरिश अंगरिया, कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष आर्यन हांसदा, कामगार कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष सोवित डे, सन्नी राबर्ट एंथोनी, बिट्टू मदेशिया आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## बासुकिनाथ धाम में हुई लावा काशा रस्म की अदायगी

# उपायुक्त ने लावा काशा भूंजा, शिव-पार्वती विवाह आज





महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर उबटन रस्म को लेकर लावा काशा भूंजने के रस्म निभाते उपायुक्त एवं श्रद्धालू।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासुकिनाथ।** महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर ढोल नगाड़ों की थाप पर परम मंगलकारी गीतों की गूंज के बीच बाबा बासुकीनाथ धाम में लावा काशा भुजने का पारंपरिक रश्म हर्षोल्लास से आयोजित हो रही है। पारंपरिक वैवाहिक मांगलिक गीतों एवं नृत्य के बीच विदकरी सोखी कुंवर एवं उनकी पत्नी ने लावा काशा का उबटन तैयार किया। तैयार उबटन को विश्राम पूजा के दौरान मुख्य यजमान बने उपायुक्त रविशंकर शुक्ला अपने धर्म पत्नी संग बाबा बासुकीनाथ एवं माता पार्वती को लगाये। इस शुभ मुहूर्त के दौरान मंदिर प्रांगण में बड़ी तादाद में श्रद्धालु महिला पुरुषों की भीड़ उमड़ी थी। शिवरात्रि के पूर्व संध्या को बाबा एवं मैया का अधिवास पूजा संपन्न होगा।

मालूम हो कि महाशिवरात्रि महोत्सव के एक दिन पहले भोलेनाथ और माता पार्वती को हल्दी एवं जड़ी बूटियों से युक्त लावा काशा का उबटन चढ़ाने का रिवाज अत्यंत ही पौराणिक रहा है। इस बार 18 फरवरी शनिवार को महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाएगा। इस दिन भोले के भक्त कठोर नियम एवं व्रत का पालन करते हुए महाशिवरात्रि का व्रत उपवास रख प्रसाद स्वरूप शिव का परम आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# बाबा बालेश्वरनाथ मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया

खबर मन्त्र संवाददाता



सजा शिव मंदिर।

**सरैयाहाट।** महाशिवरात्रि को लेकर हंसडीहा स्थित बाबा बालेश्वरनाथ मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। शनिवार को निकलने वाली भोलेनाथ की बारात को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने बताया कि मंदिर परिसर में सुरक्षा के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए है। शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष सतवन सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर में गुरुवार से ही अखंड हरिकीर्तन की शुरूआत हो चुकी है। शनिवार रात भव्य शिव बारात निकाली जाएगी और रात में शिव पार्वती का विवाह कराया जाएगा। मंदिर में शनिवार को भक्तों की भीड़ होगी और मेला लगेगा। इसके लिए आयोजन समिति व हंसडीहा थाना पुलिस द्वारा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। शिवरात्रि के मद्देनजर मंदिर को फूल माला, विद्युत झालरों के अलावा हाथी-घोड़े के कटआउट से भव्य तरीके से सजाया गया है। इसी तरह सुमेश्वरनाथ, सरवाधाम व छोटीरणबहियार स्थित शिव मंदिरों में भी पूजन अर्चन की शुरूआत हो गई है। प्रखंड के विभिन्न शिव मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है और शनिवार रात में बैंड बाजा, ढोल नगाड़ों के बीच विभिन्न देवी देवता,भूत पिशाच के झांकी से साथ भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। हंसडीहा मंदिर परिसर में शनिवार सुबह से ही भंडारा का शुरूआत हो जाएगा जो देर रात तक चलता रहेगा।समिति के सदस्यों में अध्यक्ष सतवन सिंह, मुन्ना मिश्रा, सूरज साह, रोहित सिंह, श्रवण वर्मा, रमन सिंह, दिलीप चौधरी, मनोज मिर्धा, रवि जायसवाल,गुड्डू मांझी, कपिल मंडल, मनोज राउत सहित अन्य सदस्य तन मन धन से लगातार तैयारी में लगे हुए हैं।

# एएन कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांवों का किया सर्वेक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



उपस्थित छात्र स्वयंसेवक।

**दुमका।** एएन कॉलेज के आयोजित एनएसएस विशेष शिविर का दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने चयनित गांव का सर्वेक्षण किया। एनएसएस यूनिट 5 के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अन्हद लाल के नेतृत्व में बघनोचा गांव में सर्वे किया। गांव में मुख्य रूप से ड्रेनेज सिस्टम के अभाव नाले का गंदा पानी सड़क पर बहना और स्वच्छता को प्रभावित करना है। ड्रेनेज सिस्टम समस्या से गांव के लोगों की समस्या समाधान होना संभवतः है। स्वयंसेवकों में सुदीप कुमार मंडल, राहुल मंडल, कुमार अभिनव, नयना कुमारी, नेहा कुमारी, नितेश कुमार, प्रियंका कुमारी, मिथिला सोरेन, सविता कुमारी, राकेश यादव, दीपक मंडल, अनूप हेम्ब्रम, विशाखा कुमारी, संजना सिंह बहादि मरांडी आदि रहे। एनएसएस यूनिट 2 के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय पाठक के नेतृत्व में कोल्हड़ियां गांव के घर-घर जाकर सर्वे किया। स्वयंसेवक छात्रों में रुपेश कुमार झा, मनोज पाल, आयुष कुमार, चंदना कुमारी, चमेली कुमारी, गंगा कुमारी, मोहब्बत आलम आदि प्रमुख थे। एनएसएस यूनिट 4 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार झा के नेतृत्व में छात्रों ने कुहका गांव में सर्वेक्षण किया।

जिसमें चापाकल मरम्मति की आवश्यकता और पेयजल की समस्या पाया। छात्रो में मिलन कुमार, हर्ष कुमार, अक्षय कुमार, अमन कुमार, आनंद कुमार, अंकित गुप्ता आदि मौजदू थे।

### डीसी ने नाबार्ड प्रायोजित मत्स्य प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने नवीनतम मत्स्य तकनीक यथा पिंजरा फिशिंग , जैव-फ्लोक और आर ?एएस पर प्रशिक्षण के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा रवाना किया। ज्ञात हो कि नाबार्ड द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रांची मतस्य निदेशालय एवं धुर्वा बांध, रामगढ़ में पतरातू बांध और बरही, कोडरमा में फिंगरलिंग उत्पादन का दौरा शामिल है। सिमरिया और टंडवा वाटरशेड क्षेत्र के 25 प्रतिभागियों से बैंकों के समर्थन और पीएम मतस्य सम्पदा जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए अपने क्षेत्र में इन तकनीकों को अपनाने की ओर अग्रसर है।

# एसकेएमयू के समाज विज्ञान विभाग में शोधार्थियों प्रस्तुत किया शोध कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान पीएचडी कोर्स वर्क कक्षा में घरेलू हिंसा के कारण व निवारण विषय कक्षा में शोधार्थियों ने शुक्रवार को प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। जिसमें मनोविज्ञान के स्कॉलर मनोज भगत, अर्थशास्त्र के भवानंद साह एवं समाज शास्त्र के शोधार्थी बिभा सिंह ने संयुक्त रूप से प्रस्तुति दिया। उन्होंने लघु शोध के अंतर्गत प्राप्त द्वितीय आकड़ों के आधार पर पाया कि सबसे अधिक घरेलू हिंसा के शिकार ओबीसी श्रेणी के लोगों में पाया। जबकि सबसे कम सामान्य श्रेणी के लोगों में शोधार्थियों ने इस अंतर विषयक अध्ययन के तहत फील्ड रिसर्च में एक एकांश विश्लेषण पर पाया कि लोगों में दहेज को लेकर सबसे कम 2 प्रतिषत घरेलू हिंसा होता है। जबकि आमदनी का कम होने के कारण लोगों में अधिक घरेलू हिंसा का अधिक स्वीकारोक्ति था। दूसरे शोधार्थी में मनोविज्ञान के अदिति काबरा वैवाहिक जीवनः एक समाज मनोवैज्ञानिक लघु अध्ययन विषय पर अध्ययन किया। उन्होंने अपने शोध निष्कर्ष में पाया कि संयुक्त परिवार से एकल परिवार अच्छा है।

यहां बता दें कि यह कोर्स वर्क कुलपति डॉ सोनाझरिया मिंज के संरक्षण में व समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ जैनेंद्र यादव व डॉ टीपी सिंह के नेतृत्व में नवंबर 2022 से सफलतापूर्वक संपादित किया जा रहा है।

# प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका ने छड़ी से छात्र को पीटा, जख्मी, थाने में की गयी शिकायत

**दुमका।** दुमका शहर के एक प्राईवेट स्कूल वेस्टर्न इंगलिश स्कूल के 5वीं क्लास के बच्चे को महिला टीचर ने डंडे से पिटाई कर दी। टीचर की पिटाई से बच्चे के आंख के पास चोट लग गई। बच्चा गंभीर रुप से जख्मी हो गया और उसके आंख के नीचे से खून बहने लगा। यह घटना शुक्रवार को दोपहर में हुई। वेस्टर्न इंगलिश स्कूल दुमका शहर के शिवपहाड़ के पास है। इस घटना की सूचना किसी ने परिजनों को दिया। परिजन तुरंत दौड़े भागे स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचने के बाद देखा कि बच्चे के आंख के पास खून निकल रहा है और वह खून से लतपथ है। परिजनों ने तुरंत अस्पताल में बच्चे का महलम-पट्टी कराया और बच्चे को लेकर सीधे नगर थाना पहुंच गए। बच्चा रोहित केशरी के पिता उदय केशरी का कहना है कि बच्चे को जब देखने के गए तो दोषी शिक्षिका ने अपना दोष स्वीकार नहीं की। उनका कहना था कि बच्चा शरारत कर रहा था। इसलिए उसकी पिटाई की गई थी। संयोग से लाठी उसके आंख के पास लग गई। पिता ने कहा कि पुलिस के पास इसलिए आए है कि उक्त शिक्षिका को बुलाकर समझा-बुझा दें, घटना की पुनरावृति न हो। वे केस करने को इच्छुक नहीं है।

# सरकार ने आदिवासियों को ठगा : भंते


खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** युवा भारत मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को देवरिया पंचायत भवन में पीपुल्स को-ऑपरेटिव कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जिला कोऑपरेटिव सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया लोक सहकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भन्ते जैनेन्द्र कुमार तथागत, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव अमल कुमार पांडेय, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित थें। मौके पर मुख्य अतिथि महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भन्ते जैनेन्द्र कुमार तथागत ने उपस्थित ग्रामीणों कई महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा निर्मित अनुसुचित जनजाति, पिछड़ी जाति को सहकारी माध्यम से सामाजिक आर्थिक विकास के लिए जो प्रावधान है उसका झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस महागठबंधन की हेमन्त सरकार द्वारा केंद्र में निर्धारित फंडो का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन व कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों को सिर्फ ठगने व छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के अंदर संवैधानित प्रावधानों के अनुकुल 7 सहकारी संस्थान हैं। लेकिन झारखंड ही देश का एकलौता राज्य हैं जहां लोकतांत्रित प्रक्रिया इन सातो संस्थानों में नहीं हैं। चुनावी मुद्दा को ले पूछे जाने पर भन्ते जैनेन्द्र कुमार तथागत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में बाबा साहेब द्वारा बनाए गए संविधान को बदलने का काम किया गया। श्री जैनेंद्र कुमार ने कांग्रेस व भाजपा को समान शत्रु मानते हुए कहा कि जो सहकारिता की बात करेगा उसे ही वोट दें।

# अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग करने पहुंची टास्क फोर्स टीम पर पथराव

## डीएमओ की गाड़ी का टूटा शीशा, मौके से 5 बाइक जब्त, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता





डीएमओ की गाड़ी का टूटा शीशा, कार्रवाई करने पहुंची टीम एवं जब्त कोयला।

**दुमका।** नक्सल प्रभावित षिकारीपाड़ा पत्थर औद्योगिक क्षेत्र में अवैध कोयला सुरंगों और खदानों में डोजरिंग करने गई टीम पर लोगों ने हमला कर दिया। जिला प्रषासन के निर्देष पर शुक्रवार को जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के हरिनसिंगा वन क्षेत्र में अवैध कोयला सुरंगों और खदानों को ध्वस्त करने गई प्रशासन और पुलिस की टीम पर वहां मौजूद लोगों ने हमला कर दिया। अवैध खनन में लगे लोग परांपरिक वाद्य यंत्र ढोल नगाड़ों के साथ जुट गए और प्रशासन की टीम को चारों तरफ से घेरकर पत्थरबाजी शुरू कर दी। आक्रोशित लोगों ने जिला खनन पदाधिकारी के वाहन के शीशे को तोड़ दिया। गौरतलब हो कि प्रशासन को हरिनसिंगा वन क्षेत्र में अवैध रूप से कोयला निकाले जाने की सूचना मिल रही थी। सूचना पर खनन टास्क फोर्स की टीम डीएमओ कृष्ण कुमार किस्कू के नेतृत्व में पहुंची थी। टीम में एसडीपीओ नुर मुस्तफा, शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी सुमन और काफी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो अवैध खनन करने वाले माफियाओं ने जमकर पथराव किया। डीएमओ श्री किस्कू ने बताया कि मौजूद लोगों का कहना था कि यही हमारे रोजी रोटी का आधार है और आप इस से चलने का प्रयास कर रहे हैं। हमने उन्हें समझाया बुझाया और वापस लौट आए। इधर एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा ने कहा कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि हम लोग जब इस कार्रवाई के लिए जा रहे थे, तो रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे कई बाइक को जब किया। जिसमें अवैध कोयला लोड था। हलांकि मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके से 5 बाईक को जप्त करते हुए एक को गिरफ्तार की है। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के बांकीजोड़ गांव निवासी रजाउल अंसारी है। मामले में थाना प्रभारी संजय सुमन ने बताया कि मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए एक को गिरफ्तार करते हुए मौके से पांच बाईक जप्त की है। अन्य लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

# एसपी महिला कॉलेज में रोजगार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




**दुमका।** एसपी महिला कॉलेज में एंप्लॉयमेंट एक्सचेंज कार्यालय दुमका के तहत रोजगार जागरूकता कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रीना नीलिमा लकड़ा ने की। जिसमें नियोजन पदाधिकारी मो जावेद अंसारी ने रोजगार संबंधी कई जानकारियां छात्राओं को दी। कार्यक्रम में उन्होंने नियोजन कार्यालय में निबंधन के साथ वहां उपलब्ध सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग में हिस्सा लेने को कहा। उन्होंने सिविल सर्विस, बैंकिंग, एसएससी, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में बहुमूल्य जानकारियां दी। प्राचार्य ने छात्राओं को इस तरह की रोजगार परक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो ज्योत्सना बा ने की।




# शमी ने पढ़ाया ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी का पाठ

## टीम इंडिया के नाम रहा दिल्ली टेस्ट का पहला दिन, शमी ने 4 और जडेजा-अश्विन ने 3-3 विकेट झटके



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के पहले दिन की समाप्ति हो चुकी है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे इस टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया था। मेहमान टीम के लिए बल्लेबाजी में उस्मान ख्वाजा और पीटर हैंड्सकांब के अलावा और कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना नहीं कर सके और उनकी पूरी टीम 263 रन पर सिमट गई। वहीं दिन की समाप्ति तक भारत ने 9 ओवरों के खेल में बिना किसी नुकसान पर 21 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा 13 और केएल राहुल चार रन पर खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए ख्वाजा ने 81 रनों की पारी खेली जबकि और हैंड्सकांब 72 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं कप्तान पैट कमिंस ने 33 रनों की पारी खेली। ख्वाजा ने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया जबकि हैंड्सकांब की पारी में नौ चौके शामिल हैं।

### शमी रहे सबसे सफल गेंदबाज

दिल्ली की पिच स्पिनरों के लिए अनुकूल है लेकिन भारत के सबसे सफल गेंदबाज शमी रहे। उन्होंने 60 रन देकर चार विकेट लिए। ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (57 रन देकर तीन) और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा (68 रन देकर तीन) ने उनका अच्छा साथ दिया। कमिन्स ने लगातार दूसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ख्वाजा और डेविड वॉर्नर (15) ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। ख्वाजा अधिक विश्वास के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे और उनका फुटवर्क भी अच्छा था लेकिन वॉर्नर को संघर्ष करना पड़ा।

### ख्वाजा ने स्पिनर्स को डटकर खेला

उस्मान ख्वाजा और डेविड वॉर्नर (15) ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। ख्वाजा अधिक विश्वास के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे और उनका फुटवर्क भी अच्छा था लेकिन वॉर्नर को संघर्ष करना पड़ा। मोहम्मद सिराज ने अपने पहले स्पैल में उन्हें काफी परेशान किया। उनकी गेंद वॉर्नर की कोहनी और हेलमेट पर भी लगी। सिराज ने एक तरह से मंच तैयार कर दिया था और ऐसे में रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से फिर से गेंद शमी को सौंप दी। शमी ने इसके बाद जल्द ही भारत को पहली सफलता दिला दी। उनकी कोण लेती गेंद वॉर्नर के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर कोना भरत के दस्तानों में समा गई।

### स्मिथ-लाबुशेन 3 गेंद के भीतर आउट

ख्वाजा ने अश्विन और रविंद्र जडेजा का डटकर सामना किया। अश्विन ने हालांकि मार्नस लाबुशेन (18) को पगबाधा आउट करके भारत को दूसरी सफलता दिलाई। इसके एक गेंद बाद स्टीव स्मिथ बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया ने दिन के पहले और दूसरे सेशन में 3-3 विकेट खोये। दूसरे सेशन में भारत को पहली सफलता मोहम्मद शमी ने दिलाई। सीरीज में अपना पहला मैच खेल रहे ट्रेविस हेड (12) ने उनकी गेंद पर दूसरी स्लिप में खड़े राहुल को कैच थमाया।

### सबसे तेज 250 विकेट और 2500 टेस्ट रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने रवींद्र जडेजा

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शुक्रवार को 250 विकेट और 2500 टेस्ट रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा वह पहले भारतीय खिलाड़ी हैं, जो सबसे तेज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान ऑस्ट्रेलियाई पारी के 46वें ओवर में उस्मान ख्वाजा को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। जडेजा की गेंद पर केएल राहुल ने ख्वाजा का कैच पकड़ा। जडेजा ने अपने 62वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

## वॉर्नर तो बचाव में उतरा साथी, सवाल पूछने वाले की बोलती बंद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लगातार दूसरे मैच में भी ऑस्ट्रेलिया के ओपनर बल्लेबाज डेविड वॉर्नर फ्लॉप रहे। ऑस्ट्रेलिया की टीम दिल्ली में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले 263 रन बनाकर सिमट गई। मेहमान टीम के लिए सबसे अधिक उस्मान ख्वाजा ने 81 रनों की पारी खेली। शानदार बल्लेबाजी के बाद ख्वाजा स्टंप्स के बाद ऑस्ट्रेलिया की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी आए। इस दौरान उनसे डेविड वॉर्नर को लेकर कई तीखे सवाल पूछे गए जिसका उन्होंने बचाव किया। उस्मान ख्वाजा ने कहा कि डेविड वॉर्नर की फॉर्म पर सवाल उठाने के लिए महज तीन पारियां ही काफी नहीं होंगी। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'आप जो कह रहे हो, मैं उससे सहमत नहीं हूं। उन्होंने पिछले मैच में अश्विन पर दो चौके लगाए थे लेकिन फिर वह एलबीडबल्यू आउट हो गए इसलिए वह आक्रामकता दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'क्रीज पर जाकर खेलना और वो भी शुरूआत करना आसान नहीं है। जब आप शुरूआत कर रहे हो तो यह कभी भी आसान नहीं होता इसलिए आज मैं भाग्यशाली रहा कि मैंने दो बाउंड्री लगाई और लय में आ गया। ख्वाजा ने कहा, 'कभी कभार आप ऐसा नहीं कर पाते और यह बहुत मुश्किल हो जाता है। इसलिए तीन पारियां मेरे लिए काफी नहीं हैं। इस टेस्ट सीरीज में अभी काफी दूर तक जाना है।' ख्वाजा को वॉर्नर की वापसी करने की काबिलियत पर पूरा भरोसा है।

## आइपीएल के आगामी सीजन से बाहर हुए प्रसिद्ध कृष्णा



**नयी दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के आगामी सीजन में नहीं खेल पाएंगे। कर्नाटक के इस तेज गेंदबाज को लंबर स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ है और उनकी सर्जरी हुई है, जिसे ठीक होने के लिए अब एक लंबी पुनर्वास प्रक्रिया की आवश्यकता होगी। 2022 सीजन से पहले, राजस्थान रॉयल्स ने कृष्णा पर 10 करोड़ रुपए का भारी निवेश किया था। 2023 सीजन के लिए, फ्रेंचाइजी ने कहा कि प्रसिद्ध के लिए एक प्रतिस्थापन की मांग की जाएगी और उचित समय पर नाम दिया जाएगा।

## 31 मार्च से दिखेगा आइपीएल का रोमांच पहले मैच में गुजरात और चेन्नई की भिड़ंत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2023 की शुरूआत 31 मार्च को होगी। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के इस 16वें सीजन का शेड्यूल जारी कर दिया है। सीजन का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस और 4 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच अहमदाबाद में होगा। इस मैच की शुरूआत भारतीय समय अनुसार शाम 7 बजकर 30 मिनट से होगी। एक अप्रैल को डबल हेडर खेला जाएगा। इसमें पहला मैच पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। वहीं डबल हेडर के दूसरे मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स की टक्कर दिल्ली कैपिटल्स से होगी। सनराइजर्स हैदराबाद 2 अप्रैल को सीजन के अपने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी और उसी दिन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर सीजन के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। मुंबई और आरसीबी का मुकाबला बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### 18 डबल हेडर मुकाबले



आईपीएल 2023 के लीग राउंड में 70 मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें 18 डबल हेडर शामिल हैं। टूर्नामेंट अपने परिचित होम एंड अवे फॉर्मेट में वापस आ गया है, जिसमें सभी दस टीमों को सात गेम अपने होम वेन्यू पर और सात बाहर खेलने हैं। टूर्नामेंट के लिए टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स, केकेआर, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स हैं। ग्रुप बी में चेन्नई सुपर किंग्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, आरसीबी, गुजरात टाइटंस को रखा गया है।

## आइपीएल 2023 का शेड्यूल जारी



| दिनांक | टीमें | स्थल | समय |
|---|---|---|---|
| 31 मार्च | गुजरात v/s चेन्नई | अहमदाबाद | 7:30 PM |
| 1 अप्रैल | पंजाब v/s कोलकाता | मोहाली | 3:30 PM |
| 1 अप्रैल | लखनऊ v/s दिल्ली | लखनऊ | 7:30 PM |
| 2 अप्रैल | हैदराबाद v/s राजस्थान | हैदराबाद | 3:30 PM |
| 2 अप्रैल | बेंगलुरु v/s मुंबई | बेंगलुरु | 7:30 PM |
| 3 अप्रैल | चेन्नई v/s लखनऊ | चेन्नई | 7:30 PM |
| 4 अप्रैल | दिल्ली v/s गुजरात | दिल्ली | 7:30 PM |
| 5 अप्रैल | राजस्थान v/s पंजाब | गुवाहाटी | 7:30 PM |
| 6 अप्रैल | कोलकाता v/s बेंगलुरु | कोलकाता | 7:30 PM |
| 7 अप्रैल | लखनऊ v/s हैदराबाद | लखनऊ | 7:30 PM |
| 8 अप्रैल | राजस्थान v/s दिल्ली | गुवाहाटी | 3:30 PM |
| 8 अप्रैल | मुंबई v/s चेन्नई | मुंबई | 7:30 PM |
| 9 अप्रैल | गुजरात v/s कोलकाता | अहमदाबाद | 3:30 PM |
| 9 अप्रैल | हैदराबाद v/s पंजाब | हैदराबाद | 7:30 PM |
| 10 अप्रैल | बेंगलुरु vs लखनऊ | बेंगलुरु | 7:30 PM |
| 11 अप्रैल | दिल्ली vs मुंबई | दिल्ली | 7:30 PM |
| 12 अप्रैल | चेन्नई vs राजस्थान | चेन्नई | 7:30 PM |
| 13 अप्रैल | पंजाब vs गुजरात | मोहाली | 7:30 PM |
| 14 अप्रैल | कोलकाता vs हैदराबाद | कोलकाता | 7:30 PM |
| 15 अप्रैल | बेंगलुरु vs दिल्ली | बेंगलुरु | 3:30 PM |
| 15 अप्रैल | लखनऊ vs पंजाब | लखनऊ | 7:30 PM |
| 16 अप्रैल | मुंबई vs कोलकाता | मुंबई | 3:30 PM |
| 16 अप्रैल | गुजरात vs राजस्थान | अहमदाबाद | 7:30 PM |
| 17 अप्रैल | बेंगलुरु vs चेन्नई | बेंगलुरु | 7:30 PM |
| 18 अप्रैल | हैदराबाद vs मुंबई | हैदराबाद | 7:30 PM |
| 19 अप्रैल | राजस्थान vs लखनऊ | जयपुर | 7:30 PM |
| 20 अप्रैल | पंजाब vs बेंगलुरु | मोहाली | 3:30 PM |
| 20 अप्रैल | दिल्ली vs कोलकाता | दिल्ली | 7:30 PM |
| 21 अप्रैल | चेन्नई v/s हैदराबाद | चेन्नई | 7:30 PM |
| 22 अप्रैल | लखनऊ v/s गुजरात | लखनऊ | 3:30 PM |
| 22 अप्रैल | मुंबई v/s पंजाब | मुंबई | 7:30 PM |
| 23 अप्रैल | बेंगलुरु v/s राजस्थान | बेंगलुरु | 3:30 PM |
| 23 अप्रैल | कोलकाता v/s चेन्नई | कोलकाता | 7:30 PM |
| 24 अप्रैल | हैदराबाद v/s दिल्ली | हैदराबाद | 7:30 PM |
| 25 अप्रैल | गुजरात v/s मुंबई | अहमदाबाद | 7:30 PM |
| 26 अप्रैल | बेंगलुरु v/s कोलकाता | बेंगलुरु | 7:30 PM |
| 27 अप्रैल | राजस्थान v/s चेन्नई | जयपुर | 7:30 PM |
| 28 अप्रैल | पंजाब v/s लखनऊ | मोहाली | 7:30 PM |
| 29 अप्रैल | कोलकाता v/s गुजरात | कोलकाता | 3:30 PM |
| 29 अप्रैल | दिल्ली v/s हैदराबाद | दिल्ली | 7:30 PM |
| 30 अप्रैल | चेन्नई v/s पंजाब | चेन्नई | 3:30 PM |
| 30 अप्रैल | मुंबई v/s राजस्थान | मुंबई | 7:30 PM |
| 1 मई | बेंगलुरु vs लखनऊ | लखनऊ | 7:30 PM |
| 2 मई | गुजरात vs दिल्ली | अहमदाबाद | 7:30 PM |
| 3 मई | पंजाब vs मुंबई | मोहाली | 7:30 PM |
| 4 मई | लखनऊ vs चेन्नई | लखनऊ | 3:30 PM |
| 4 मई | कोलकाता vs हैदराबाद | हैदराबाद | 7:30 PM |
| 5 मई | राजस्थान vs गुजरात | जयपुर | 7:30 PM |
| 6 मई | चेन्नई vs मुंबई | चेन्नई | 3:30 PM |
| 6 मई | दिल्ली vs बेंगलुरु | दिल्ली | 7:30 PM |
| 7 मई | गुजरात vs लखनऊ | अहमदाबाद | 3:30 PM |
| 7 मई | राजस्थान vs हैदराबाद | जयपुर | 7:30 PM |
| 8 मई | कोलकाता vs पंजाब | कोलकाता | 7:30 PM |
| 9 मई | मुंबई vs बेंगलुरु | मुंबई | 7:30 PM |
| 10 मई | चेन्नई vs दिल्ली | चेन्नई | 7:30 PM |
| 11 मई | राजस्थान vs कोलकाता | कोलकाता | 7:30 PM |
| 12 मई | मुंबई vs गुजरात | मुंबई | 7:30 PM |
| 13 मई | हैदराबाद vs लखनऊ | हैदराबाद | 3:30 PM |
| 13 मई | पंजाब vs दिल्ली | दिल्ली | 7:30 PM |
| 14 मई | राजस्थान vs बेंगलुरु | जयपुर | 3:30 PM |
| 14 मई | कोलकाता vs चेन्नई | चेन्नई | 7:30 PM |
| 15 मई | गुजरात vs हैदराबाद | अहमदाबाद | 7:30 PM |
| 16 मई | लखनऊ vs मुंबई | लखनऊ | 7:30 PM |
| 17 मई | दिल्ली vs पंजाब | धर्मशाला | 7:30 PM |
| 18 मई | हैदराबाद vs बेंगलुरु | हैदराबाद | 7:30 PM |
| 19 मई | पंजाब vs राजस्थान | धर्मशाला | 7:30 PM |
| 20 मई | दिल्ली vs चेन्नई | दिल्ली | 3:30 PM |
| 20 मई | कोलकाता vs लखनऊ | कोलकाता | 7:30 PM |
| 21 मई | मुंबई vs हैदराबाद | मुंबई | 3:30 PM |
| 21 मई | बेंगलुरु vs गुजरात | बेंगलुरु | 7:30 PM |

## टॉम ब्लंडेल ने खेली रिकॉर्ड तोड़ पारी, न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 'बैजबॉल' स्टाइल में दिया मुंहतोड़ जवाब

एजेंसी

**माउंट मोनगानुई।** न्यूजीलैंड ने टॉम ब्लंडेल (138 रन) की शतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को डे नाइट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 306 रन बनाये। ब्लंडेल डे नाइट टेस्ट में शतक लगाने वाले पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 19 चौके और एक छक्का लगाकर 181 गेंदों पर ये रन बनाए। यह टेस्ट में उनकी सबसे बड़ी पारी है। इंग्लैंड ने शुरूआती दिन पहली पारी नौ विकेट पर 325 रन पर घोषित की थी। स्टंप तक इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 79 रन बना चुकी थी, जिससे उसने 98 रन की बढ़त बना ली है। ओली पोप 14 और स्टुअर्ट ब्रॉड छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इंग्लैंड ने बेन डकेट (25 रन) और जैक क्राउली (28 रन) के विकेट गंवा दिये। दूसरे दिन सुबह न्यूजीलैंड ने तीन विकेट पर 37 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। उसके इंग्लैंड के स्कोर के करीब पहुंचने की जरा भी उम्मीद नहीं लग रही थी लेकिन पहली पारी खत्म करने के बाद वह इंग्लैंड से महज 19 रन से पिछड़ रही थी। डेवोन कॉनवे ने रात की 19 रन की पारी को अर्धशतक में तब्दील किया और 77 रन की पारी खेली।

## बीसीसीआइ के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा का इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में चेतन शर्मा की स्थिति एक स्टिंग ऑपरेशन के बाद खतरे में पड़ गई थी। माना जा रहा है कि स्टिंग ऑपरेशन में चेतन का पकड़ा जाना बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को रास नहीं आया। स्टिंग ऑपरेशन में शर्मा ने कथित तौर पर विराट कोहली, सौरव गांगुली, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और टीम के कई अन्य खिलाड़ियों के बारे में कुछ विचित्र टिप्पणियां की थीं। हालांकि बीसीसीआई ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## मीडिया कपः अमानत और स्वर्णरेखा के बीच होगा फाइनल

खबर मन्त्र संवाददाता

- अमानत के राजेश सिंह के शानदार प्रदर्शन और स्वर्णरेखा के जावेद अख्तर को मिला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार, फाइनल आज



**रांची।** बीएयू मैदान पर खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच राजेश सिंह के शानदार ऑल राउंड प्रदर्शन की बदौलत अमानत ने खरकई को 4 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। राजेश सिंह ने नाबाद 52 रन बनाने के अलावा एक विकेट भी लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए खरकई ने 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 109 रन बनाए। राकेश ने 41 और सुशील ने 24 रन बनाए। मुकर्रम ने दो विकेट लिए। विजयी लक्ष्य को अमानत ने 14 ओवर में 6 विकेट खोकर 113 रन बना मुकाबला जीत लिया। राजेश सिंह के अलावा अमित सिंह ने 38 रन बनाए। प्रवीण मिश्रा ने 3 विकेट लिए। दूसरे सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 135 रन बनाए। कुमार सौरव 41, आसिफ ने 28 और मोनू ने 18 रन बनाए। स्वर्णरेखा के लिए विमल विजयन, जावेद अख्तर और संदीप मिश्रा ने 2-2 विकेट लिए। विजयी लक्ष्य को स्वर्णरेखा ने 15.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 136 रन बनाया खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। मनोज सिंह ने 27, मनीष सिंह ने 24 और जावेद ने 22 रन बनाए। आसिफ ने दो विकेट लिए जबकि मोनू, अभिषेक और राजेश ने एक एक विकेट लिया। इससे पहले सेमीफाइनल मैच की शुरूआत पूर्व खेल मंत्री बंधु तिर्की ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर कई वरीय पत्रकार भी शामिल रहे।

## पेज 1 का शेष...

### पुस्तकालय बनेगा...

**महगामा** विधायक दीपिका पांडे ने अपने विधानसभा में बनने जा रहे अस्पताल को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि इस महागठबंधन की सरकार ने महगामा और पूरे जिले को एक बड़ी सौगात दी है। 300 बेड के मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल बनने से जहां गोड्डावासियों और महागामा के लोगों में स्वास्थ जांच व इलाज की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वहीं जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति आयेगी।

**कई सुविधाएं:** रांची विश्वविद्यालय में बनने वाला राज्यस्तरीय पुस्तकालय करीब 2 एकड़ भूमि पर बनेगा। इसके निर्माण में करीब 62.43 करोड़ रुपए खर्च किया जायेगा। लाइब्रेरी का भवन जी प्लस 5 होगा। निर्माण कार्य को लगभग 2 वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है। राज्य स्तरीय पुस्तकालय भवन में 6 लिफ्ट, कॉन्फ्रेंस हॉल, रेफरेंस बुक सेक्शन, रिपोर्ट और न्यूज पेपर सेक्शन, डिजिटल लाइब्रेरी सेक्शन, बिजली उत्पादन के लिए सोलर रूफटॉप पैनल, एसटीपी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, पार्किंग, मॉड्यूलर फर्नीचर, मेडिटेशन सेंटर, कैफेटेरिया-कैंटीन आदि की सुविधाएं उपलब्ध होगी। लाइब्रेरी बनने से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

### झारखंड को सिर्फ पॉल्यूशन...

श्री पाटिल ने कहा कि राहुल गांधी अडानी मामले में सरकार से जवाब मांगते हैं, तो प्रधानमंत्री इन सवालों का जवाब तक नहीं देते। आखिर देश जानना चाहता है कि कैसे एक संदिग्ध साख वाला समूह, जिस पर टैक्स हेवन देशों से संचालित विदेशी शेल कंपनियों से संबंधों का आरोप है, देश की संपत्तियों पर एकाधिपत्य स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आखिर सच्चाई को जानकर भी क्यों मोदी सरकार इस मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति बनाने से पीछे हट रही है।

#### स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक का डेटा मोदी सरकार की खोल रही पोल

श्री पाटिल ने प्रधानमंत्री मोदी के काला धन वापस लाने और हर नागरिक के बैंक खाते में 15-20 लाख रुपए डालने के वादे पर भी सवाल खड़ा किया। कहा कि स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक का पिछले वार्षिक डेटा मोदी सरकार के पोल खोलने को काफी है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 में स्विस बैंकों में जमा भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों का पैसा विगत 14 वर्षों में उच्चतम स्तर 3.83 बिलियन स्विस फ्रैंक्स (30,500 करोड़ रु. से अधिक) पर पहुंच गया है। सरकार इसका खुलासा क्यो नहीं कर रही है।

**जेपीसी से क्यों डर रहे मोदी :** कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि 1992 में शेयर बाजार घोटाला हुआ था, जिसमें आरोपी हर्षद मेहता था। इस मामले में जेपीसी ने जांच की थी। उन्होंने कहा कि साल 2001 में जेपीसी ने केतन पारेख मामले की जांच की। लेकिन अडानी मामले में जेपीसी का गठन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी किस बात से डर रहे हैं।

### राज्यभर में सुरक्षा कड़ी...

रांची में महाशिवरात्रि के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण के लिए 15 विभिन्न सुरक्षित थानों में थाना से एक पदाधिकारी एवं शहर के विभिन्न 86 स्थानों में स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गयी है। पुलिस उपाधीक्षक साइबर सेल को सोशल मीडिया पर निगरानी रखने का निदेश दिया गया है। महाशिवरात्रि पर विधि व्यवस्था एवं राज्य कार्यकारिणी समिति के आदेशों का पालन कराने को लेकर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सोशल मीडिया द्वारा शेयर किए जाने वाले संवाद, गीत इत्यादि पर कड़ी नजर रखना सुनिश्चित करने को कहा गया है। पुलिस उपाधीक्षक साइबर सेल को सोशल मीडिया पर निगरानी रखने का निदेश दिया गया है। सभी पुलिस उपाधीक्षक, रांची जिला को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिबंधित मांस, धर्म विरोधी गतिविधियों, सांप्रदायिक भावना भड़काने वाले गाने, सोशल मीडिया द्वारा शेयर किए जाने वाले संवाद, गीत इत्यादि पर कड़ी नजर रखना सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही उक्त आलोक में आवांछित तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है। इस **बार बना दुर्लभ संयोग:** महाशिवरात्रि इस वर्ष खास है। शनिवार को बन रहे ग्रह नक्षत्रों के संयोग को बेहद ही शुभ माना जा रहा है। पंचांग के अनुसार तिरुचि तिथि शाम 5:43 तक है उसके बाद चतुर्दशी तिथि शुरू हो जाएगी। उत्तराखंड नक्षत्र दिन में 3:34 तक उसके बाद श्रवण नक्षत्र इस दिन सायंकाल 5:54 तक रहेगा।

## इलाज के दौरान महिला की मौत

**किशनगंज (बिहार)।** किशनगंज के निजी नर्सिंग होम में ईलाज के दौरान प्रसूता की मौत हो गई है। जिसके बाद नाराज परिजनो ने अस्पताल संचालक पर आरोप लगाते हुए तोड़फोड़ किया। शुक्रवार सुबह को 22 वर्षीय प्रसूता सुल्ताना खातून को प्रसव के लिए परिजनो द्वारा टाउन थाना क्षेत्र के पिपला चौक अंतर्गत स्थित नॉर्थ बिहार क्लिनिक नामक नर्सिंग होम में भर्ती करवाया गया था। मौके पर मौजूद नर्सिंग होम संचालक मो. नुरुल ने प्रसूता को भर्ती करवा लिया मगर अस्पताल में उस वक्त एक भी चिकित्सक मौजूद नही था, जब प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी तो संचालक के द्वारा आनन फानन में दूसरे नर्सिंग होम में ले जाने की बात कही गई। दूसरे नर्सिंग होम में ले जाने के दौरान ही प्रसूता की रास्ते में मौत हो गई है।

## कैदी की इलाज के दौरान मौत

मोतिहारी। मोतिहारी में इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक कैदी हत्या के आरोप में जेल बंद था, जेल अधीक्षक विधु कुमार ने बताया कि सजावार बंदी गोविंदगंज थाना के कांड संख्या 258/11 का आरोपी रेयाजउद्दीन, वह गोविंद गंज थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी अली मियां का 28 वर्ष पुत्र रेयाजुद्दीन अंसारी है जो केंद्रीय कारा मोतिहारी में था, जिसका तबियत बिगड़ने पर कारा चिकित्सा पदाधिकारी की अनुशंसा पर 25 जनवरी को सदर अस्पताल भर्ती कराया गया था, तब से उसका इलाज चल रहा था। इलाज के क्रम में ही उसका शुक्रवार को सदर अस्पताल में मौत हो गया।

## हम एकलव्य की संतान बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर बोले- कुबार्नी देना नहीं लेना जानते हैं

एजेंसी

**पटना।** बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। रामचरितमानस को नफरत फैलाने वाला ग्रंथ बताने वाले डॉ चंद्रशेखर ने खुद को एकलव्य का संताना बताया है। उन्होंने कहा कि एकलव्य की संतान अंगूठा नहीं देना चाहता है, बल्कि जवाब देना चाहता है। बिहार के शिक्षा मंत्री ने कहा कि हम कुबार्नी देना नहीं बल्कि कुबार्नी लेना जानते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन धर्म ग्रंथों में शुद्र के बारे में लिखा गया, आज वे शुद्र भी पढ़-लिख चुके हैं। दरअसल, शुक्रवार को जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि के मौके पर आरजेडी की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को जब बिहार के शिक्षा मंत्री संबोधित कर रहे थे, उस वक्त मंच पर तेजस्वी यादव भी मौजूद थे।

### अंगूठा नहीं, जवाब देना जानता है: शिक्षा मंत्री



बिहार के शिक्षा मंत्री ने आगे कहा कि हम एकलव्य की संतान है। एकलव्य की संतान अंगूठा देना नहीं, जवाब देना जानता है। आगे उन्होंने कहा कि हम शहीद जगदेश प्रसाद की संतान हैं, कुबार्नी देना नहीं, कुबार्नी लेना जानते हैं।

### 'शुद्र भी पढ़-लिख गया है'

अपने संबोधन के दौरान बिहार के शिक्षा मंत्री ने विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि लोग गरीब और पिछड़े समुदाय के लोगों पर जुल्म ढाते थे। गरीब और पिछड़े के खिलाफ साजिश रचते थे। गरीब और वंचितों से हिंदुवाद के नाम पर वोट और चंदा लिए। लेकिन कभी भी गरीबों और पिछड़ों को सम्मान नहीं दिया। आगे उन्होंने कहा कि जिन धर्म ग्रंथों में शुद्र को नीच बताया गया, आज वह शुद्र भी पढ़-लिख गया है।

### रामचरितमानस को बताया था नफरत फैलाने वाला ग्रंथ

बता दें कि बिहार के शिक्षा मंत्री ने पिछले दिनों एक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए थे। समारोह में डॉ चंद्रशेखर ने रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी करते हुए नफरत फैलाने वाला ग्रंथ बताया। बिहार के शिक्षा मंत्री के बयान के बाद बिहार से लेकर दिल्ली तक सियासत गरमा गई। उत्तर प्रदेश में तो अभी भी सियासत चरम पर है।

## सड़क हादसे में छात्र की मौत

बांका। बांका में तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से कोचिंग पढ़ कर लौट रहे 12 वर्षीय छात्र की हुई मौत। घटना की सूचना पर मौके पर स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया। जिसके बाद पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया है। मृतक छात्र की पहचान बेलहर थाना क्षेत्र के 12 वर्षीय राहुल कुमार के रूप में हुई है।

## जमुई में दो छात्रों की मौत

**जमुई।** जमुई में मैट्रिक परीक्षा से लौट रहे परीक्षार्थियों को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना शुक्रवार देर शाम को जमुई-झाझा मुख्य मार्ग पर लोटन गांव के समीप की है। मृतक दोनों छात्र झाझा थाना क्षेत्र के अंबा गांव के रहने वाले हैं। दोनों की पहचान अंबा गांव निवासी प्रेम कुमार पिता नरेश यादव तथा ऋषभ कुमार पिता महेंद्र यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक ऋषभ कुमार केंद्रीय विद्यालय झाझा का छात्र था जो अपने दोनों दोस्त प्रेम और निवास को मैट्रिक का एग्जाम दिलाने के लिए गया था। जमुई सदर मुख्यालय के मध्य विद्यालय खैरमा स्थित परीक्षा केंद्र पर दोनों मैट्रिक के दूसरी पाली की परीक्षा देकर लौट रहे थे।

स्पीड न्यूज

## दिल्ली में पिता-पुत्र को मारी गोली

**नयी दिल्ली।** पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात दिल्ली के यमुना विहार इलाके में पिता-पुत्र को गोली मार दी गई। इस घटना में दोनों घायल हो गए। घायलों की पहचान वीरेंद्र अग्रवाल और बेटे सचिन अग्रवाल के रूप में हुई है। पिता के सीने में गोली लगी है जबकि बेटे के हाथ में चोट आई है। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

## हरियाणा में जिंदा जलाये गये दो युवक

**चंडीगढ़।** राजस्थान के भरतपुर से गाय तस्कर होने के संदेह में अगवा किए गए दो युवकों के जले हुए अवशेष पड़ोसी राज्य हरियाणा के भिवानी में एक एसयूवी में मिले। युवकों के परिजनों का आरोप है कि उन पर हमला करने वाले बजरंग दल के सदस्य और हरियाणा के पुलिसकर्मी थे। परिजनों का आरोप है कि बुधवार को युवकों का अपहरण कर लिया गया और 22 घंटे बाद गुरुवार को भरतपुर से 200 किलोमीटर दूर उनके कंकाल मिले। पुलिस ने उनकी पहचान जुनैद और नासिर के रूप में की।

## यूपी में बर्थडे पार्टी में डांसर के साथ गैंगरेप

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक प्रॉपर्टी डीलर की बर्थडे पार्टी में डांसर को बुलाकर छह लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। एक अधिकारी ने बताया कि सभी आरोपी फरार हैं, उन्हें पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, उसकी तीन नर्तकियों की टीम को दीपक नगर में पार्टी में प्रदर्शन के लिए 6,000 रुपये में हायर किया गया था। शिकायत में कहा गया है कि जब वे कार्यक्रम से जा रही थी, तो शराब के नशे में छह लोगों ने उसे एक कार में अगवा कर लिया और पास के जंगल में बलात्कार किया।

## हनी ट्रैप में फंसाने वाले दंपति गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। कोतवाली पुलिस ने एक महिला और उसके पति को हनी ट्रैप मामले में गिरफ्तार किया है। वे पुरुषों को फंसाते थे और उन्हें ब्लैकमेल करते थे। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान शानू और अफसाना उर्फ पिंकी के रूप में हुई। आरोपियों को मुजफ्फरनगर के गांव वहलना से गिरफ्तार किया गया।

## फिलीपींस में भूकंप से 60 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त

मनीला। फिलीपींस के मसबाते क्षेत्र में गुरुवार को आये 6.0 तीव्रता के भूकंप से 61 घर, 15 स्कूल और छह इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। नागरिक सुरक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।फिलीपींस के मध्य क्षेत्रों में कल तड़के भूकंप आया। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, हालांकि, अधिकारियों ने भूमिगत झटकों की पुनरावृत्ति की आशंका के बारे में चेतावनी दी है।

## तालिबानी आत्मघाती बम हमलावर हुआ ढेर

**पेशावर ।** अफगानिस्तान की सीमा से सटे पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया सूचना पर आधारित सुरक्षा बलों के अभियान में एक तालिबानी आत्मघाती बम हमलावर को मार गिराया गया। तहरीक-ए-तालिबान से संबंधित आत्मघाती बम हमलावर की मौजूदगी के बारे में पुष्ट खुफिया सूचना मिलने के बाद खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दक्षिण वजीरिस्तान जिले के स्पिनकाई इलाके में अभियान चलाया गया था। बम हमलावर की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बल जिले में एक गांव में पहुंचे और संदिग्ध परिसर को घेर लिया। सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी के दौरान हमलावर के शरीर में लपेटे गए बम में विस्फोट होने से वह मारा गया।

# 10 संवेदनशील प्रतिष्ठान जनता के लिए बंद

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 10 संवेदनशील प्रतिष्ठानों को आम जनता के लिए बंद घोषित किया गया है। केंद्र ने कहा कि इन संवेदनशील प्रतिष्ठानों के परिसरों में की गई कुछ गतिविधियों के संबंध में कोई भी जानकारी पर भारत के दुश्मनों की नजर हो सकती है।

सरकारी गोपनीयता अधिनियम लागू करते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, केरल और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में ये संवेदनशील प्रतिष्ठान हैं। अधिसूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार इस बात से संतुष्ट है कि निर्दिष्ट स्थानों पर की गई कुछ गतिविधियों के संबंध में जानकारी एक दुश्मन के लिए उपयोगी होगी। और केंद्र सरकार यह उचित

**▸▸ बिहार, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, केरल और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में हैं ये संवेदनशील प्रतिष्ठान**

मानती है कि ऐसे स्थानों पर अनधिकृत व्यक्तियों की पहुंच को रोकने के लिए विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए।

इसमें कहा गया कि इसलिए, अब सरकारी गोपनीयता अधिनियम, 1923 (1923 का 19) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए केंद्र सरकार निर्दिष्ट स्थानों के बारे में घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम के उद्देश्य के तहत ये निषिद्ध स्थान हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश और बिहार में दो-दो प्रतिष्ठान हैं, जबकि तेलंगाना, छत्तीसगढ़, केरल और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक-एक प्रतिष्ठान हैं।

## सरकार ने दो आतंकी समूहों पर लगाया बैन

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने शुक्रवार को दो समूहों पर प्रतिबंध लगा दिया और विध्वंसक और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए एक व्यक्ति को आतंकवादी घोषित कर दिया। केंद्र ने जम्मू एंड कश्मीर गजनवी फोर्स (जेकेजीएफ) पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसका गठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी संगठनों के आतंकवादियों को लेकर किया गया है। सरकार ने खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) पर भी प्रतिबंध लगा दिया, जिसका उद्देश्य पंजाब में आतंकवाद को पुर्नजीवित करना है। एक अलग अधिसूचना के अनुसार पाकिस्तान में रह रहे और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंडा को आतंकवादी घोषित किया गया है।गृह



मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, जेकेजीएफ जम्मू कश्मीर में घुसपैठ प्रयासों, मादक पदार्थों एवं हथियारों की तस्करी, आतंकवादी हमले करने और सुरक्षाबलों को नियमित रूप से धमकियां देने मे शामिल रहा है।यह संगठन भारत के विरूद्ध आतंकवादी संगठनों से जुड़ने के लिए जम्मू कश्मीर के लोगों को उकसाने के वास्ते सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल भी करता रहा है।

# शिंदे गुट को मिला तीर-धनुष

## आयोग ने एकनाथ शिंदे धड़े को असली शिवसेना के रूप में दी मान्यता

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने एकनाथ शिंदे नीत धड़े को असली शिवसेना के रूप में शुक्रवार को मान्यता दी और उसे तीर-कमानह्व चुनाव चिह्न आवंटित करने का आदेश दिया।पार्टी पर नियंत्रण के लिए चली लंबी लड़ाई के बाद 78 पृष्ठों के अपने आदेश में, आयोग ने उद्धव ठाकरे गुट को राज्य में विधानसभा उपचुनावों के पूरा होने तक मशालचुनाव चिह्न रखने की अनुमति दी। आयोग ने कहा कि वर्ष 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना के 55 विजयी उम्मीदवारों में से एकनाथ शिंदे का समर्थन करने वाले विधायकों के पक्ष में लगभग 76 फीसदी मत पड़े।

महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना के विजयी उम्मीदवारों के पक्ष में मिले मतों से 23.5 प्रतिशत मत उद्धव ठाकरे धड़े के विधायकों को मिले थे।

इधर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा

**भाजपा के साथ हमारी सरकार वैधानिक रूप से बनी है : सीएम**

कि उनकी पार्टी न्यायपालिका में भरोसा करती है और उम्मीद जताई कि उच्चतम न्यायालय 2022 के महाराष्ट्र राजनीतिक संकट से संबंधित मामले में अपना फैसला गुण-दोष के आधार पर करेगा। हालांकि, शिवसेना (उद्धव बाल ठाकरे - यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी असली शिवसेना है और उच्चतम न्यायालय जब 21 फरवरी को मामले में सुनवाई करेगा तो सच्चाई की जीत होगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने पीठ को भेजने से किया इनकार :** उच्चतम न्यायालय ने शिवसेना के दो धड़े बनने के बाद महाराष्ट्र में जून 2022 में पैदा हुए सियासी संकट संबंधी याचिकाओं को 2016 के नबाम रेबिया फैसले की समीक्षा के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ को भेजने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि 21 फरवरी को इस बात पर गुण-दोष के आधार पर विचार किया जाएगा कि विधायकों को अयोग्य ठहराने संबंधी विधानसभा अध्यक्ष की शक्तियों पर 2016 के फैसले में संदर्भ की आवश्यकता है या नहीं।



**बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा की जीत :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग द्वारा उनके धड़े को वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता दिए जाने के फैसले को बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा की जीत बताया। उन्होंने आयोग के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मैं निर्वाचन आयोग को धन्यवाद देता हूं। लोकतंत्र में बहुमत का महत्व होता है। शिंदे ने कहा कि यह बालासाहेब की विरासत की जीत है। हमारी शिवसेना वास्तविक है।

**शिंदे ने बदला प्रोफाइल फोटो**
मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ट्विटर पर अपनी प्रोफाइल फोटो अपडेट की और तस्वीर के रूप में शिवसेना के 'धनुष-तीर' का चिह्न लगाया।

## प्रख्यात भाषाविद् महेंद्र मिश्रा को मिलेगा यूनेस्को का पुरस्कार

**भवानीपटना (ओडिशा)।** ओडिशा के प्रख्यात भाषाविद् और लोकगीतकार महेंद्र कुमार मिश्रा को भारत में मातृभाषा को बढ़ावा देने के वास्ते उनकी आजीवन सेवा के लिए यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा पुरस्कार 2023 के लिए नामित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा संस्थान (आईएमएलआई), ढाका के महानिदेशक प्रोफेसर हकीम आरिफ ने मिश्रा को भेजी एक संदेश में उन्हें पुरस्कार समारोह में आमंत्रित किया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 21 फरवरी को औपचारिक रूप से संस्थान में मिश्रा को पदक प्रदान करेंगी। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2000 में 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस घोषित किया था।भाषा आंदोलन दिवस, जिसे भाषा शहीद दिवस भी कहा जाता है, 21 फरवरी को पूर्वी पाकिस्तान के भाषा को लेकर शहीद हुए लोगों की याद में बांग्लादेश में मनाया जाता है। इन लोगों ने उर्दू को थोपने के खिलाफ लड़ाई लड़ी और बांग्लादेश के स्वतंत्र देश बनने से लगभग दो दशक पहले अपनी आधिकारिक भाषा के रूप में बांग्ला को स्थापित किया। स्कूली शिक्षा में लुप्तप्राय भाषाओं को बढ़ावा देने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान था और स्कूली पाठ्यक्रम में लोकगीतों का उपयोग करने के उनके परीक्षण को ओडिशा और छत्तीसगढ़ के प्राथमिक विद्यालयों में व्यापक रूप से लागू किया गया है। भाषाविद् को 1999 में ओडिशा साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था।



## वाणिज्य की खबरें

### भारतीय मूल के नील मोहन होंगे यूट्यूब के नए सीइओ



**नयी दिल्ली।** भारतीय मूल के नील मोहन दुनिया के सबसे बड़े वीडियो शेयरिंग मंच यूट्यूब के अगले मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) होंगे। इसके साथ ही अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष पद पर भारतीय मूल का एक और शख्स काबिज हो जाएगा। यूट्यूब का स्वामित्व रखने वाली कंपनी गूगल के सीईओ के पद पर भी भारतीय मूल के सुंदर पिचाई ही हैं। माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला, आईबीएम के प्रमुख अरविंद कृष्ण और एबोड के प्रमुख शांतनु नारायण के भी संबंध भारत से जुड़े हुए हैं। वर्ष 2008 में गूगल से जुड़ने वाले मोहन को वर्ष 2015 में यूट्यूब का मुख्य उत्पाद अधिकारी नियुक्त किया गया था। इस पद पर रहते हुए वह यूट्यूब मंच पर शॉर्ट्स, म्यूजिक और ग्राहकी की पेशकश लेकर आए। गूगल से पहले वह करीब छह वर्षों तक डबलक्लिक से जुड़े हुए थे लेकिन वर्ष 2008 में गूगल ने उसका अधिग्रहण कर लिया। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी से स्नातक होने के बाद उन्होंने विज्ञापन एवं उत्पाद क्षेत्र में अपना करियर शुरू किया था। यूट्यूब की कमान मोहन के हाथ में आने के साथ ही दुनिया की एक और दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी भारतीय मूल के शख्स के नेतृत्व में आ जाएगी। नोकिया इंक के सीईओ राजीव सूरी और मास्टरकार्ड के सीईओ अजयपाल सिंह बंगा का भी जन्म और शुरूआती पालन-पोषण भारत में ही हुआ था।

### समुद्र में महत्वपूर्ण खनिजों के भंडार की तलाश में जुटी सरकार

**नयी दिल्ली।** खान मंत्रालय में सचिव विवेक भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि सरकार निकेल जैसे खनिजों के भंडार की समुद्री क्षेत्र में तलाश में जुटी हुई है और आगे चलकर इन भंडारों की बिक्री भी की जाएगी। खान मंत्रालय ने अपतटीय क्षेत्र खनिज विकास एवं नियमन अधिनियम, 2002 में संशोधन के लिए हितधारकों से इस पर राय मांगी है। भारद्वाज ने यहां उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों के अधिक महत्वपूर्ण होते जाने से ऐसी सोच ने जन्म लिया है कि हम समुद्री क्षेत्र में इनका खनन क्यों नहीं कर रहे। दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम समुद्री खनिज का खनन नहीं कर पा रहे हैं। अब हम इस कानून को संशोधित कर रहे हैं और इस बारे में सभी हितधारक अपनी राय दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि खान मंत्रालय समुद्री इलाके में महत्वपूर्ण खनिजों को चिह्नित करने की प्रक्रिया में लगा हुआ है। इस प्रक्रिया में किसी अन्य पक्ष के हितधारक नहीं होने से सरकार इस खनिज भंडार की नीलामी करेगी।

### गेल अमेरिकी एलएनजी परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी

**नयी दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल अमेरिकी एलएनजी परियोजना में 26 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने पर विचार कर रही है। कंपनी ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आपूर्ति के स्रोत बढ़ाने के मद्देनजर यह फैसला किया। यूक्रेन पर आक्रमण के कारण मास्को पर पश्चिमी प्रतिबंधों के चलते गेल (इंडिया) लिमिटेड पिछले साल रूस के स्वामित्व वाली गाजप्रोम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग (जीएमटीएस) से अनुबंधित एलएनजी नहीं पा सकी थी। जिसके बाद उनकी आपूर्ति बाधित हुई। कंपनी ने अमेरिका स्थित तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) द्रवीकरण संयंत्रों से अभिरुचि पत्र (ईओआई) मांगने के लिए एक निविदा जारी की है। ईओआई जमा करने की अंतिम तारीख 10 मार्च है।

### शेयर बाजार : सेंसेक्स 317 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले तीन दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 317 अंक टूट गया। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच वित्तीय और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 316.94 अंक यानी 0.52 प्रतिशत गिरावट के साथ 61,002.57 अंक पर बंद हुआ।

### विदेशी मुद्रा 8.32 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 8.319 अरब डॉलर घटकर 566.948 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आई है। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर की गिरावट आई थी।गौरतलब है कि अक्टूबर, 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा था।

## ऑपरेशन गंगा ने दिखायी दुनिया को तिरंगे की ताकत : ठाकुर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत अब संकट में दूसरे देशों की ओर मुंह ताकने वाला देश नहीं रहा बल्कि वह अब अन्य देशों की मदद करने वाली ताकत बन गया है।

श्री ठाकुर ने शुक्रवार शाम अपने आवास पर ऑपरेशन गंगा नामक किताब का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक क्षमताओं में प्रभावी वृद्धि हुई है और आज हम विश्व से मदद नहीं मांगते बल्कि बाकी देश संकट में हमारी ओर देखते हैं। ऑपरेशन गंगा ने दुनिया को तिरंगे की ताकत दिखा दी है। ऑपरेशन गंगा, कोरोना काल एवं अफगानिस्तान संकट में वहां फँसे सभी भारतीयों को बिना किसी खरोंच के हम भारत वापस लाये। सिर्फ भारतीयों की हीं नहीं हमने अन्य देशों की भी मदद की। यूक्रेन में फंसे 18 देशों के 147 नागरिकों को भी हमने बचाया। श्री ठाकुर ने कहा कि ऑपरेशन गंगा के लिए

**मोदी के नेतृत्व में भारत अब संकट में दूसरे देशों की ओर मुंह ताकने वाला नहीं, अन्य देशों की मदद करने वाली ताकत बन गया**



17 दिनों में 90 से ज्यादा उड़ानों की व्यवस्था की गयी। श्री मोदी ने मंत्रिमंडल के चार मंत्रियों को विशेष दूत बनाकर रूस-यूक्रेन से लगे देशों की सीमाओं पर भेजा। पोलैंड, स्लोवाकिया, रोमानिया, माल्डोवा, हंगरी इत्यादि देशों में हमारे मंत्रियों ने स्थानीय अधिकारियों से तालमेल कर छात्रों के लिए फैसिलिटेशन सेंटर उपलब्ध कराये। हमारे मंत्री वहां तब तक रुके जबतक हमारे सभी बच्चे सकुशल वापस ना आ गए। केंद्रीय मंत्री ने ऑपरेशन गंगा में भारतीय वायु सेना द्वारा चलाये गए 13 विशेष मिशनों का भी जिक्र किया।

## कराची में पुलिस मुख्यालय पर आतंकवादियों ने किया हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची में पुलिस मुख्यालय पर शुक्रवार को हुआ आतंकी हमला। शरिया फैसल स्थित पुलिस मुख्यालय पर आतंकियों ने गोलियां चलाईं।जियो न्यूज के मुताबिक, पुलिस कार्यालय के अंदर कम से कम 8-10 आतंकियों ने गोलियां चलाई, जिसको सुरक्षाबलों ने जवाब दिया। सिंध की प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता मुर्तजा वहाब ने कहा कि हथियारबंद लोगों ने शुक्रवार को दक्षिणी पाकिस्तानी शहर कराची में पुलिस स्टेशन पर हमला किया। प्रवक्ता ने बताया कि वह फिलहाल और अधिक जानकारी नहीं दे सकते हैं।स्थानीय मीडिया ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने पुलिस स्टेशन पर हमला किया और शहर के मुख्य मार्ग के पास स्थित परिसर के बाहर भारी गोलीबारी और कुछ विस्फोट की आवाज सुनाई दी थी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि आठ से 10 हमलावर थे।शुरूआती जानकारी के अनुसार, किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन पुलिस प्रमुख जावेद आलम ओधो ने कहा कि पुलिस और अर्धसैनिक बल जवाब दे रहे हैं।

## डिफेंस कॉरिडोर में बनी तोपें जब गरजेंगी पाक अपने आप गायब हो जायेगा : योगी

**बांदा में कालिंजर महोत्सव का उत्तर प्रदेश के सीएम ने किया उद्घाटन**

**लखनऊ/बांदा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बुंदेलखंड में विकास की परियोजनाओं और सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि डिफेंस कॉरिडोर में बनी तोपें जब गरजेंगी, पाकिस्तान अपने आप गायब हो जाएगा।शुक्रवार को बांदा में कालिंजर महोत्सव की शुरूआत करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुंदेलखंड को विकास की धुरी से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का निर्माण किया गया, जिसने दिल्ली समेत प्रदेश की राजधानी लखनऊ की दूरी कम कर दी। उन्होंने कहा कि आप चित्रकूट से महज साढ़े पांच घंटे में दिल्ली का रास्ता तय कर सकते हैं। योगी ने कहा कि चित्रकूट में हवाई अड्डा बनने जा रहा है, वहीं जहां पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे समाप्त हो रहा है, वहां से चित्रकूट तक रक्षा उत्पादन की अनेक इकाइयों को लेकर डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण की कार्यवाही चल रही है, जहां पर बनीं तोपें जब गरजेंगी तो पाकिस्तान अपने आप ही गायब हो जाएगा। पर्यटन



की संभावनाओं की चर्चा करते हुए योगी ने कहा कि बुंदेलखंड के सभी किलों को जोड़ने के लिए प्रशासन और पर्यटन विभाग बैठक करे। पर्यटन विभाग इन किलों में होटल के संचालन की तैयारी करें और पर्यटन विकास की संभावनाओं को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि हमारी इच्छा है कि यहां के जो किले जर्जर अवस्था की ओर जा रहे हैं, उनका पुनरुद्धार हो। पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि क्या यह काम पहले नहीं हो सकता था, लेकिन परिवार और जातिवादी लोग इस सोच के साथ कार्य नहीं कर सकते थे। इनके लिए अपना परिवार ही सब कुछ था, इनको बुंदेलखंड, प्रदेश, गरीब, गांव, किसान, महिलाओं और युवाओं से कोई मतलब नहीं था।


# फिल्म का नमामि नमामि गाना रिलीज

**नयी दिल्ली।** अंडरवर्ल्ड का कब्जा' फिल्म के निमार्ताओं ने शुक्रवार को इस फिल्म का गाना नमामि नमामि रिलीज किया। इस फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसको देखने के लिए दर्शक उत्साहित हैं। अंडरवर्ल्ड का कब्जा का नमामि नमामि गीत के बोल दीपक भारती ने लिखे हैं और ऐश्वर्या रंगराजन ने इस गीत को अपनी आवाज दी है, जबकि धुन रवि बसरूर ने दी है जो भगवान शिव के प्रति प्यार और स्नेह के लिए समर्पित है। यह गीत अमरपुरा प्रांत की संस्कृति पर जोर देता है और नमामि नमामी में यह भी दिखाया गया है कि अभिनेत्री श्रिया सरन नटराज (शिव) की पूजा कैसे करती हैं? अंडरवर्ल्ड का कब्जा माफिया की दुनिया और अंडरवर्ल्ड में अरकेश्वर की यात्रा की कहानी



है। फिल्म में श्रिया सरन, उपेंद्र और किच्चा सुदीपा प्रमुख भूमिकाओं में हैं और यह 17 मार्च को कन्नड़, हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म का निर्माण सिद्धेश्वर एंटरप्राइज और अलंकार पांडियन के सहयोग से आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स द्वारा किया गया है।

## सोनू सूद ने वर्कआउट का वीडियो शेयर किया



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया है।सोनु सूद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह जिम में पसीना बहाते हुए दिखाई दें रहे हैं। सोनू अपने एब्स पर कड़ी मेहनत करते हुए नजर आ रहे हैं।

## ईशा महाशिवरात्रि समारोह में आज हिस्सा लेंगी राष्ट्रपति

**बेंगलुरू।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 फरवरी को कोयंबटूर में ईशा योग केंद्र में महाशिवरात्रि समारोह में शामिल होंगी।राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू की तमिलनाडु की यह पहली यात्रा होगी। ईशा फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, कोयंबटूर में वृहद समारोह में राष्ट्रपति की शिरकत को सुगम बनाने के लिये विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यह समारोह 18 फरवरी को शाम 6 बजे शुरू होगा और सुबह 6 बजे तक चलेगा। इस दौरान सदगुरू जग्गी वासुदेव उपस्थित रहेंगे। महाशिवरात्रि समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग आनलाइन माध्यम से 16 भाषाओं में की जायेगी। इसके अलावा अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी, तेलुगू,कन्नड़, मराठी सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में महत्वपूर्ण टेलीविजन नेटवर्क पर इसका प्रसारण होगा।

